फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 76 संख्याः 86 प्रभात जयपुर, मंगलवार, 28 अक्टूबर, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBiT



When Cars Were Rare, Two US Women Explored India In One

Margarita Grace Phipps and Harriet White Fisher drove through India years apart, but their perceptions of the country were not very different

"What kind of intelligence are you gathering?"

Did You Hear Of The Black Diamond Apple?

# अमेरिका के विदेश सचिव रूबियो ने ढूँढ कर एस. जयशंकर से मुलाकात की और बहुत मीठी-मीठी बातें कीं

## रूबियो के इस प्रयास से भारत का विदेश मंत्रालय अचंभित, पर खुश भी है

- रूबियो ने अपनी मीठी बातों से ट्रंप की तल्खियों को बैलेंस करने का प्रयास किया।
- भारत में यह धारणा जोर पकड़ती जा रही थी कि ट्रंप भारत से संबंधों को तत्कालिक आर्थिक लाभ के चश्मे से देखते हैं, न कि दीर्घकालिन स्थाई आर्थिक लाभ दृष्टि से।
- कुछ समय पूर्व तक 65 प्रतिशत भारतीय जनता अमेरिका से मैत्रीपूर्ण संबंध रखना चाहती थी जो 2023 में 50 प्रतिशत रह गई।
- भारत का विदेश मंत्रालय रूबियो के प्रयास से इसलिए भी प्रसन्न है, क्योंकि इस प्रयास से यह स्थापित हो गया कि वॉशिंगटन से भारत की मित्रता ऑटोमैटिक नहीं हैं, बल्कि यह रिश्ता भारत के आर्थिक हित व स्वायत्तता के आदर पर ही स्थापित हो सकता है।

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर। कुछ दिन पहले 48 वें आसियान शिखर सम्मेलन के दौरान कुआलालंपुर में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से हुई मुलाकात ने कूटनीतिक हलकों से कहीं आगे तक ध्यान खींचा है। यह भेंट भले ही एक शिष्टाचार भेंट प्रतीत होती है, लेकिन इसके पीछे यह गहरा संदेश छिपा है कि डॉनल्ड ट्रंप की तीखी बयानबाजी और टैरिफ की धमकियों के बावजूद, वाशिंगटन नई दिल्ली को एक रणनीतिक साझेदार के रुप में महत्व देता है। भारत के लिए, यह मुलाकात इरादों की परीक्षा थीः क्या ट्रंप का अमेरिका अब भी एक विश्वसनीय मित्र है, या फिर हितों को तोलने वाला लेन-देन आधारित साझेदार?

एक प्रमुख रिपब्लिकन नेता और ट्रंप के सबसे करीबी सीनेट सहयोगियों में से एक, रुबियो, चीन के खिलाफ सख़्त रुख और इण्डो- पैसिफिक साझेदारी को मजबूत करने के समर्थक रहे हैं। जयशंकर के साथ उनकी यह भेंट, शांत कूटनीति, ट्रंप की आक्रामक शैली और संस्थागत स्थिरता के बीच संतुलन बनाने की कोशिश थी। भारत के लिए द्विदलीय समर्थन को रेखांकित करके, रुबियो का उद्देश्य था, इस वर्ष की शुरुआत में अमेरिका द्वारा भारतीय इस्पात और दवा कंपनियों पर नए टैरिफ लगाए जाने के बाद नई दिल्ली के नीतिगत हलकों में उभरी आशंकाओं को शांत करना।

समय महत्वपूर्ण था। भारत में जनता की भावना, जो कभी अमेरिका के प्रति अत्यधिक सकारात्मक थी, अब फिसलने लगी है। सर्वेक्षणों के अनुसार, 2023 में जहाँ 65 प्रतिशत भारतीय अमेरिका के प्रति सकारात्मक रुख रखते थे, वहीं 2025 के मध्य में यह आंकड़ा बमुश्किल 50 प्रतिशत रह गया और यह धारणा बढ़ती जा रही है कि वाशिंगटन का "अमेरिका फ़र्स्ट" व्यापार एजेंडा भारत जैसे साझेदारों को दरकिनार कर रहा है। व्यापक चिंता यह है कि ट्रम्प 2.0 में अमेरिका अपने सहयोगियों को दीर्घकालिक रणनीतिक विश्वास के बजाय, मुख्य रूप से अल्पकालिक आर्थिक लाभ के नज़रिए से देख रहा है।

इस प्रकार, रुबियो का हस्तक्षेप इसलिए भी अहम था, क्योंकि उन्होंने भारत-अमेरिका साझेदारी के स्तंभों- प्रौद्योगिकी सहयोग, रक्षा सहयोग और लोकतांत्रिक मूल्यों को दोहराया। उन्होंने कथित तौर पर सेमीकंडक्टर निवेश के विस्तार, संयुक्त रक्षा उत्पादन और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं पर चर्चा की, जो ग्लोबल मैनुफैक्चरिंग में चीन के विकल्प के रूप में उभरने की भारत की महत्वाकांक्षा के अनुरूप हैं। नई दिल्ली के लिए, ये प्रतिबद्धताएँ मायने रखती हैंः ये संकेत देती हैं कि अमेरिका के साथ संबंध सिर्फ़ एक बैलेंस-शीट गणना से कहीं बढ़कर हैं।

फिर भी, ये प्रतीकात्मकता इस विषमता को छिपा नहीं सकती। हालाँकि अमेरिका अपनी हिंद-प्रशांत रणनीति में भारत को एक महत्वपूर्ण साझेदार मानता है, फिर भी उसने व्यापार बाधाओं, डेटा स्थानीयकरण और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## स्वदेशी सर्वेक्षण पोत नौसेना में शामिल होगा

नयी दिल्ली, 27 अक्टूबर। देश में ही निर्मित सर्वेक्षण पोत इक्षक को अगले महीने कोच्चि नौसैनिक बेस में नौसेना के बेड़े में शामिल किया जायेगा। नौसेना के प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि इस पोत को 6 नवम्बर को नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में नौसेना में शामिल किया जायेगा।

इक्षक नौसेना में शामिल किये जाने वाला अपनी श्रेणी का तीसरा पोत है और यह उन्नत, अत्याधुनिक प्लेटफार्मों के

- कोच्चि नौसेना बेस पर नौसेना प्रमुख की उपस्थिति में 6 नवम्बर को 'इक्षक' को बेडे में शामिल किया जायेगा।

निर्माण के प्रति नौसेना की दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। साथ ही इससे क्षमता संवर्धन और आत्मनिर्भरता की गति को आगे बढ़ाते हुए स्वदेशी जल सर्वेक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्टता में एक नया मार्ग प्रशस्त हुआ है।

गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) लिमिटेड, कोलकाता द्वारा निर्मित पोत इक्षक में 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है। यह पोत जीआरएसई और भारतीय एमएसएमई के बीच सफल सहयोग का प्रमाण है, जो आत्मनिर्भर भारत की भावना और शक्ति को गर्व से दर्शाता है।

जल सर्वेक्षण कार्यों की प्राथमिक भूमिका के अलावा इसे दोहरी भूमिका

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'अगर जनरल लड़ाई छोड़ भागे तो सेना कब तक टिकी रह सकती है?'

## प्रशांत किशोर की स्वयं चुनाव न लड़ने की घोषणा के बाद उनकी पार्टी साइड लाइन्ड सी हो गई है बिहार चुनावों में

- शायद यह भांपते हुए, प्रशांत किशोर ने यह टिप्पणी की है कि चुनाव के बाद या तो वे अर्श पे होंगे या फिर फर्श पर।
- कांग्रेस भी कुछ नाखुश सी लगती है, तभी पटना में मंगलवार को तेजस्वी यादव द्वारा जारी होने वाले महागठबंधन के घोषणा पत्र के समारोह में न तो राहुल गांधी होंगे और न ही मल्लिकार्जुन खड़गे।
- भाजपा भी कुछ मायूस सी है कि अब तक प्रधानमंत्री के पूरे शासनकाल में पार्टी अपने किसी नेता को मुख्यमंत्री नहीं बनवा सकी।
- भाजपा को आशा है कि इस बार उसकी इस आकांक्षा की पूर्ति होगी।

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर। भारी उतार चढ़ाव का सामना कर रहे बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचार जोरों पर है और चुनावों में सीधे मुकाबले के आसार प्रबल हो रहे हैं। तेज़ी से हो रही उथल-पुथल एनडीए और महागठबंधन के बीच सीधी टक्कर की ओर बढ़ रही है।

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि प्रशांत किशोर का बहुचर्चित तीसरा पहिया धीरे-धीरे हाशिये पर जा रहा है।

माना जा रहा है कि जिस दिन प्रशांत किशोर ने खुद चुनाव न लड़ने की घोषणा की, उसी दिन उनका चुनावी दांव उल्टा पड़ गया। इसके बाद यह आरोप लगने लगे कि अगर जनरल मैदान छोड़ दें, तो क्या सेना उनके पीछे आ सकती है?

प्रशांत किशोर पहले ही कह चुके थे कि या तो वह पहले होंगे या आखिरी। अर्श पे या फ़र्श पे।

महागठबंधन का चुनावी घोषणापत्र कल जारी होगा, लेकिन दिलचस्प बात यह है कि तेजस्वी यादव के साथ न तो राहुल गांधी और न ही मल्लिकार्जुन खड़गे मौजूद होंगे। राहुल गांधी के खास माने जाने वाले के.सी. वेणुगोपाल पटना में हैं और उनके पार्टी का प्रतिनिधित्व करने की संभावना है।

राहुल गांधी 28 अक्टूबर को तेजस्वी यादव के साथ बिहार में तीन जनसभाएँ करेंगे और उसके बाद प्रियंका गांधी के साथ राहुल की सभा के लिए कुछ और दिन निर्धारित किए गए हैं।

चुनाव के बाद अगर महागठबंधन सत्ता में आता है, तो कांग्रेस का एक उपमुख्यमंत्री होगा, लेकिन इसकी घोषणा अभी नहीं की गई है। वे सहनी को उपमुख्यमंत्री बनाने पर इसलिए सहमत हुए क्योंकि वे कम सीटों पर चुनाव लड़ने को तैयार थे। सहनी की वीआईपी पार्टी का कई इलाकों में अच्छा-खासा प्रभाव है और उनके गठबंधन में शामिल होने से महागठबंधन को फायदा होने की संभावना है।

भाजपा ने मुख्यमंत्रियों, केन्द्रीय मंत्रियों और अन्य लोगों को बिहार में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आखिर बिहार चुनाव प्रचार से क्यों दूर हैं राहुल

## राहुल ने आखिरी बार एक सितम्बर को बिहार में सभा की थी, उसके बाद से वे बिहार नहीं गए हैं

- यहाँ तक कि महागठबंधन का घोषणा पत्र मंगलवार को जारी किया जा रहा है, पर, उसमें भी राहुल उपस्थित नहीं हो रहे हैं।
- चर्चा है कि राहुल एक तो प्रदेश कांग्रेस के नेतृत्व से नाराज़ हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि पार्टी लालू यादव से सीटों के लिए सही तरीके से सौदेबाजी नहीं कर पाई।
- इसके अलावा तेजस्वी को मुख्यमंत्री पद का प्रत्याशी घोषित किए जाने के कारण, राहुल बिहार में दूसरे दर्जे की भूमिका निभाना नहीं चाहते हैं।

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर। राहुल गांधी को बिहार में आखिरी बार 1 सितम्बर को देखा गया था, जब उन्होंने अपनी 'वोटर अधिकार यात्रा' की समापन रैली को संबोधित किया था। इसलिए सवाल यह उठता है कि आखिर क्या कारण है कि वे चुनावी राज्य बिहार में इतने लंबे समय से अनुपस्थित हैं? क्या उनका अनुपस्थित रहना महागठबंधन की इस रणनीति का हिस्सा है, कि राहुल बनाम मोदी का मुद्दा मुख्य रुप से सामने न आए? क्या इसका कारण यह है कि राहुल राज्य पार्टी नेतृत्व से नाखुश हैं, क्योंकि वह आरजेडी के साथ सीटों के बंटवारे पर दृढ़ता नहीं दिखा सका? या फिर क्या ऐसा इसलिए है कि तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के रुप में नामित किए जाने के बाद, वह नहीं चाहते कि उन्हें आरजेडी नेता के सामने दूसरे नम्बर के नेता के रुप में देखा जाए?

सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और पार्टी के कई अन्य नेता जल्द ही बिहार का दौरा करेंगे और 6 नवम्बर को प्रचार अभियान के समापन से कुछ दिन पहले एक जोरदार प्रचार करेंगे। संकेत मिल रहे हैं कि राहुल 2 नवम्बर को बिहार पहुंचेंगे और पहले चरण में खगड़िया और सीमांचल क्षेत्र के अन्य स्थानों पर रैलियों को संबोधित करेंगे। हालांकि, सवाल यह भी है कि कांग्रेस के लिए यह बहुत देर से की गई कोशिश तो साबित नहीं होगी?

शीर्ष भाजपा नेताओं में नरेन्द्र मोदी, अमित शाह और योगी आदित्यनाथ पहले ही प्रचार में जुट चुके हैं, और यहां

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## प्रधानमंत्री ने छठ पूजा की शुभकामनायें दी

नयी दिल्ली, 27 अक्टूबर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को देशवासियों को छठ पूजा के पहले अर्ध्य के मौके पर शुभकामनाएं दीं।

मोदी ने इस अवसर पर अपने एक्स पोस्ट पर कविता पोडवाल द्वारा गाया हुआ छठी मैया को समर्पित भक्ति गीत भी साझा किया।

- उन्होंने कविता पोडवाल का छठी मैया का भक्ति गीत एक्स पोस्ट पर साझा किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर अपने एक पोस्ट में लिखा, "देश भर के अपने परिवारजनों को महापर्व छठ के संध्या अर्ध्य की अनंत शुभकामनाएं।

इस पावन अवसर पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्ध्य अर्पित करने की हमारी परंपरा बहुत विशिष्ट है।

सूर्यदेव की कृपा से सबका कल्याण हो, सबको जीवन में सुख-संपदा और सफलता की प्राप्ति हो, यही कामना है। जय छठी मइया!"

# भारत-अमेरिका ट्रेड वार्ता ब्रेकथ्रू निर्णायक दौर में पहुँची

## ट्रंप द्वारा रूस की ऑयल कंपनियों से कारोबार करने वाले बैंकों को प्रतिबंधित करने से धीरे-धीरे सभी देशों ने अन्यत्र रास्ता खोज लिया

- भारत ने भी मिडिल ईस्ट, लैटिन अमेरिकी कंपनियों से तेल खरीद शुरु कर दी, जिससे अमेरिका ने भारत पर लगाये रेसिप्रोकल टैरिफ हटाने का इरादा दिखाया।
- इस घटनाक्रम से भारत-अमेरिका ट्रेड, लाईन पर आना शुरु हो गया है।
- भारत के चीफ इकोनॉमिक एडवाइज़र ने कलकत्ता में पत्रकारों से बात करते हुए संकेत दिए।

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर। कहा जा रहा है कि भारत और अमेरिका एक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने के करीब हैं। इस समझौते के तहत, भारत से अमेरिका जाने वाले निर्यात पर लगाए गए "रैसिप्रोकल टैरिफ" हटाए जा सकते हैं।

रूसी तेल की खरीद के लिए भारत पर लगाए गए भेदभावपूर्ण शुल्क को भी इस दौर की व्यापार वार्ता में शामिल किया गया है और संभावना है कि इसे भी वापस लिया जा सकता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने पर भारत पर एक विशेष दंडात्मक शुल्क लगाया था। उन्होंने रूस के साथ ऐसे तेल व्यापार में लेन-देन की सुविधा प्रदान करने वाले बैंकों और वित्तीय कंपनियों पर भी अतिरिक्त प्रतिबंधों की घोषणा की थी।

इन प्रतिबंधों के बाद, अधिकांश बैंकों ने रूसी तेल कंपनियों के साथ किसी भी तरह के लेन-देन से परहेज़ करना शुरु कर दिया है। ट्रंप ने अपने ताज़ा आदेशों के तहत, रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों, रोसनेफ्ट और लुकोइल पर स्पष्ट रूप से प्रतिबंध लगा दिए हैं।

कई भारतीय कंपनियाँ कथित तौर पर अब मध्य पूर्व, लैटिन अमेरिकी और अमेरिकी कंपनियों से तेल खरीदने पर विचार कर रही हैं, जो रूसी तेल कंपनियों के साथ अपने खरीद समझौते समाप्त कर रही हैं। एक बार जब ये कंपनियाँ रूसी तेल खरीद से दूर हो जाएँगी, तो विशेष दंडात्मक शुल्क हटाया जा सकता है।

यह घटनाक्रम अमेरिका के साथ एक बड़े द्विपक्षीय व्यापार समझौते का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। अमेरिका चाहता है कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार संबंध, नए सिरे से तय किये जाएं, जैसा कि उसने अन्य देशों के साथ किये थे।

भारत ने व्यापार वार्ता शुरु तो की थी, लेकिन उसने अमेरिकी माँगों के आगे घुटने नहीं टेके और अपने व्यापारिक हितों पर डटा रहा। इसके परिणामस्वरूप, अमेरिकी राष्ट्रपति ने मनमाने ढंग से "भारतीय निर्यात पर रैसिप्रोकल टैरिफ" लगा दिए।

अब तक दोनों देशों के बीच पाँच दौर की वार्ताएं हो चुकी हैं, ताकि मतभेद दूर कर एक "फ्रेमवर्क एग्रीमेंट" (रूपरेखा समझौता) तैयार किया जा सके। लेकिन यह प्रयास सफल नहीं हो पाया, क्योंकि दोनों देशों के विचार कई मुद्दों पर अलग-अलग थे, विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में बाज़ार तक पहुँच को लेकर।

जहाँ अमेरिका ने अपने कृषि उत्पादों के लिए अधिक पहुँच की माँग की थी, वहीं भारत ने भारतीय किसानों, खासकर छोटे किसानों, की चिंता के कारण अमेरिकी अनुरोधों को स्वीकार नहीं किया। इसके अलावा, दवाओं और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सीजेआई गवई पर जूता फेंकने वाले के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई नहीं

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वकील राकेश किशोर के खिलाफ चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई के खिलाफ अभद्र व्यवहार के मामले में अपराधी अवमानना की कार्रवाई शुरू करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा

- सुप्रीम कोर्ट ने जूता फेंकने क आरोपी राकेश किशोर के खिलाफ अपराधिक अवमानना की कार्यवाही से इन्कार कर दिया, क्योंकि सीजेआई गवई ने राकेश किशोर को माफ कर दिया है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मुख्यमंत्री की प्रधानमंत्री से भेंट के बाद राजनीतिक सरगर्मियाँ बढ़ीं

## यह माना जा रहा है कि 2028 के चुनावों की रणनीति बनाने के लिए संगठन व सरकार में व्यापक फेरबदल हो सकता है

जयपुर, 27 अक्टूबर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार सुबह विशेष विमान से अचानक दिल्ली पहुंचे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री कार्यालय ने इसे दीवाली के बाद की शिष्टाचार भेंट बताया है, लेकिन राजनीतिक हलकों में इस मुलाकात को लेकर काफी चर्चा हो रही है।

सूत्रों के अनुसार, इस दौरान मंत्रिमंडल विस्तार, राजनीतिक नियुक्तियों और सरकार के कामकाज को लेकर विस्तृत वार्ता हुई। राज्य में पिछले 22 महीनों से सीमित मंत्रियों के साथ सरकार चल रही है, जिससे कई विभागों का कार्यभार बढ़ा हुआ है और प्रशासनिक निर्णयों में देरी भी सामने आ रही है। इसलिए अब जल्द ही मंत्रिमंडल विस्तार की संभावना और मजबूत मानी जा रही है।

बताया गया कि मुखमंत्री ने प्रधानमंत्री को प्रदेश के विकास कार्यों की जानकारी दी और प्रशासनिक चुनौतियों से भी अवगत कराया। इसके साथ ही 10 दिसंबर को आयोजित होने वाले पहले राजस्थानी प्रवासी दिवस का निमंत्रण भी दिया।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और प्रदेश के विकास कार्यों की जानकारी दी व प्रशासनिक चुनौतियों से भी अवगत कराया।*

- मुख्यमंत्री की प्रधानमंत्री से तीन माह में तीसरी मुलाकात है। वे पहले जुलाई और सितम्बर में भी प्रधानमंत्री से मिले थे।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्रधानमंत्री से यह तीन महीनों में तीसरी मुलाकात है। इससे पहले वे जुलाई और सितंबर में भी पीएम मोदी से मिल चुके हैं। लगातार हो रही इन मुलाकातों को लेकर यह कयास भी लगाए जा रहे हैं कि संगठनात्मक स्तर पर भी बड़ा बदलाव हो सकता है।

प्रदेश भाजपा में कई पद लंबे समय से खाली हैं और राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर भी देरी हो रही है। ऐसे में पार्टी के भीतर संतुलन साधते हुए सभी गुटों को प्रतिनिधित्व देने की तैयारी दिखाई दे रही है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि कांग्रेस शासन के बाद मिले बड़े जनादेश को मजबूत दिशा देने और 2028 के विधानसभा चुनावों की रणनीति बनाने के लिए भाजपा संगठन और सरकार में व्यापक फेरबदल हो सकती है।

दिवाली बाद के समय को शुभ समय मानते हुए प्रदेश की राजनीति में अब बड़े फैसलों की राह खुलती दिख रही है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को दी गई अपनी रिपोर्ट में विकास कार्यों की गति और तेज करने की इच्छा जताई है, ताकि जनता के भरोसे पर खरा उतरा जा सके।

प्रधानमंत्री मोदी ने भी मुख्यमंत्री शर्मा को जनसेवा के पथ पर और तेजी से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। अब इस मुलाकात के बाद पूरे प्रदेश की निगाह मंत्रिमंडल विस्तार की तारीख और नए चेहरों की सूची पर टिकी है।

## राम मंदिर परिसर के सभी 15 मंदिरों का निर्माण पूरा

अयोध्या, 27 अक्टूबर। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य मंदिर समेत परकोटे के छह मंदिरों (शिव, गणेश, हनुमान, सूर्य, मां भगवती, मां अन्नपूर्णा और शेषावतार मंदिर) का निर्माण पूरा हो गया है। साथ ही, इन सभी पर ध्वजदंड और कलश भी स्थापित कर दिये गये हैं। परिसर के सभी 15 मंदिर अब पूरी तरह से बनकर तैयार हैं। यह जानकारी श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने दी है।

- श्रीरामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने यह जानकारी दी व कहा कि ध्वजारोहण समारोह के बाद श्रद्धालु सभी मंदिरों में दर्शन कर सकेंगे।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**यदि देश भक्ति का मतलब व्यापक मानव मात्र का हित चिंतन नहीं है तो उसका कोई अर्थ ही नहीं है। –महात्मा गाँधी**

# नोट के बदले वोट, लोकतंत्र पर चोट

लोकतंत्र में सर्वाधिक महत्व नागरिक– मतदाता का होता है । उसी के वोट के आधार पर यह तय होता है कि 5 वर्ष के लिए राज्य अथवा केंद्र में किस दल को बहुमत मिलेगा और किसकी सरकार बनेगी? चुनाव को निष्पक्ष और स्वतंत्र रूप से संपादित करने के लिए चुनाव आयोग का गठन किया गया है। चुनाव प्रक्रिया से संबंधित जनप्रतिनिधित्व कानून 1951 बनाया गया। इस कानून में चुनाव की प्रक्रिया का विस्तृत विवरण दिया गया है। इसमें उम्मीदवारों के लिए व्यय की अधिकतम सीमा लोकसभा के लिए 95 लाख तथा विधानसभा के लिए 40 लाख निर्धारित की गई है। इस कानून की अवहेलना होने पर किसी भी जीते हुए उम्मीदवार का चुनाव न्यायालय द्वारा निरस्त किया जा सकता है।

कानून के अतिरिक्त, चुनाव के दौरान मतदाताओं को प्रलोभन देने या प्रताड़ित करने के प्रकरण कुछ समय पहले तक बहुत अधिक सामने आते थे। कुछ दशक पहले, मतदान के एक दिन पहले शराब, सामग्री और नकद बांटना आम बात थी । ऐसा राजनीतिक दलों द्वारा इस सोच के साथ किया जाता था कि इस प्रकार सामग्री वितरण से मतदाता उनके पक्ष में मतदान करेंगे और वे सत्ता में आएंगे। अनेक बार ऐसा हो भी जाता था, क्योंकि भारतीय मतदाता अधिकांशतया अशिक्षित और निर्धन थे। तब मीडिया भी इतना अधिक जागरूक नहीं था । यह उल्लेखनीय है कि चुनाव खर्च की निर्धारित सीमा में, संबंधित उम्मीदवारों के दलों द्वारा किया गया खर्च सम्मिलित नहीं किया जाता है। इसीलिए चुनाव से पूर्व किया गया बड़ा खर्चा वह होता है जो किसी उम्मीदवार के खाते में तो नहीं जाता, किंतु मतदाताओं को रिझाने के लिए होता है । रैलियों, सभाओं के साथ ही आवश्यकता से अधिक वाहनों का प्रयोग, मतदाताओं को कई प्रकार से प्रलोभन देने का प्रयास, दलों की इसी धनराशि से होता आया है।

कानून के साथ ही, चुनाव प्रचार के दौरान शुचिता और गरिमा बनी रहे ,इसके लिए आदर्श चुनाव संहिता या ''मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट'' बनाया गया। इसका उद्देश्य भाषा की मर्यादा बनाए रखना तथा सत्ता के दुरुपयोग को रोकना था। इस अवधि में सरकार के मंत्री, सांसदों एवं विधायकों पर सरकारी सुविधाओं का उपयोग करने पर भी प्रतिबंध लग जाता है। चुनावों की घोषणा होने के बाद सरकार कोई नीतिगत निर्णय भी नहीं ले सकती है।

चुनाव आयोग पर हाल ही के दिनों में यह आरोप लगते रहे हैं कि वह सत्ता धारी दल पर आदर्श चुनाव संहिता लागू करने में विपक्षी दलों की तुलना में कम सख्ती दिखाता है। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की अनेक शिकायतें चुनाव अधिकारियों को प्राप्त होती हैं जिन पर केवल नोटिस देकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली जाती है। सामान्यत: ये शिकायतें चुनाव होने के बाद फाइलों में दबी रह जाती हैं । संभव है, इसी कारण, राजनीतिक दल एवं उनके नेता आदर्श आचार संहिता को बहुत गंभीरता से नहीं लेते। इस हेतु कोई कानूनी कारवाई भी नहीं की जा सकती क्योंकि आचार संहिता को कानूनी मान्यता प्राप्त नहीं है।

हाल ही के दिनों में, मतदाताओं को प्रलोभन देने का नया तरीका सामने आया है, जो एक प्रकार से मतदाताओं को खरीदने जैसा ही है । इस प्रकार का कार्य वे सभी दल करने में लगे हैं जो सत्ता में हैं । इसके कुछ उदाहरण देने उपयुक्त होंगे।

गत महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के पहले लगभग सभी चुनावी सर्वेक्षण यह बता रहे थे कि महा विकास अगाड़ी, जिसमें कांग्रेस, शिवसेना (उद्धव) और राष्ट्रवादी कांठोस पार्टी (शरद पवार) सम्मिलित थे, को बहुमत मिलेगा।

चुनाव से कुछ दिनों पूर्व महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने 'लाड़की बहिन' योजना की घोषणा कर दी, जिसके अंतर्गत प्रत्येक निराश्रित महिला के खाते में प्रतिमाह 1500 रुपए जमा करा दिए गए। इस कारण, चुनाव से ठीक पहले महिलाओं के खाते में 1500 रुपए जमा हो गए। क्योंकि योजना की घोषणा चुनाव की तिथियां घोषित होने से पूर्व की गई थी, चुनाव आयोग का कोई अधिकार इसे रोकने का नहीं था। यह पैसा सरकारी खजाने से दिया गया जो सारा जनता का पैसा था। इसका असर यह हुआ कि जब चुनाव के परिणाम आए तो सभी सर्वेक्षणों के विपरीत, भाजपा–शिवसेना (शिंदे) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजीत पवार) के गठबंधन महा युति को अच्छी खासी जीत मिली एवं उन्होंने दुबारा सरकार बनाई। इस बात पर किसी ने ध्यान नहीं दिया कि इस योजना के कारण महाराष्ट्र सरकार की वित्तीय स्थिति पर क्या प्रभाव पड़ेगा? सत्ताधारी दल ने जनता के पैसे से प्रलोभन देकर चुनाव अपने पक्ष में कर लिया । सब जानते हैं कि सरकार का धन जनता से ही तो वसूल किया जाता है। इसे मनमाने ढंग से खर्च करना और चुनाव से ठीक पहले किसी वर्ग को 'रिश्वत' देकर अपने पक्ष में करना आदर्श आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है । चूंकि तकनीकी रूप से आदर्श आचार संहिता, चुनाव की घोषणा होने के बाद ही लागू होती है, अत: इसके अंतर्गत सत्ताधारी दल पर कोई कार्यवाही नहीं हो पाती ।

> **बिहार का चुनाव परिणाम यह तय करेगा कि बिहार का मतदाता क्या अपने खाते में एक बार सीधी धनराशि प्राप्त करके संतुष्ट हो जाएगा और इसके आधार पक्ष में मतदान करेगा? प्रशांत किशोर की जन सुराज को छोड़कर शेष सभी दल केवल मतदाताओं को नोट देकर वोट लेने की बात कर रहे हैं । इस प्रक्रिया में हम यह भूल गए कि नोट बांटकर वोट बटोरने का काम लोकतंत्र पर चोट करने वाला है।**

6 और 11 नवंबर को होने वाले बिहार के विधानसभा चुनाव के लिए भी नीतीश के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने यही तरीका अपनाया। बिहार सरकार ने चुनाव की तिथियां घोषित होने से पूर्व मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की घोषणा की जिसके अंतर्गत पहली किश्त में 75 लाख महिलाओं के खाते में 10000 जमा करा दिए गए। इसका उद्देश्य यह बताया गया कि इसके माध्यम से वे स्वरोजगार प्रारंभ करेंगी। इस बात का कोई उत्तर सत्ताधारी दल के पास नहीं है कि इस प्रकार की 'अच्छी योजना' का खयाल सरकार को 20 वर्षों तक क्यों नहीं आया? चुनाव से एक या दो महीने पहले महिलाओं के खाते में पैसा जमा करना, उन्हें रिश्वत देने से किसी प्रकार अलग नहीं है।

वास्तव में यदि बिहार सरकार बेरोजगारी को कम करना चाहती तो वह महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए कई योजनाएं चला सकती थीं, किंतु ऐसा नहीं किया गया। मतदाताओं को पैसे बांटने के काम में कोई दल पीछे नहीं है। सरकार द्वारा चुनाव से ठीक पहले योजना बनाकर सीधा पैसा मतदाताओं के खाते में स्थानांतरित करना तो स्पष्ट रूप से रिश्वत देने के बराबर ही है। जब मतदाताओं को मतदान के एक या दो दिन पहले पैसा बांटने को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए कार्रवाई की जा सकती है, तो फिर सरकार द्वारा मतदान से पूर्व पैसा बांटने वाली योजनाओं पर कोई अंकुश नहीं लगाया जाना, चुनाव की निष्पक्षता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है ।

यह सब पैसा जनता से वसूल किया गया है। इस का अब तक चुनाव आयोग ने संज्ञान नहीं लिया है एवं न ही इस योजना पर कोई रोक लगी है। बिहार की वित्तीय स्थिति वैसे ही अत्यंत खराब है और इस प्रकार अचानक चुनाव से पहले मतदाताओं को पैसा बांटने की योजना बनाना केवल उन्हें प्रलोभन देने के समान ही है। बिहार में बेरोजगारी चरम पर है । बेरोजगारी की भयंकर समस्या के चलते हुए ही बिहार के लाखों युवा देश के अन्य राज्यों में जाकर काम करने के लिए विवश हैं।

बिहार चुनाव में 'जन सुराज' अकेली ऐसी पार्टी है जिसने चुनावी घोषणा पत्र में इस प्रकार धनराशि सीधे मतदाताओं को देने की योजना का जिक्र नहीं किया है। जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने दो सालों तक बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों की निरंतर पदयात्रा की और वहां की समस्याओं को समझने के बाद उन्होंने इसके लिए एक 'रोड मैप' तैयार किया है। वे वहां के मतदाताओं को समझाने के काम में लगे हुए हैं। प्रशांत किशोर वही व्यक्ति हैं जिनके सलाहकार रहते हुए प्रधानमंत्री ने 2014 का चुनाव जीता था तथा नीतीश कुमार ने बिहार के विधानसभा का चुनाव जीता था । इसके अलावा बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को भी जीत दिलाने का इन्हें श्रेय जाता है । इस बात को वह बहुत अच्छी तरह से समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि जब प्रधानमंत्री बहुत बड़ी संख्या में गुजरात एवं अन्य स्थान के लिए बिहार से ट्रेन चलाने की बात करते हैं तो वे भी बिहार के लोगों को अन्य राज्यों में रोजगार के लिए ले जाने का काम करेंगी। वे जनता से प्रश्न करते हैं कि बिहार के लोगों को बाहर जाना ही क्यों पड़ता है?

बिहार का चुनाव परिणाम यह तय करेगा कि बिहार का मतदाता क्या अपने खाते में एक बार सीधी धनराशि प्राप्त करके संतुष्ट हो जाएगा और इसके आधार पक्ष में मतदान करेगा? प्रशांत किशोर की जन सुराज को छोड़कर शेष सभी दल केवल मतदाताओं को नोट देकर वोट लेने की बात कर रहे हैं । इस प्रक्रिया में हम यह भूल गए कि नोट बांटकर वोट बटोरने का काम लोकतंत्र पर चोट करने वाला है। यदि हम चाहते हैं कि लोकतंत्र पर चोट न पहुंचे और वह स्वस्थ रहे तो हमें किसी भी रूप में मतदाताओं को अनावश्यक रूप से लुभाने और सरकारी पैसा उन पर लुटाने की प्रवृत्ति पर रोक लगानी होगी।यदि बिहार चुनाव में मतदाता नोट लेकर के भी नोट बांटने वालों को नकार दे तो ''नोट के बदले वोट'' देने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगेगा और उन्हें सबक भी मिलेगा। ऐसा करके वे लोकतंत्र पर चोट होने से बचा पाएंगे और उसे स्वस्थ रख पाएंगे। लोकतंत्र का भविष्य मतदाताओं की समझ पर ही टिका हुआ है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# शब्दों का अद्‌भुत चितेरा और जयपुर का बेजोड़ नगीना थे ''पियूष पांडे''

## पियूष पांडे ने 2014 के लोकसभा चुनाव में अबकी बार मोदी सरकार चुनावी स्लॉगन भी बनाया था



गोपेन्द्रनाथ भट्ट

भारत के विज्ञापन जगत में शब्दों का अद्भुत चितेरा माने जाने वाले और जयपुर के बेजोड़ नगीनों में से एक पियूष पांडे अब इस दुनिया में नहीं रहे। वे स्वयं पंचतत्व में विलीन होकर दिवँगत पाण्डे उपनाम से ईश्वर के स्लॉगन बन गए। पियूष पांडे की बहन विख्यात गायिका ईला अरुण के अनुसार वे साँस से जुड़ी बीमारी से पीड़ित थे। पद्मश्री अलंकरण से सम्मानित दिवंगत पाण्डे ने सात दशकों की अपनी जीवन यात्रा में दिल को छूने वाले कई अनूठे प्रिण्ट और श्रव्य दृश्य विज्ञापन और स्लॉगन बनाये। उन्होंने 2014 के लोकसभा चुनाव में अबकी बार मोदी सरकार चुनावी स्लॉगन भी बनाया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि वर्षों तक हमारें बीच हुई बातचीत को मैं हमेशा सहेज कर रखूँगा।


जानें क्या दिख जाए के लॉंचिंग के दौरान मेरी उनसें नई दिल्ली के बीकानेर हाऊस में पहलीं बार मुलाक़ात हुई थी। उनकी एक बहन रमा पांडे चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में हमारी पड़ौसी थी। इस सन्दर्भ से उनसे हुए परिचय के दौरान मैंने उनकी रचनात्मक दृष्टि पर खुल कर बातचीत की थी। तब उन्होंने बहुत ही आत्मीयता से कहा था कि ईश्वर ने हम सभी को अपनी–अपनी भूमिका निभाने के लिए धरती पर भेजा है और एक दिन ईश्वर में ही विलीन हो कर हम भी एक स्लॉगन बन जाएँगे। उनके ये शब्द आज मैरे कानों में गूँज कर मुझें भावुक कर रहें है। जानें क्या दिख जाए राजस्थान पर्यटन का प्रसिद्ध विज्ञापन स्लोगन था, जिसे पियूष पांडे ने वसुंधरा राजे के मुख्यमंत्री कार्यकाल (2004–2008) के दौरान तैयार किया था।यह स्लोगन सिर्फ एक पर्यटन नारा नहीं था बल्कि पियूष पाण्डे की राजस्थान की आत्मा और अनदेखे सौंदर्य को दर्शाने वाली एक रचनात्मक दृष्टि थी। उस समय राज्य सरकार ने प्रदेश के पर्यटन को नई पहचान देने के लिए एक व्यापक प्रचार अभियान शुरू किया था। इसके लिए जिस विज्ञापन एजेंसी ओगिल्वी एंड माथर (Ogilvy & Mather) को विज्ञापन बनाने की जिम्मेदारी दी थी। उसके क्रिएटिव हेड पियूष पांडे ही थे। इस अभियान को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया और उन्हें इंडियन आइकॉन ऑफ एडवरटाइजिंग जैसे कई पुरस्कार भी मिले।

राजस्थान की राजधानी गुलाबी नगर जयपुर में जन्में और नौ भाई बहनों के मध्य पले और बड़े हुए पूर्व रणजी क्रिकेटर पियूष पांडे कहते थे कि राजस्थान इतना विविधताओं से भरपूर है कि यहाँ हर बार कुछ नया देखने को मिलता है। इसलिए जानें क्या दिख जाए! स्लॉगन बनाते समय हमने सोचा कि क्यों न लोगों को यह सोचने पर मजबूर किया जाए कि राजस्थान यात्रा के दौरान वहाँ न जानें क्या दिख जाए! उनका मानना था कि विज्ञापन सिर्फ प्रचार नहीं, बल्कि अनुभव की प्रेरणा होना चाहिए। इसलिए उन्होंने राजस्थान को देखने की जगह नहीं, महसूस करने की जगह के रूप में प्रस्तुत किया तथा कहा कि जानें क्या दिख जाए केवल एक स्लोगन नहीं बल्कि यह राजस्थान की आत्मा का गीत और आईना है, जिसे मैंने शब्दों में पिरोया है। उनकी यह रचना आज भी भारतीय पर्यटन अभियानों का एक क्लासिक उदाहरण मानी जाती है जहाँ विज्ञापन कला बन गया और शब्द भावना। भारत में पोलियो–अभियान के सघन प्रचार के लिए दो बूंद ज़िंदगी के जैसे स्लॉगन बनाने में उनका योगदान आज भी याद किया जाता है। भारत सरकार के अतुल्य भारत (Incredible India) अभियान से लेकर राजस्थान के जानें क्या दिख जाए तक पियूष पांडे ने भारत की सांस्कृतिक आत्मा को अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थापित कर उसे एक नई पहचान दी।

वर्ष 1982 में, 27 वर्ष की आयु में, पियूष पांडे ने भारतीय विज्ञापन कंपनी ओगिल्वी एंड माथर इंडिया (Ogilvy & Mather India) में क्लाइंट–सर्विसिंग एक्जीक्यूटिव के रूप में नौकरी प्रारंभ की। विज्ञापन–उद्योग में कदम रखने से पहले उन्होंने कोलकाता में चाय चखने (tea taster) जैसी नौकरियाँ भी की थीं, जहाँ उन्हें जीवन की विविध अनुभव प्राप्त हुए।

विज्ञापन–उद्योग की शुरुआत में यहाँ उनकी उम्मीदें बहुत कम थीं लेकिन उन्होंने हार न मानी और अपनी मेहनत से आगे बढ़े। उनका पहला प्रयास सनलाइट डिटर्जेंट के लिए एक प्रिंट विज्ञापन था, जिसे लिखकर उन्होंने विज्ञापन–क्षेत्र में कदम रखा। पियूष पांडे ने अपनी क्रिएटिव विचार–शैली और अद्वितीय दृष्टिकोण से भारतीय विज्ञापन–उद्योग में एक नया आयाम स्थापित किया। उन्होंने अनेक प्रतिष्ठित ब्रांड्स के लिए यादगार ऑडियो विजुअल विज्ञापन अभियान तैयार किए। भीमसेन जोशी द्वारा गाये गए कालजयी गीत फिर मिले सुर मेरा तुम्हारा के बोल भी पियूष पाण्डे ने ही लिखें थे। उनके अन्य विज्ञापन अभियान जैसे फ़ेविकोल के लिएतोड़ो नही, जोड़ो टैगलाइन विशिष्ट दृश्य–कला से भरें थे। उन्होंने केडबरी डेयरी मिल्क के लिए कुछ खास है जैसे मिठास भरें लोकप्रिय स्लोगन बनाए।

इसी प्रकार एशियन पेंट्स के लिए हर घर कुछ कहता है जैसा सांस्कृतिक कैम्पेन तैयार किया। जानें क्या दिख जाए स्लोगन के चार शब्दों वाले वाक्य ने राजस्थान की अनंत संभावनाओं, रहस्य, संस्कृति, कला, और प्राकृतिक सौंदर्य को एक पंक्ति में बाँध दिया। यह वाक्य हर किसी के मन में एक जिज्ञासा जगाता था और रहस्य पैदा करता था। साथ ही पर्यटकों के भीतर राजस्थान यात्रा की इच्छा जगाता था। यह स्लोगन कहता था राजस्थान आइए, यहाँ हर कदम पर एक नया चमत्कार है। यह सैलानियों के मन में राजस्थान को रहस्यमय और आकर्षक भूमि दोनों रूपों में उभार देने वाली एक अनूठी अनुभूति थी। जानें क्या दिख जाए की खूबसूरती इसकी अनिश्चितता में छिपी थी। यह बताता है कि यात्रा केवल मंज़िल तक पहुँचना नहीं, बल्कि रास्ते में मिलने वाले अनुभवों का आनंद है। इस टेग लाइन के साथ चलाए गए टीवी विज्ञापनों और प्रिंट अभियानों में थार का मरुस्थल, ऊँट की सवारी, लोकगीत और नृत्य, किले–महल और राजस्थान के गांवों की सादगी को दिखाया गया था। इस अभियान ने राजस्थान पर्यटन को नई ऊँचाई दी। साथ ही इससे देशी विदेशी पर्यटकों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई। साथ ही राजस्थान की ब्रांड–इमेज सिर्फ रेगिस्तान तक सीमित नहीं रही, बल्कि उसे संस्कृति, रंग और रोमांच के प्रदेश के रूप में स्थापित किया गया।यह भारत के सबसे सफल राज्य–स्तरीय पर्यटन अभियानों में से एक माना गया।



स्व. पियूष पांडे

इस अभियान को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन अवार्ड्स में भी सराहना मिली और पियूष पांडे की रचनात्मकता को इंडियन आइकॉन ऑफ एडवरटाइजिंग के रूप में स्थापित किया। पियूष पाण्डे की विज्ञापन–कला ने भारतीय उपभोक्ता–संस्कृति से गहरा संबंध बनाया तथा विज्ञापन को सिर्फ उत्पाद बेचने की कला से ऊपर उठकर कहानियों, भाषा–संवेदनाओं एवं स्थानीय भावनाओं से जोड़ा। उनकी इस शैली ने भारत के देशी विज्ञापन और दृश्य को वैश्विक मानचित्र पर प्रतिष्ठित किया। भारतीय विज्ञापन जगत के इस महान क्रिएटिव जीनियस के जाने से भारतीय विज्ञापन–उद्योग ने एक दूरदर्शी क्रिएटर तथा संस्कृति–निर्माता खो दिया है। पियूष पांडे की जीवन यात्रा बताती है कि कैसे एक सामान्य पृष्ठभूमि से निकलकर, दृढ़ संकल्प, क्रिएटिव सोच और भारतीय संस्कृति के प्रति सच्चे निष्ठा से–विज्ञापन जगत में वैश्विक प्रभाव डाला जा सकता है। उनकी कहानियाँ–विज्ञापन सिर्फ बिक्री का माध्यम नहीं, बल्कि संवाद की कला थी।

**गोपेन्द्रनाथ भट्ट,**
**साहित्यकार।**

# राजस्थान के सौर ऊर्जा का सिरमौर बनने में सवाई माधोपुर बना सहभागी

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में कोलाड़ा एवं रामसिंहपुरा में 2.94 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा प्लांट स्थापित - 250 से अधिक कृषक परिवारों को सिंचाई के लिए दिन के समय सौर ऊर्जा आधारित बिजली मिलेगी



सुरेन्द्र कुमार मीणा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी ऊर्जा नीति और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राजस्थान अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में देश का सिरमौर राज्य बन चुका है। प्रधानमंत्री कुसुम योजना के माध्यम से राज्य में सौर ऊर्जा उत्पादन ने नई ऊँचाइयाँ छू ली हैं, जिसमें सवाई माधोपुर जिला भी इस राष्ट्रीय ऊर्जा क्रांति का सशक्त सहभागी बन गया है। जिले के बौंली उपखण्ड स्थित कोलाड़ा 33/11 केवी सब–स्टेशन क्षेत्र में हाल ही में 1.82 मेगावाट क्षमता का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया गया है। यह राज्य का 956वां सौर संयंत्र है, जिससे सवाई माधोपुर जिले की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। राजस्थान ने पीएम–कुसुम योजना के कंपोनेंट–ए एवं कंपोनेंट–सी के अन्तर्गत अब तक 2,000 मेगावाट क्षमता से अधिक के विकेन्द्रित सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर देश में एक नई मिसाल कायम की है। योजना के कंपोनेंट–ए में राजस्थान देश में प्रथम स्थान तथा कंपोनेंट–सी में महाराष्ट्र एवं गुजरात के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है।

इसी क्रम में सवाई माधोपुर सर्किल के रामसिंहपुरा 33/11 केवी सब–स्टेशन क्षेत्र में 1.12 मेगावाट क्षमता का विकेन्द्रित सौर संयंत्र भी प्रारंभ किया गया है, कोलाड़ा एवं रामसिंहपुरा में 2.94 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना से लगभग 250 से अधिक कृषक परिवारों को सिंचाई के लिए दिन के समय सौर ऊर्जा आधारित बिजली उपलब्ध होगी।

सवाई माधोपुर जिले में पीएम–कुसुम योजना के कंपोनेंट ए एवं सी दोनों घटकों में सराहनीय प्रगति हो रही है। सभी संयंत्रों की स्थापना उपरांत किसानों को सिंचाई के लिए दिन में बिजली उपलब्ध हो सकेगी एवं कृषि उत्पादन में भी वृद्धि होगी। वर्तमान में सवाई माधोपुर जिले में कुसुम योजना कंपोनेंट–ए के तहत अब तक कुल 3 मेगावाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र चालू हैं, जबकि अतिरिक्त 3.67 मेगावाट क्षमता के संयंत्रों पर कार्य प्रगति पर है। जिले के सारसोप में 1.42 मेगावाट एवं कोलाड़ा में 2.25 मेगावाट उत्पादन क्षमता के संयंत्रों का स्थापना कार्य अंतिम चरण में है।

किसानों के लिए लाभ का नया सूर्योदय प्रधानमंत्री कुसुम योजना ने देश भर में किसानों के जीवन में नई ऊर्जा का संचार किया है। इस योजना से किसान अब बिजली व डीजल निर्भरता से मुक्त होकर सौर ऊर्जा का उपभोग कर दिन के समय सिंचाई कर रहे हैं। इससे न केवल उत्पादन लागत में कमी आई है, बल्कि अतिरिक्त आय का मार्ग भी खुला है।



ऊर्जा विभाग एवं विद्युत वितरण निगमों द्वारा इस योजना को जमीनी स्तर तक सफलतापूर्वक लागू किया जा रहा है। केंद्र सरकार ने राज्य की उत्कृष्ट प्रगति को देखते हुए कंपोनेंट–ए में वर्ष 2024–25 के लिए 397 मेगावाट और वर्ष 2025–26 के लिए 5000 मेगावाट क्षमता का अतिरिक्त आवंटन दिया है। वहीं कंपोनेंट–सी के लिए दोनों वर्षों में 2 लाख सोलर पंपों की अतिरिक्त क्षमता स्वीकृत की गई है। अब तक केंद्र सरकार राजस्थान को कंपोनेंट–ए में 5500 मेगावाट तथा कंपोनेंट–सी में 4 लाख सोलर पंपों का लक्ष्य आवंटित कर चुकी है।

**कृषि एवं घरेलू विद्युत् कनेक्शनों को नई गति**

राज्य सरकार ने कृषि कनेक्शन नीति–2017 में संशोधन कर यह प्रावधान किया है कि पीएम–कुसुम योजना के तहत स्थापित सौर संयंत्रों से जुड़े फीडरों पर प्राथमिकता के आधार पर तुरंत कृषि कनेक्शन जारी किए जाएंगे। इस निर्णय से सवाई माधोपुर जिले में किसानों को बड़ी राहत मिलेगी। वर्तमान में जिले में 1,590 कृषि कनेक्शन लंबित हैं तथा 480 नए आवेदन प्राप्त हुए हैं। नई नीति के तहत इन आवेदनों के शीघ्र स्वीकृत होने से किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराना संभव होगा।

दीपावली से पूर्व बिजली कनेक्शन जारी करने के लिए चलाया विशेष अभियान के दौरान 1 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक मात्र 20 दिन में सवाई माधोपुर में 501 घरेलू कनेक्शन जारी किए गए।

राजस्थान और सवाई माधोपुर जैसे जिले इस राष्ट्रीय उपलब्धि में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। जिले के कोलाड़ा, रामसिंहपुरा, बोली, मित्रपुरा और बोरखेड़ा जैसे क्षेत्रों में स्थापित विकेन्द्रित सौर संयंत्र न केवल किसानों को दिन में बिजली दे रहे हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, रोजगार सृजन और ग्रामीण समृद्धि की नई कहानी लिख रहे हैं।

**–सुरेन्द्र कुमार मीणा,**
**सहायक जनसम्पर्क अधिकारी,**
**सवाई माधोपुर**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**मंगलवार 28 अक्टूबर, 2025**

कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, षष्ठि तिथि, मंगलेवार, विक्रम संवत 2082, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र दिन 3:45 तक, सुकर्मा योग प्रात: 7:50 तक, तैतिल करण प्रात: 8:00 तक, चन्द्रमा रात्रि 10:15 से मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–तुला, चन्द्रमा–धनु, मंगल–वृश्चिक, बुध–वृश्चिक, गुरू–मिथुन, शुक्र–कन्या, शनि–मीन, राहु–कुम्भ, केतु–सिंह राशि में।

आज रवियोग दिन 3:41 तक है। राजयोग प्रात: 8:00 से दिन 3:45 तक है। त्रिपुष्कर योग दिन 3:45 से सूर्योदय तक है। आज कल्पादि, सूर्य षष्ठि व्रत पूर्ण होगा। आज डाला छठ पर्व पर अस्तगामी सूर्य अर्ध्य दिया जायेगा। आज षष्ठि तिथि में वृद्धि हुई है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:24 से 10:47 तक, लाभ अमृत 10:47 से 1:34 तक, शुभ 2:57 से 4:20 तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:38, सूर्यास्त 5:44 तक

**मेष**
परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा हो सकती है। व्यावसायिक/आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

**वृष**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। परिजनों से अनबन हो सकती है।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। आर्थिक विवादों का निपटारा हो सकता है। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कर्क**
व्यक्तिगत परेशानियां दूर होने लगेगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित परेशानियां दूर होने लगेगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है।

**कन्या**
परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखें। आज अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को मानसिक तनाव रहेगा। धार्मिक–मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।

**मकर**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कुंभ**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**मीन**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक मामलों में उचित परामर्श मिलेगा। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

# मुख्यमंत्री भजनलाल के आग्रह पर राजस्थान के कम उत्पादकता वाले 8 जिलों को प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना से जोड़ा

## अब इन जिलों में 11 विभागों की 36 योजनाओं को विशेष रूप से लागू करेगी केन्द्र व राज्य सरकार



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को नई दिल्ली यात्रा के दौरान केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ मुलाकात की थी।

- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान राजस्थान के विकास के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी शिष्टाचार भेंट कर राजस्थान के आर्थिक विकास, विभिन्न योजनाओं के बेहतर वित्तीय प्रबंधन एवं जीएसटी बचत उत्सव पर चर्चा की

कार्यालय संवाददाता

नई दिल्ली/जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आग्रह पर केन्द्र सरकार ने तारबंदी कार्यक्रम में कई फसलों को शामिल किया है। साथ ही, राजस्थान के कम उत्पादकता वाले 8 जिलों को प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना से भी जोड़ लिया है। अब इन जिलों में 11 विभागों की 36 योजनाओं को विशेष रूप से लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को नई दिल्ली यात्रा के दौरान केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ मुलाकात की थी। इसके बाद दोनों नेताओं ने कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय के उच्चाधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में राजस्थान में सिंचाई हेतु टांकों की व्यवस्था को जारी रखने, 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' योजना में राज्य की हिस्सेदारी बढ़ाने, योजना के अंतर्गत सांकेतिक आवंटन में वृद्धि करने, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन की उप-योजनाओं में तारबंदी कार्यक्रम को शामिल रखने तथा दलहन उप-योजना के अंतर्गत कांटेदार तारबंदी पर अनुदान स्वीकृति जैसे कृषक हितैषी विषयों पर सार्थक निर्णय लिए गए। मुख्यमंत्री शर्मा ने राज्य के विकास और किसानों के हित में लिए गए निर्णयों के लिए केन्द्रीय मंत्री का आभार जताया।

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान राजस्थान के विकास के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा किए जा रहे अथक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि भजनलाल शर्मा, राजस्थान के विकास और प्रदेशवासियों के कल्याण के लिए बेहतरीन कार्य कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री को पत्र लिखकर टांका निर्माण पर रोक हटाने तथा विभिन्न योजनाओं में केन्द्रीय अनुदान बढ़ाने के लिए आग्रह किया था।

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए भजनलाल शर्मा ने केन्द्र सरकार की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के साथ ही राज्य सरकार के स्तर पर भी कई योजनाएं लागू की हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री शर्मा ने सोमवार को ही केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं ने राजस्थान के आर्थिक विकास, विभिन्न योजनाओं के बेहतर वित्तीय प्रबंधन एवं जीएसटी बचत उत्सव से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की। शर्मा ने वित्त मंत्री का आभार जताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर वित्त मंत्रालय द्वारा जीएसटी दरों में की गई कमी का आम आदमी को प्रत्यक्ष लाभ मिला है। इससे दैनिक उपयोग की अधिकांश वस्तुएं सस्ती हुई हैं। उन्होंने कहा कि जीएसटी बचत उत्सव में हिस्सा लेते हुए आमजन ने त्यौहारों पर उत्साह के साथ स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी कर 'मेक इन इंडिया' को बढ़ावा दिया है।

# द्रव्यवती नदी के सौंदर्यीकरण को लेकर न्याय मित्रों को दस्तावेज मुहैया कराएं

- राजस्थान हाईकोर्ट ने इस मामले की सुनवाई 3 दिसंबर को तय की है

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट ने शहर की द्रव्यवती नदी के सौंदर्यीकरण से जुडे मामले में हाईकोर्ट रजिस्ट्री को कहा है कि वह मामले में नियुक्त तीनों न्याय मित्रों को प्रकरण से जुडी डिजीटल पेपर बुक मुहैया कराए।

इसके साथ ही अदालत ने मामले की सुनवाई 3 दिसंबर को तय की है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस बीएस संधू की खंडपीठ ने यह आदेश पीएन मैंदोला व अन्य की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान अदालत की जानकारी में आया कि पूर्व में नियुक्त न्यायमित्र अलंकृता शर्मा, शोभित तिवाडी और संदीप सिंह शेखावत को अदालत में रिपोर्ट पेश करनी है कि अदालती आदेश की पालना में राज्य सरकार की ओर से क्या कार्रवाई की गई, लेकिन तीनों की न्यायमित्रों को अभी तक प्रकरण से जुडे कागजात नहीं मिले हैं।

इस पर अदालत ने हाईकोर्ट की रजिस्ट्री को कहा कि वे तीनों न्यायमित्रों को संबंधित दस्तावेजों की पेपर बुक डिजिटल फॉर्मेट में मुहैया कराए। वहीं अदालत ने मामले की सुनवाई तीन दिसंबर को तय की है।

न्यायमित्र अधिवक्ता अलंकृता शर्मा ने बताया कि अदालत ने 18 साल से विचाराधीन इस प्रकरण से जुड़ी जमीनी हकीकत जानने के लिए गत सात अक्टूबर को तीन न्यायमित्र नियुक्त किए थे। उन्हें अदालती आदेश पर रिपोर्ट पेश करनी है कि अब तक मामले में राज्य सरकार की ओर से क्या कार्रवाई हुई, लेकिन पेपर बुक नहीं मिलने के अभाव में रिपोर्ट पेश नहीं की जा सकी।

गौरतलब है कि पीएन मैंदोला ने साल 2007 में जनहित याचिका दायर कर अमानीशाह नाला, जिसे अब द्रव्यवती नदी कहा जाता है, में अतिक्रमण को हटाने की गुहार कर रखी है। मामले के लंबित रहने के दौरान इसकी चौड़ाई तय करते हुए इसे पक्का किया गया है।

# छठ महोत्सव : घाट सजेवली मनोहर,मईया तोरा भगती अपार...



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने वार्ड 5 स्थित सूर्य नगर, जेडीए कॉलोनी और गौतम विहार कॉलोनी में आयोजित छठ पूजा कार्यक्रम में शिरकत की।

- अस्तगामी सूर्य को दिया पहला अर्घ्य, आज उगते सूर्य को देंगे दूसरा अर्घ्य
- दिया कुमारी ने छठ पूजा में शामिल होकर समुदाय के लोगों से बिहार चुनाव में एनडीए प्रत्याशियों को वोट देने की अपील की

जयपुर। सूर्य उपासना के चार दिवसीय छठ महोत्सव के तीसरे दिन सोमवार शाम को जयपुर में निवास कर रहे पूर्वांचल के श्रद्धालुओं ने सोमवार शाम अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर छठ व्रतियों ने भगवान भास्कर की आराधना की। सोमवार रात्रि को भक्ति संगीत और छठ मैया के गुणगान के साथ जागरण का आयोजन हुआ। पूर्वांचल और मिथिलांचल के लोक कलाकारों ने छठ मैया का स्थानीय भाषा में गुणगान किया। मुख्य आयोजन गीता जी तीर्थ में हुआ। यहां हजारों की संख्या में छठ व्रती अर्घ्य देने पहुंचे। घाट सजेवली मनोहर,मईया तोरा भगती अपार, । लिहिएं अरग हे मईया, दिहीं आशीष हजार...लोग गीत के साथ 36 घंटे निर्जल निराहार रहे व्रतियों ने अर्घ्य दिया। सोमवार को शाम ढलने से पूर्व ही गलताजी के घाटों पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए व्रतियों की भीड़ उमड़ी।

विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 5 स्थित सूर्य नगर, जेडीए कॉलोनी और गौतम विहार कॉलोनी में लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने उपस्थित रहकर श्रद्धालुओं के साथ पूजा-अर्चना की और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

दिया कुमारी ने कहा कि छठ पर्व हमारी सनातन संस्कृति, सूर्य उपासना, आस्था, अनुशासन और प्रकृति के प्रति श्रद्धा का अद्भुत प्रतीक है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की भक्ति और उत्साह ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया है। मैं भगवान सूर्य देव से प्रार्थना करती हूं कि वे सभी के जीवन में सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं प्रकाश का संचार करें। दिया कुमारी ने कहा कि, आप लोगों ने विधानसभा चुनाव में मुझे जीत दिलाई थी, अब मैं चाहती हूं कि बिहार चुनाव में भी एनडीए के प्रत्याशियों को वोट देकर सरकार बनाएं। इस अवसर पर उदय शाह, उमेश गुप्ता, अवधेश शाह, मंडल अध्यक्ष राकेश अग्रवाल, मनदीप हुंडिल, श्रवण सिंह करीरी, राजू मीणा, सुनील कारोडिया, सुरेश मौर्य, सुरेंद्र सामेर, नेमीचंद सैन, मुकेश शर्मा, सविता गोयल, सुनीता राठौड़ सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बिहार समाज संगठन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी सुरेश पंडित ने बताया कि मंगलवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ महापर्व का समापन होगा। व्रती लोग सूर्य के उदय होने से पूर्व ही बांस की टोकरी में नारियल, गन्ना, कच्ची हल्दी, नींबू, अदरक, सेव, संतरा सहित सभी तरह के मौसमी फल लेकर पानी में खड़े हो जाएंगे। जैसे ही सूर्य उदित होंगे लोक गीतों के साथ परिवार की सुख-समृद्धि के लिए अर्घ्य प्रदान करेंगे।

# सेंट्रल जेल में फिर मिले दो मोबाइल फोन

**जयपुर।** केंद्रीय कारागार में मोबाइल फोन मिलने का सिलसिला जारी है। जेल प्रशासन ने कई बार औचक निरीक्षण किए ,ताकी की सलाखों के पीछे बैठे हार्डकोर अपराधी किसी वारदात को अंजाम नहीं दे सकें। इसके बाद भी जेल परिसर में मोबाइल फोन मिलना अब आम बात होती नजर आ रहीं है। जेल प्रशासन ने रविवार को औचक निरीक्षण में बाथरूम और बैरक से दो मोबाइल फोन बरामद किए है। जिसके बाद जेल प्रशासन ने अज्ञात के खिलाफ लालकोठी थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर सिम नंबर और मोबाइल फोन के ईएमआई नंबरों के आधार पर जांच शुरु कर दी है।

थानाधिकारी प्रकाश राम विश्नोई ने बताया कि जेल परिसर में मोबाइल फोन को लेकर आए दिन औचक निरीक्षण किया जा रहा है। रविवार शाम 7 बजे गश्त के दौरान वार्ड नंबर-7 के बाथरूम में एक मोबाइल लावारिस हालत में मिला।

# राजस्थान में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चे किसी भी दुकान या वाणिज्यिक संस्थान में काम नहीं करेंगे

## भजनलाल सरकार ने दुकान-वाणिज्य संस्थान अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दी

- सरकार के इस फैसले को राजस्थान में श्रम सुधार की बड़ी पहल बताया गया है। इस निर्णय से बच्चों व महिलाओं की सुरक्षा के साथ व्यापारिक जगत को बढ़ावा मिलेगा

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार ने श्रमिकों के हितों और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए महत्वपूर्ण श्रम सुधारों को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री ने राजस्थान दुकान एवं वाणिज्य संस्थान (संशोधन) अध्यादेश 2025 को अनुमोदन प्रदान किया है, जिसके तहत प्रदेश में व्यापारिक गतिविधियों को आधुनिक और अधिक प्रभावी बनाने के साथ-साथ बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है।

संशोधन के अनुसार अब 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी भी दुकान या वाणिज्यिक संस्थान में नियोजित नहीं किया जा सकेगा। प्रशिक्षु की न्यूनतम आयु सीमा 12 वर्ष से बढ़ाकर 14 वर्ष कर दी गई है। इसी प्रकार, 14 से 18 वर्ष की आयु तक के किशोरों को रात्रि के समय कार्य करवाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यह बदलाव बाल श्रम को रोकने और किशोरों को शिक्षा, पोषण एवं स्वास्थ्य के उचित अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। सरकार ने श्रमिकों की दैनिक कार्य अवधि में भी संशोधन किया है। अब अधिकतम कार्य अवधि 9 घंटे से बढ़ाकर 10 घंटे कर दी गई है तथा ओवरटाइम सीमा तिमाही में 144 घंटे तक कर दी गई है। इससे उत्पादन क्षमता में वृद्धि के साथ श्रमिकों को भी अतिरिक्त आय का अवसर प्राप्त होगा। सरकार का मानना है कि यह फैसले प्रदेश की अर्थव्यवस्था और श्रमिक कल्याण-दोनों के लिए लाभदायक होंगे।

मुख्यमंत्री ने राजस्थान कारखाना (संशोधन) नियम 2025 को भी मंजूरी दी है। अब विशेष श्रेणी के कारखानों में महिलाओं को नियोजन की स्वीकृति दी जाएगी। गर्भवती और धात्री महिलाओं को छोड़कर अन्य महिलाओं को इन कारखानों में कार्य करने की अनुमति होगी, बशर्ते नियोक्ता उनकी सुरक्षा के लिए उचित व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए। फेस शील्ड, हीट शील्ड, मास्क, ग्लव्स और श्वसन सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्था अनिवार्य होगी।

इसके साथ ही कार्यस्थल पर वायु गुणवत्ता सुनिश्चित करने और सभी श्रमिकों को सुरक्षा प्रशिक्षण प्रदान करने का निर्देश दिया गया है ताकि महिलाओं की सुरक्षा और निजता के अधिकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता मिल सके। इन संशोधनों के माध्यम से भारत सरकार के कंप्लायंस रिडक्शन एंड डिरेगुलेशन डॉकेट की प्रभावी अनुपालना हो रही है। राज्य सरकार का दावा है कि इन सुधारों से श्रमिकों के लिए सुरक्षित और अनुकूल माहौल तैयार होगा, वहीं उद्योग व व्यापार क्षेत्र को भी गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि सरकार श्रमिक हितों और निवेशक सुविधा-दोनों के संतुलन को ध्यान में रखते हुए आगे भी सार्थक कदम उठाती रहेगी।

# ज्योतिष-वास्तु सम्मेलन में जुटेंगे देश-विदेश के विद्वान

**जयपुर।** ज्योतिष शास्त्र में निहित तथ्यों को समसामयिक स्वरूप में समाज के समक्ष प्रस्तुत करते हुए वास्तु शास्त्रीय परंपरा को प्रायोगिक दृष्टि से लोकोपयोगी बनाने के उद्देश्य से एक दिवसीय इंटरनेशनल एस्ट्रो वास्तु कॉन्फ्रेंस- 2025 नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद में आयोजित की जाएगी। अनेक जाने-माने ज्योतिष, वास्तु, वैदिक एवं टैरो रीडर विशेषज्ञ प्रतिभागियों को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। देश-विदेश के लगभग 500 विद्वान भाग लेंगे। बाहर से आए हुए सभी विद्वानों के ठहरने की व्यवस्था आयोजन स्थल पर ही की जाएगी। सम्मेलन का शुभारंभ जयपुर के आराध्य देव श्री गोविंद धाम में विराजित श्री गोविंद देव जी के मंगला दर्शन से होगा। प्रवेश केवल निमंत्रण के आधार पर ही प्रवेश होगा। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, श्री सरस निकुंज के अलबेली माधुरी शरण महाराज, कथावाचक इंद्रेश उपाध्याय, विधायक बालमुकुंद आचार्य, रेणुका पुण्डरीक गोस्वामी, गोवत्स विठ्ठल महाराज, आचार्य शुभेष शरमन, जी.डी. वशिष्ठ, प्रो. डॉ. केदार शर्मा, प्रो. विनोद शास्त्री, डॉ. महेन्द्र मिश्रा, अनिल कुमावत और हरमित चावला कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। यह जानकारी ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने दी।

# रेट में रोजाना कम से कम एक पीठ करेगी मामलों की सुनवाई

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान हाईकोर्ट को कार्मिक सचिव ने आश्वस्त किया है कि सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण (रेट) की जयपुर बेंच में हर कार्य दिवस पर सुबह दस बजे से शाम चार बजे तक कम से कम एक पीठ मुकदमों की सुनवाई करेगी। इसके साथ ही प्रत्येक बेंच में सुनवाई के लिए वीसी की सुविधा आरंभ की जाएगी। डीओपी सचिव के आश्वासन को रिकॉर्ड पर लेते हुए अदालत ने अधिकरण के रजिस्ट्रार को एक सप्ताह में पालना रिपोर्ट पेश करने को कहा है। वहीं अदालत ने आगामी सुनवाई पर डीओपी सचिव को उपस्थिति से छूट देते हुए कहा कि वे इन बिंदुओं पर कामकाज की मॉनिटरिंग करेंगी। जस्टिस अशोक कुमार जैन की एकलपीठ ने यह आदेश सुमन कुमारी की याचिका पर दिए।

सुनवाई के दौरान अदालती आदेश की पालना में डीओपी सचिव शुचि त्यागी और अधिकरण के रजिस्ट्रार राकेश मीणा अदालत में पेश हुए। डीओपी सचिव ने अदालत को आश्वासन दिया कि अधिकरण की हर बेंच के लिए वीसी की सुविधा आरंभ की जाएगी। वहीं अधिकरण की वेबसाइट पर लाइव डिजिटल डिस्प्ले सिस्टम के साथ-साथ अदालत कक्ष और भवन के बाहर डिस्प्ले बोर्ड लगाया जाएगा, ताकि वकील दूरस्थ स्थान से भी अपने मामलों पर नजर रख सकें। इसके अलावा यदि आकस्मिक स्थिति में सभी बेंच बंद हो जाती है तो जोधपुर सहित अन्य स्थान पर कार्यरत सर्किट बेंच वीसी के जरिए मामलों की सुनवाई करेगी और इसके लिए जयपुर पीठ से ऑनलाइन रिकॉर्ड भेजा जाएगा।

याचिका पर सुनवाई के दौरान पूर्व में वकीलों ने अदालत को बताया था कि राज्य सरकार ने कर्मचारियों के सेवा संबंधी विवादों के निपटारे के लिए सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण का गठन किया है। जहां प्रत्येक मामले की सुनवाई के लिए दो सदस्यीय पीठ का गठन होता हैं, लेकिन किसी ना किसी कारण से पीठ गठित नहीं होती या अंतिम समय पर रद्द हो जाती है। जिससे मामलों पर सुनवाई नहीं हो पाती। जबकि पूर्व में अधिकरण में वीसी स्थापित करने के निर्देश दिए जा चुके हैं।

# पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार में मृदा स्वास्थ्य परीक्षण एवं जड़ी-बूटियों की सतत खेती पर राष्ट्रीय सम्मेलन




- पतंजलि और नाबार्ड मिलकर सृजनात्मक कार्य को प्रभावी ढंग से संचालित कर सकते हैं : नाबार्ड अध्यक्ष शाजी के.वी
- सार्वभौमिक और निहित संपदा को पुनर्जीवित करना आवश्यक है। श्रद्धेय आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण स्वस्थ धरा के लिए मृदा प्रबंधन आधुनिक समय की आवश्यकता श्रद्धेय आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण

**जयपुर।** पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार में मृदा स्वास्थ्य परीक्षण एवं जड़ी-बूटियों की सतत खेती पर राष्ट्रीय सम्मेलन 27 अक्टूबर से शुरू हुआ, जो मंगलवार को भी जारी रहेगा। यह सम्मेलन केन्द्रीय आयुष मंत्रालय, पतंजलि ऑर्गेनिक रिसर्च इंस्टिट्यूट, आरसीएससीएनआर-1 के तत्वावधान में होगा। कार्यशाला ऑटोमेटिड मृदा परीक्षण मशीन धरती का डॉक्टर (डीकेडी), के संदर्भ में स्वस्थ धरा और दीर्घकालिक खादय सुरक्षा को प्रोत्साहित करने व वैश्विक स्तर पर मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित की गई।

जहां पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति परम श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण महाराज ने मुख्य अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र और स्मृति चिहन भेंट करके किया। शुभारम्भ दीप प्रज्वलन, धन्वंतरि वंदना और डॉ. अर्चना तिवारी व उनकी टीम के समूहगान से हुआ। स्वागत उद्बोधन, निदेशक मृदा भरुवा एग्री साइंस, डॉ. के.एन. शर्मा ने दिया। आचार्य और मुख्य अतिथियों ने सार पुस्तिका "स्वस्थ धरा और मेडिसिनल प्लांट्स: इंटरनेशनल जर्नल ऑफ फाइटोमेडिसिन्स एंड रिलेटेड इंडस्ट्रीज" का लोकार्पण भी किया।

नाबार्ड के अध्यक्ष शाजी के.वी. ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में कहा कि नाबार्ड का प्रमुख उद्देश्य देश में स्थायी कृषि और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने के लिए कृषि, लघु उद्योग, कुटीर व हस्तशिल्प, यामोद्योग और अन्य ग्रामीण शिल्प के लिए ऋण उपलब्ध कराना है। वर्तमान की आवश्यकता यह है कि ग्रामीण विकास में निवेश बढ़े और समावेशी तथा स्थायी कृषि को प्रोत्साहित किया जाए। नाबार्ड देशभर में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और सहकारी बैंकों का संचालन करते हुए कृषि प्रक्रियाओं में सुधार लाने के लिए प्रतिबद्ध है। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि फसल की सुरक्षा से ही मानव स्वास्थ्य की रक्षा संभव है। अब समय आ गया है जब हमें अपने पूर्वजों से पाप्त मिट्टी को उसके मूल स्वरूप पुनः लौटाना चाहिए और मूल की भूल को सुधारना चाहिए।

पतंजलि की डीकेडी मशीन मृदा संबंधी चुनौतियों को दूर कर धरती को रोगमुक्त बनाने में सहायक सिद्ध हो रही है। इसकी किट से केवल आधे घंटे में मिट्टी के आवश्यक पोषक तत्वः नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटेशियम, पीएच, ऑर्गेनिक कार्बन और इलेक्ट्रिकल कंडक्टिविटी, का परीक्षण किया जा सकता है, जिससे मिट्टी में पोषक तत्वों की कमी या अधिकता का सटीक पता चलता है।

अपने व्याख्यान में मृदा भरुवा एग्री साइंस के निदेशक डॉ. के. एन. शर्मा ने बताया कि पतंजलि भरुवा एग्री साइंस ने जैविक खेती एक प्रणाली है जो रासायनिक उर्वरक और कीटनाशक के बजाय जैविक खाद, हरी खाद और फसल चक्र का उपयोग कर मिट्टी की उर्वरता, पारिस्थितिक संतुलन और प्रदूषण मुक्त उत्पादन सुनिश्चित करती है। किसानों को उच्च गुणवत्ता वाली फसल उत्पादन की चुनौतियों का समाधान करने के लिए डीकेडी, ऑटोमेटेड मृदा परीक्षण मशीन बनाई है। इसके द्वारा मिट्टी से पोटैशियम, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम, कैल्शियम जैसे महत्त्वपूर्ण तत्वों को रासायनिक तरीके से पृथक किया जाता है और उनके स्तर का मूल्यांकन किया जाता है। मृदा विश्लेषण पौधों के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की सही मात्रा जानने का एक प्रभावी तरीका है जो मृदा प्रबंधन, उत्पादन, लागत में कमी, मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार और उपज बढ़ाने में मदद करता है, जिससे कृषि स्थिरता में सुधार होता है।

कार्यक्रम में बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, सोलन के डॉ. राजेश्वर सिंह चंदेल ने पर्वतीय क्षेत्रों में सीमित भूमि के बावजूद एकीकृत कृषि प्रणाली प्रभावी बताते हुए पारंपरिक ज्ञान, नवाचारी उपकरण और महिला प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके अलावा, अन्य विशेषज्ञों प्रो बी. आर. कांबोज, डॉ. जे. एन. रैना, डॉ. जी.पी. राव और डॉ. प्रदीप शर्मा ने स्वस्थ मिट्टी, बेहतर फसल और प्रबंधन तकनीक से वैश्विक स्वास्थ्य के भविष्य से जुड़ी महत्त्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम के अंत में पोस्टर सत्र के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। अंत में सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

# संघीय ढांचे की समझ के बिना राजनीति कर रहे है तेजस्वी, यह बचकानापन : मदन राठौड़

- अंता चुनाव में कांग्रेस जैसा कलंकित उम्मीदवार भाजपा का नहीं, यहां भारी मतों से चुनाव जीतेगी भाजपा : प्रदेशाध्यक्ष
- कांग्रेस हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति, कभी किसी वर्ग विशेष के लिए तो कभी किसी गठबंधन के दबाव में है : मदन राठौड़

**जयपुर** (कासं)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बिहार चुनाव, तेजस्वी यादव और राजस्थान में अंता उपचुनाव में विपक्ष के बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया दी। राठौड़ ने कहा कि तेजस्वी यादव अभी युवा हैं, उन्हें देश के संघीय ढांचे की समझ नहीं है। हमारा देश संघीय व्यवस्था से चलता है और जो निर्णय केंद्र सरकार लेती है, उसे हर राज्य को मानना होता है। कोई यह कह दे कि हम किसी केंद्रीय कानून को अपने प्रदेश में लागू नहीं होने देंगे, यह न केवल बचकानी बात है बल्कि संविधान की अवमानना भी है। यह देश एक है और कोई भी प्रदेश इस देश से अलग नहीं है। तेजस्वी यादव और कांग्रेस पार्टी दोनों ही ऐसे बयान देकर भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं।

तेजस्वी की वही भाषा है जो पहले राहुल गांधी बोलते थे और अब तेजस्वी उसी शब्दावली का उपयोग कर रहे हैं, लेकिन इससे फर्क नहीं पड़ता । बिहार में भाजपा की सरकार बनने वाली है और भाजपा की नीतियां हर राज्य में समान रूप से लागू होंगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने चारा घोटाले से जुड़े सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बात सर्वविदित है कि लालू प्रसाद यादव पर गंभीर आरोप लगे थे। कांग्रेस ने तब उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की थी, मुकदमों को कमजोर करने के प्रयास किए गए, लेकिन सफलता नहीं मिली। कांग्रेस हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति करती आई है। कभी किसी वर्ग विशेष के लिए, कभी किसी गठबंधन के दबाव में। गठबंधन की राजनीति में कांग्रेस को अपने साथियों की शर्तें माननी पड़ती हैं, वरना गठबंधन टूट जाता है। यही कारण है कि वह नैतिकता से समझौता करती रहती है। राठौड़ ने कहा कि देश में यदि एसआईआर सर्वे या मतदाता सूची की समीक्षा हो रही है, तो यह स्वागत योग्य कदम है।

जिन लोगों ने गलत तरीके से अपने नाम जुड़वाए हैं, उन्हें ही डर लग रहा है। अगर कोई गलत नाम मतदाता सूची से हटाया जा रहा है तो डरने की जरूरत क्यों ? देश का निर्णय देश का नागरिक करेगा। जो ईमानदार हैं, उन्हें डरने की कोई जरूरत नहीं है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कांग्रेस की अंदरूनी कलह पर कहा कि आज कांग्रेस एकजुटता की बात कर रही है, लेकिन अपने ही मुख्यमंत्री को किसने नीचा दिखाया? पार्टी किसने तोड़ी? आज जो 'हॉर्स ट्रेडिंग' की बातें कर रहे हैं, वही अपने नेताओं को बेचने पर मजबूर कर चुके हैं। क्या उनके अपने विधायक बिकाऊ माल हैं कि वे ऐसी बातें कर रहे हैं? राठौड़ ने कहा कि भाजपा में न तो कोई विद्रोह है, न असंतोष। भाजपा पार्टी एकजुट है। चुनावी तैयारी पूरी है। हमारे उम्मीदवार मोरपाल सुमन और कार्यकर्ता अपने क्षेत्र में सक्रिय है। भाजपा के वरिष्ठ नेता मैदान में जुटे हुए है। स्वयं वसुंधरा राजे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी निगरानी कर रहे हैं। मदन राठौड़ ने कहा कि विपक्ष कैसे भी गलत हथकंडे अपनाए, सफलता नहीं मिलेगी। हाल ही में करीबन 9 करोड़ रुपए और शराब जब्त की गई, ये गलत तरीके हैं, जो चुनावी नैतिकता के विरुद्ध हैं। जनता सब जानती है और समय पर जवाब देगी।

राठौड़ ने कहा कि भजनलाल शर्मा की सरकार ने राजस्थान में जिस तरह तेजी से काम किया है, वह प्रशंसनीय है। पिछली कांग्रेस सरकार ने पाँच साल में ईआरसीपी और बिजली व्यवस्था पर कोई काम नहीं किया। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में रामजल सेतू परियोजनाएं शुरू हुई हैं, टेंडर जारी हुए हैं और पाइपलाइन का काम चालू हो गया।

# केन्द्र और राज्य की सरकारी योजनाओं में सायबर ठगी करने वाले छह आरोपी गिरफ्तार

## 'गिरोह के तार राजस्थान, दिल्ली, पंजाब, असम, गुजरात और उत्तर प्रदेश तक फैले हुए हैं'

**झालावाड़, (निसं)।** झालावाड़ पुलिस ने ऑपरेशन शटडाउन-2 के तहत देशभर में सक्रिय एक संगठित अन्तर्राज्यीय साइबर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह केंद्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं में सेंध लगाकर करोड़ों रुपए की ठगी कर रहा था। पुलिस की यह कार्रवाई राजस्थान के साथ-साथ देशभर के साइबर अपराध तंत्र के लिए एक बड़ी सफलता मानी जा रही है।

सोमवार को झालावाड़ में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, यह गिरोह प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, आपदा प्रबंधन सहायता पोर्टल, पेंशन योजनाओं और अन्य कल्याणकारी योजनाओं में फर्जीवाड़ा कर रहा था। गिरोह के सदस्य सरकारी वेबसाइटों के क्लोन पोर्टल बनाकर या वैध लॉगिन आईडी हैक कर लाभार्थियों के खातों में हेराफेरी करते थे। निष्क्रिय या मृत लाभार्थियों की जगह अपने बैंक खातों का लिंक जोड़कर वे सरकारी धन को अपने नियंत्रण में ले लेते थे। इस गिरोह के तार राजस्थान, दिल्ली, पंजाब, असम, गुजरात और उत्तर प्रदेश तक फैले हुए हैं। झालावाड़ साइबर पुलिस की विशेष टीम ने कई दिनों की निगरानी और तकनीकी विश्लेषण के बाद सोमवार को गिरोह के चार मुख्य सदस्यों मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद लईक, सुभाष और रोहित कुमार सहित छह को गिरफ्तार किया है। सभी पर 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस ने बड़ी मात्रा में फर्जी आधार कार्ड, मोबाइल सिम, लैपटॉप, बैंक पासबुक, और सरकारी लॉगिन क्रेडेंशियल्स बरामद किए हैं। जांच में सामने आया है कि यह गिरोह योजनाओं के पोर्टलों पर डेटा मैनिपुलेशन कर लाभार्थियों की पहचान बदल देता था और बल्क ट्रांजैक्शन के जरिए फर्जी खातों में सरकारी धन ट्रांसफर करता था। आरोपी तकनीकी रूप से प्रशिक्षित थे और साइबर सुरक्षा के कई स्तरों को बायपास करने में माहिर थे। झालावाड़ एसपी के निर्देशन में गठित विशेष जांच टीम ने इस पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य राज्यों के अपराधियों की तलाश कर रही है।


झालावाड़ पुलिस ने सरकारी योजनाओं में ठगी करने के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

- गिरोह के सदस्य सरकारी वेबसाइटों के क्लोन पोर्टल बनाकर या वैध लॉगिन आईडी हैक कर लाभार्थियों के खातों में हेराफेरी करते थे
- बड़ी मात्रा में फर्जी आधार कार्ड, मोबाइल सिम, लैपटॉप, बैंक पासबुक और सरकारी लॉगिन क्रेडेंशियल्स बरामद

एसपी ने बताया कि ऑपरेशन शटडाउन-2 देश में साइबर ठगी के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी और संगठित कार्रवाई है, जिसने सरकारी योजनाओं की सुरक्षा प्रणाली को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पुलिस अब गिरोह के डिजिटल फुटप्रिंट का विश्लेषण कर यह पता लगाने में जुटी है कि अब तक कितनी योजनाओं से और कितनी राशि का दुरुपयोग किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी फर्जी एसएसओ आईडी के द्वारा लोगों को योजनाओं में जोड़ते थे तथा फर्जी खातों को लिंक करके उनके माध्यम से पैसा निकाल लिया जाता था। पुलिस का यह भी कहना है कि आरोपियों द्वारा योजनाओं से संबंधित डिजिटल प्रोग्राम की एचटीएमएल कोडिंग को भी बदला जा रहा था। पुलिस ने दावा किया है कि अब तक लगभग 2 लाख लोगों का डाटा मिल चुका है तथा हजारों खातों की डिटेल्स मिली हैं जिनको साइबर ठग इस्तेमाल कर रहे थे। पुलिस का यह भी कहना है कि आरोपियों द्वारा फर्जी तरीके से जिला नोडल ऑफिसर भी बनाए गए थे, जो इस पूरे खेल को संभाल रहे थे।

# बीएसएफ इंजीनियर के मकान में चोरी

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के बीजेएस कॉलोनी में एक सूने मकान में चोरी हो गई। सूना मकान बीएसएफ में पीएसयू इंजीनियर का है। इस बारे में महामंदिर थाने में रिपोर्ट दी गई। दूसरी तरफ सूरसागर थाना क्षेत्र में भी एक सूने घर से घरेलु सामान चोरी हो गया।

महामंदिर थाने के एसआई लादूसिंह ने बताया कि बीजेएस कॉलोनी, ए-342 में रहने वाले मेघराज सिंह पुत्र गिरधारी सिंह ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि वे बीएसएफ में पीएसयू इंजीनियर हैं। 21 अक्टूबर दिवाली को वे परिवार सहित अपने गांव गए थे। 22 को पड़ौसी ने सूचना दी कि घर के ताले टूटे हैं। इस पर वे वापिस यहां पहुंचे। पता लगा कि चोर घर से सोने की चेन, दो अंगुठियां तकरीबन दो तोला जेवर, चांदी के चार-पांच तोला आभूषण, जिनमें पायलों की जोड़ी, कड़ा और 65 हजार की नगदी ले गए। एसआई लादूसिंह ने बताया कि आसपास एरिया का भी मौका मुआयना किया गया। चोरों का पता लगाया जा रहा है। दूसरी तरफ सूरसागर पुलिस ने बताया कि कमला नेहरू नगर प्रथम विस्तार में रहने वाले मो. अकरम पुत्र मो. जफर का एक मकान कबीर नगर नूरी मस्जिद के सामने आया है जो कि सूना था, अज्ञात चोर वहां से घरेलु सामान चोरी कर ले गए।

# हल्की बौछारों से किसानों के चेहरे खिले

**शाहपुरा, (निसं)।** नगर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में सोमवार सुबह से ही हल्की बौछारों का दौर जारी है। मौसम में आई इस बदलाव से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। खेतों में नमी बढ़ने से रबी की फसलों की बुवाई के लिए यह बरसात फायदेमंद साबित हो रही है। किसानों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से सूखेपन के कारण खेतों की जुताई में कठिनाई आ रही थी, लेकिन अब हल्की वर्षा से जमीन में नमी आने लगी है जिससे गेहूं, चना और सरसों जैसी फसलों की तैयारी में राहत मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार, आगामी एक-दो दिनों तक हल्की बरसात के आसार बने हुए हैं। वहीं, सुबह से चली ठंडी हवाओं ने मौसम को सुहावना बना दिया है। नगरवासियों ने भी इस फुहार भरे मौसम का आनंद लिया।

- गेहूं, चना और सरसों जैसी फसलों की तैयारी में राहत मिलेगी


राजस्थान सरकार
कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड चूरु
ई-44 अग्रसेन नगर चूरू, E-mail: eemhchuru@yahoo.com, फोन नं. 01562-254670
क्रमांकःप.01()/चि.स्वा./खण्ड-चूरू/2025-26/615 दिनांकः-13.10.2025
निविदा सूचना संख्या :- 13/2025-26
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, खण्ड चूरु के अन्तर्गत जिला चूरू के उप जिला अस्पताल राजगढ़ में अतिरिक्त कार्य एवं प्रा. स्वा. केन्द्रों पर विधुतीकरण के कार्य राशि रु. 64.00 लाख तक के कार्य के लिए निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट www.dipronline.org,http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
UBN No.- 1. NRH2526WSOB01222
अधिशाषी अभियन्ता, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य खण्ड चूरू
DIPR/C/15624/2025

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् उदयपुर
111, सहेली मार्ग, उदयपुर (राज.) पिन 313001 दूरभाष 0294-2415171, E-mail:- director.rscert@rajasthan.gov.in
क्रमांक :- राराशैअप्रप-उदय/स्टोर/2025-26/1296 दिनांक :- 25/10/2025
ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से खुली बोली आमंत्रण सूचना संख्या 10/2025-26
राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 eas Accommodation, Food and Conference Hall arrangements for National Seminar by RSCERT, UDAIPUR जिसकी अनुमानित लागत 16.00 लाख है, हेतु दिनांक 30/10/2025 को 03.00 च्ड तक इच्छुक बोलीदाताओं से ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से बोली आमंत्रित की जाती है। बोली की विस्तृत शर्तें एवं बोली दस्तावेज http://sppp.rajasthan.gov.in तथा https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखे एवं डाउनलोड किए जा सकते हैं।
NIB Code : SCE2526A0010
UBN No. : SCE2526SLOB00015
निदेशक, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर
राज.संवाद/सी/25/12644

कार्यालय अधिशाषी अभिययन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड नैनवां
क्रमांक-1231 दिनांक-15.10.2025
निविदा सूचन संख्या 09/2025-26
राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सा.नि.वि. खण्ड नैनवां के अन्तर्गत अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त पुलियाओं का स्थाई मरम्मत कार्य के लिए राशि रू. 247.71 लाख के उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के एए, ए व बी, सी.डी. श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग क माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से सम्बन्धत विवरण वेबसाईट www.dipronline.org व http://www.pwd.rajasthan.gov.in, http://www.sppp.raj.nic.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा डाउनलोड करने की दिनांक 17.10.2025 से 30.10.2025 तक सायं 6.00 बजे तक
UBN NO. 1. PWD2526WSOB14785, 2. PWD2526WSOB14786, 3. PWD2526WSOB14787, 4. PWD2526WSOB14788, 5. PWD2526WSOB14789, 6. PWD2526WSOB14790, 7. PWD2526WSOB14791, 8. PWD2526WSOB14794, 9. PWD2526WSOB14795, 10 PWD2526WSOB14797, 11. PWD2526WSOB1499, 12. PWD2526WSOB14802, 13. PWD2526WSOB14804
अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. खण्ड नैनवां
DIPR/C/15581/2025


# सरसों की आधा दर्जन से अधिक बोरियां चुराई

**भुसावर/भरतपुर, (निसं)।** गांव पथैना में अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए सरसों की बोरियों में से आधा दर्जन से अधिक बोरियों को पार कर लिया। घटना का पता सरसों से भरी बोरियों को गायब एवं रास्ते में फैली पड़ी सरसों को देखकर परिजनों को हुआ, जिसके बाद तुरंत खेड़ली मोड़ थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना को लेकर जानकारी ली और भरतपुर से एफएसएल एवं स्पेशल टीम बुलाकर साक्ष्य जुटाने का काम किया।

जानकारी के अनुसार गांव पथैना निवासी रवि फौजदार पुत्र यदुवीर के घर में चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया और सरसों की बोरियों को चोरी कर ले गये। यह घटना 26 अक्टूबर एवं 27 अक्टूबर की मध्य रात्रि 12 से 2 बजे के बीच में बताई जा रही है। छात्र नेता कौशल फौजदार ने बताया कि खेड़ली मोड़ थाना बनने के बाद भी लगातार हो रही चोरियां पुलिस की नाकामी को साफ दर्शा रही है। पिछले काफी समय से यहां चोरियों की वारदात हो रही है, लेकिन कोई खुलासा नहीं हुआ है।

- अज्ञात चोरों ने घर को निशाना बनाया

# विंटर शेड्यूल ने बीकानेर एयरपोर्ट से विमानों की संख्या घटाई

- एलाइंस एयर अब बीकानेर से केवल जयपुर तक ही उड़ान भरेगी, जबकि दिल्ली कनेक्टिविटी बंद कर दी गई है यात्रियों के लिए यह बदलाव निराशाजनक साबित हुआ है, क्योंकि अब उन्हें जयपुर या दिल्ली के लिए सीमित विकल्पों में ही यात्रा करनी होगी

**बीकानेर, (निसं)।** विंटर शेड्यूल लागू होने के साथ ही बीकानेर एयरपोर्ट से उड़ान भरने वाले विमानों की संख्या में कटौती कर दी गई है। एलाइंस एयर अब बीकानेर से केवल जयपुर तक ही उड़ान भरेगी, जबकि दिल्ली कनेक्टिविटी बंद कर दी गई है। दूसरी ओर इंडिगो ने भी अपने समय में बदलाव करते हुए अपने को दिल्ली रूट तक की सीमित कर लिया है।

बीकानेर से जयपुर और दिल्ली के बीच पिछले कुछ सालों से एयर कनेक्टिविटी को लेकर लोगों में उम्मीद बनी थी, लेकिन इस बार सर्दी के शेड्यूल ने उनकी उड़ानें फिर थाम दी हैं। यात्रियों के लिए यह बदलाव निराशाजनक साबित हुआ है, क्योंकि अब उन्हें जयपुर या दिल्ली के लिए सीमित विकल्पों में ही यात्रा करनी होगी। नए शेड्यूल के अनुसार एलाइंस एयर की फ्लाइट संख्या 91834 शुक्रवार को बीकानेर एयरपोर्ट से दोपहर 2.45 बजे उड़ान भरेगी, जो जयपुर दोपहर 3.55 बजे पहुंचेगी। वापसी में फ्लाइट संख्या 91833 जयपुर से दोपहर 1.10 बजे रवाना होगी और बीकानेर दोपहर 2.10 बजे पहुंचेगी। शनिवार को भी समय में थोड़ा बदलाव होगा। इस दिन फ्लाइट संख्या 91834 बीकानेर से दोपहर 1.45 बजे उड़ान भरेगी, जो जयपुर 2.55 बजे पहुंचेगी। वापसी में जयपुर से दोपहर 12.10 बजे रवाना होकर बीकानेर दोपहर 1.20 बजे पहुंचेगी। वहीं इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई-7443 सुबह 10.10 बजे बीकानेर से रवाना होगी, जो दिल्ली सुबह 11.30 बजे पहुंचेगी। वापसी में 6ई-7442 दिल्ली से सुबह 8.25 बजे रवाना होकर बीकानेर सुबह 9.50 बजे पहुंचेगी।

डीपी पचीसिया, अध्यक्ष बीकानेर जिला उद्योग संघ ने बताया कि बीकानेर से दिल्ली और जयपुर दोनों दिशाओं में यात्रियों की संख्या पिछले कुछ महीनों में लगातार बढ़ रही थी। व्यापारिक वर्ग, छात्रों और सरकारी कर्मचारियों के लिए यह मार्ग अहम माना जाता है। लेकिन अब जब दिल्ली रूट पर एलाइंस एयर की उड़ान बंद हो गई है, तो यात्रियों को इंडिगो की सीमित सेवाओं पर निर्भर रहना होगा। एयरलाइन के इस कदम से न केवल पर्यटन बल्कि व्यवसायिक यात्राओं पर भी असर पड़ेगा। जयपुर से आगे की उड़ानों के लिए भी कनेक्टिविटी कम हो जाएगी, जिससे यात्रियों को अब जयपुर या जोधपुर तक सड़क मार्ग से जाना पड़ेगा।

पहले एलाइंस एयर की फ्लाइट बीकानेर से जयपुर और फिर दिल्ली तक संचालित होती थी, जिससे व्यापारिक यात्राओं में काफी सहूलियत रहती थी। अब केवल जयपुर तक उड़ान सीमित होने से कारोबारियों को असुविधा होगी। बीकानेर का औद्योगिक और पर्यटन दोनों ही दृष्टि से विकास तेजी से हो रहा है। ऐसे में नई फ्लाइट की बहुत जरूरत थी। विंटर शेड्यूल में भी कोई नई फ्लाइट नहीं मिलना निराशाजनक है। सरकार को संभावनाओं को देखना चाहिए।

राजेंद्र सिंह बघेला, एयरपोर्ट डायरेक्टर, बीकानेर का कहना है कि कनेक्टिविटी घटाई गई लेकिन बातचीत जारी है। एलाइंस एयर ने विंटर शेड्यूल में केवल जयपुर रूट को ही रखा है, जबकि दिल्ली रूट फिलहाल बंद रहेगा। हम लगातार डीजीसीए और एयरलाइंस से संपर्क में हैं। यात्रियों की डिमांड बढ़ने पर अतिरिक्त फ्लाइट की संभावना पर भी चर्चा की जा रही है। बीकानेर एयरपोर्ट का इन्फ्रास्ट्रक्चर पूरी तरह सक्षम है, उड़ानें बढ़ाने के लिए एयरलाइंस को यात्री संख्या का भरोसा चाहिए।


RajCOMP Info Services Limited (RISL)
C-Block 1st Floor, Yojana Bhawan, Tilk Marg, C-Scheme, Jaipur
RISL invites bids from the eligible bidders for RFP RFP for Procurement / ATS of HCL AppScan and other Vulnerability Assessment tools with Services for 3 Year. Total estimated cost is Rs. 1.4 Cr. The details can be seen on the websites: https://eproc.rajasthan.gov.in, https://sppp.rajasthan.gov.in, https://risl.rajasthan.gov.in, https://doitc.rajasthan.gov.in.
Raj.Samwad/C/25/12650 Additional Director

Government Of Rajasthan
Water Resources Department
Office of the Executive Engineer Water Resources Division Dholpur
Tel & Fax No. 05642-220880 E-Mail - eewrddholpur1@gmail.com
No.-2603 Date- 17/10/2015
INVITATION OF NIT NO. 08 YEAR 2025-26
On behalf of government of Rajasthan NIT No 08 Year 2025-26 is invited from eligible contractor for Various. works Under SDRF Scheme. cost of works is Rs. 66.31 Lacs The detail of works is available on following websites.
UBN No.: WRD2526WSOB01309, WRD2526WSOB01310, WRD2526WSOB01311
1. www.diprrajasthan.gov.in
2. www.sppp.rajasthan.gov.in
3. www.eproc.rajasthan.gov.in
Executive Engineer, Water Resources Division Dholpur
DIPR/C/15748/2025

राजस्थान सरकार
कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं सदस्य सचिव, मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी राजकीय जयपुरिया चिकित्सालय, जयपुर
क्रमांक-Actt/Machine with man /2025/1985 दिनांक-16/10/25
Notice Invitid E- Bid(2025-26)
Bids for rate contract for Machine With Man at Govt RDBP Jaipuria Hospital Jaipur are invited from interested bidders upto 5:00 PM Date 28/10/250ther particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state.
UBN MHS2526SLRC04504
Est Cost 170.00 lacs
PMO & MS, Govt RDBP Jaipuria Hospital Jaipur
DIPR/C/15690/2025

bida
भिवाड़ी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण
एच-5, भगतसिंह कॉलोनी, भिवाड़ी, अलवर, दूरभाष :- 01493-230819
ई-मेल :- bida.bhiwadi@rajasthan.gov.in
क्रमांक :- बीड़ा/अभि./3823/25 दिनांक :- 24/10/2025
Notice Inviting Bid
Bid for "Construction of a shed for players' seating at the outdoor court in Bida Stadium is invited from interested Bidders up to 02.00 PM date 28.10.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in of the state; and https://bida.rajasthan.gov.in departmental website.
UBN: BDA2526WSOB00080
Executive Engineer, BIDA, Bhiwadi
Raj.Samwad/C/25/12651

कार्यालय जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
क्रमांक :- जोविप्रा/2025-26/1749 दिनांक :- 17/10/2025
ई-निविदा सूचना संख्या - मुख्यालय/31/2025-26
जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर की ओर से इच्छुक व्यक्ति/फर्म/संस्था जो निविदा की निर्धारित शर्तो को पूर्ण करती है, से निर्धारित प्रपत्र मे ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रकिया से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। जो निम्नलिखित दिनांक अनुसार डाउनलोड तथा खोली जायेगी। इन कार्य की अनुमानित लागत, निविदा बेचे जाने तथा प्राप्त करने की दिनांक, निविदा, शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.jodhpurjda.org, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।
UBN No. : JOD2526GLOB00356, JOD2526GLOB00357
राज.संवाद/सी/25/12653 अधिशाषी अभियंता

कार्यालय नगर पालिका पीपाड़ शहर (जोधपुर) राज.
Office of the Municipal Board, Pipar city (Jodhpur) Rajasthan
Tel.- (02930) 233036, e-mail : municipality.pipar@gmail.com
क्रमांक : न.पा.पी./2025-26/6448 दिनांक 15.10.2025
NOTICE INVITING BIDS
Bid for Various Civil Work of procurement are invited from interested Bidders upto 30.10-2025 , 05.00 Pm other perticulars of the bid amy be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) And (www.eproc.rajasthan.gov.in)of the state, and local self department website.
NIB CODE :-DLB2526A7343
UBN:DLB2526WSOB22266 |
Executive Officer, Municipal Board Pipar City
Raj.Samwad/C/25/12676


# दुकान से जेवर व मोती चुरा ले गई महिला

**करौली, (निसं)।** करौली जिला मुख्यालय स्थित सर्राफा बाजार में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक महिला ने चालाकी से दुकान से सोने का लॉकेट और मोती चोरी कर लिए। यह पूरी वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित दुकानदार ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

पीड़ित दुकानदार लोकेश सोनी ने बताया कि एक महिला सोने का लॉकेट और मोती पिरोने के लिए दुकान पर आई थी। उसने लॉकेट और मोतियों की थैली दुकानदार को दी, जिसे लोकेश ने अपने पास रख लिया और किसी दूसरे काम में लग गया। इसी दौरान एक अन्य महिला भी दुकान पर पहुंची। जब पहली महिला ने दुकानदार से माला बनवाने का काम पूरा करने को कहा, तो लोकेश ने थोड़ी देर रुकने को कहा। कुछ ही देर बाद जब उसने देखा कि लॉकेट और मोती दोनों गायब हैं, तो वह हैरान रह गया। उसने तुरंत दुकान के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में बाद में आई महिला लॉकेट को अपने पास रखते हुए और दुकान से बाहर जाते हुए साफ नजर आ रही है। घटना का वीडियो सामने आने के बाद बाजार के अन्य दुकानदारों में भी चिंता का माहौल है।

लोकेश सोनी ने बताया कि चोरी हुआ सोने का लॉकेट करीब 10 ग्राम वजन का था, जबकि मोती अलग से थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस महिला की पहचान करने में जुटी है और आसपास के इलाकों में तलाश जारी है।

- दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात, जांच शुरु

# पाक विस्थापित युवक का शव घर में मिला

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के माता का थान पुलिस थाना क्षेत्र महादेव कॉलोनी में सोमवार सुबह एक घर में पाक विस्थापित का शव संदिग्ध हालत में मिला। उसके हाथ पैर बंधे हुए थे, जिससे प्रथम दृष्टया मामला हत्या का बताया जा रहा है। सूचना मिलने के साथ ही पुलिस के उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचे। एफएसएल टीम, एमओबी को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस अधिकारियों ने मौका मुआयना कर जांच शुरु की।

एडीसीपी पूर्व वीरेंद्र सिंह ने बताया कि माता का थान स्थित महादेव कॉलोनी निवासी 22 साल के विजय कुमार का शव संदेहस्पद हालात में उसके घर में पड़ा होने की सूचना सुबह मिली थी। उसके पड़ौसी द्वारा सूचना दिए जाने पर पुलिस वहां पहुंची। उसके हाथ-पैर बंधे हुए थे, जिससे प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हुआ है। वह पाक विस्थापित परिवार का सदस्य है। उन्होंने बताया कि मृतक विजय कुमार घर पर अकेला ही था। परिवार के लोग रात में बाहर गए हुए थे। सूचना पर डीसीपी पूर्व सी. शाहिन, एडीसीपी वीरेंद्र सिंह, एसीपी मंडोर नगेंद्र कुमार, थानाधिकारी मानाराम आदि वहां पहुंचे। बाद में मौका साक्ष्य के लिए एफएसएल और एमओबी को भी बुलाया गया है। मौके से साक्ष्य जुटाए गए।

एडीसीपी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि मामला ब्लाइंड मर्डर का होने से हर पहलू पर जांच की जा रही है। मौका स्थल पर पड़े शव को देखने पर प्रतीत हुआ कि उसका गला नहीं काटा गया है। आशंका यह भी है कि गला घोंटकर भी मारा जा सकता है। हाथ-पैर बांध कर शव को फर्श पर पटका गया है। पुलिस ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी सुलझाने के लिए टीमों का लगाया गया है।

- युवक के हाथ-पैर बंधे हुए थे, प्रथम दृष्टया मामला हत्या का बताया जा रहा है


कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला जालोर (राज.)
क्रमांक-नि.15()जालोर-सामान्य/2025/5524-41 दिनांक-17.10.2025
संशोधित नीलामी विज्ञप्ति
इस कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी नीलामी विज्ञप्ति क्रमांक 2634-48 दिनांक 13.10.2025 में आंशिक संशोधन किया जाकर सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला जालोर के विभागीय नाकारा वाहन जिनका कुल पुस्तक मूल्य 3591893.36/- रूपये है, की सार्वजनिक नीलामी जहां है-जैसे है के आधार पर दिनांक 10.11.2025 को दोपहर 12.00 बजे पुलिस लाईन जालोर परिसर में की जायेगी। वाहनों की नीलामी से सम्बन्धित पूर्ण शर्ते नियम विभागीय वेबसाईट www.police.rajasthan.gov.in, www.dipr.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | वाहन संख्या | मैक | मॉडल | बुक वेल्यू | अमानत राशि | अमानत राशि जमा करने का निर्धारित समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RJ-16-UA-3525 | बोलेरो | 2013 | 541525.68 | 10900 | दिनांक 10.11.2025 |
| 2 | RJ-16-UA-3526 | बोलेरो | 2013 | 541525.68 | 10900 | को प्रात 11.50 बजे |
| 3 | RJ-16-UA-3527 | बोलेरो | 2013 | 541525.68 | 10900 | तक |
| 4 | RJ-16-UA-3528 | बोलेरो | 2013 | 541525.68 | 10900 | |
| 5 | RJ-16-UA-3123 | जीप (धार) | 2012 | 493391.17 | 9900 | |
| 6 | RJ-16-UA-3149 | जीप (धार) | 2012 | 493391.17 | 9900 | |
| 7 | RJ-16-UA-3992 | जीप (धार) | 2014 | 939408.30. | 8800 | |

शर्ते-
1. नीलामी में भाग लेने हेतु प्रत्यक बोलीदाता को नीलामी से पूर्व उपरोक्तानुसार वाहन की धरोहर राशि जमा करानी हागी। जो निर्धारित समय तक जमा की जावेगी। निर्धारित समय के पश्चचात किस भी सूरत में बोलीदाता से धरोहर
2. राशि जमा नहीं की जायेगी। असफल बोलीदाता को धरोहर राशि नीलामी समाप्त होने पर वापस लोटा दी जावेगी।
3. जिस बोलीदाता की अधीकतम बोली स्वीकार की जायेगी जिसे उस बोली की 25 प्रतिशत उसी समय जमा करानी होगी एवं शेष राशि 03 कार्यदिवस दिवस के अन्दर-अन्दर जमा करवाकर सामान (नाकारा वाहनों को उठाना होगा।
4. नीलामी कमेटी को बिना कारण बताए नीलामी स्थगीत करने का पूण अधिकार होगा।
5. जीएसटी/राजकीय बिक्रीकर नियमानुसार माल खरीददार को अलग से देना होगा।
6. उपरोक्त नाकारा वाहनो का निरीक्षण/अवलोकन किसी भी कार्यदिवस में पुलिस लाईन जालोर में आकर किया जा सकता है।
7. किसी भी प्रकार न्यायिक विवाद का क्षेत्राधिकार जालोर होगा।
8. नीलामी बोली समाप्त होने के बाद सामान (नाकारा वाहनों) को नीलामी स्थान से अपने समय के खर्चे पर ले जाना होगा, इसके लिए इस विभाग द्वारा कोई परिवहन नहीं कराया जायेगा।
9. नीलामी कार्यवाही पूर्ण हो जाने के तत्काल बाद सामान की कमी, चोरी अथवा किसी भी क्षति के लिए सम्बन्धित पार्टी/बोलीदाता की स्वयं की जिम्मदारी होगी।
10. नीलामी की अंतिम रूप से पुष्टि होने के उपरान्त सफल बोलीदाता द्वारा शेष 75 प्रतिशत राशि तीन दिवस के भीतर जमा नहीं करवायी जाती है, तो धरोहर राशि जब्तराज की ली जायेगी।
11. नीलामी बोली 1000 रूपये के गुणक में बोली जायेगी।
12. नीलामी में भाग लेने वाले बोलीदाता स्वयं पहचान दस्तावेज एवं स्थायी निवास स्थान की सत्यापित कॉपी जमा करवानी होगी।
13. नीलामी से सम्बन्धित कोई भी कार्मिक नीलामी बोली में भाग नहीं ले सकेगा।
14. शेष शर्ते सामान्य वितीय एवं लेखा नियमों के अनुसार लागु होगी।

जिला पुलिस अधीक्षक, जालोर
DIPR/C/15741/2025


# ठगों को बैंक खाता उपलब्ध कराने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**पावटा, (निसं)।** शाहपुरा थाना पुलिस ने साइबर ठगों को बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले फरार आरोपी को पकड़ा है। इस युवक के खाते से विभिन्न राज्यों में साइबर ठगी के 106 मामले दर्ज है। वही आरोपी के एसबीआई बैंक शाखा शाहपुरा के म्यूल खाते से करोड़ों की साइबर ठगी हुई है।

जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा डूडी ने बताया कि पुलिस मुख्यालय जयपुर के निर्देश पर पोस म्यूल अकाउंट के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई को लेकर 1 सितंबर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में शाहपुरा थाने में साइबर फ्रॉड करने वाले अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा डॉ. तेजपालसिंह, डीएसपी मुकेश चौधरी के सुपरविजन में थाना प्रभारी हेमराज सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर जांच शुरू कर की गई। पुलिस टीम ने साइबर फ्रॉड करने के लिए म्यूल अकाउंट उपलब्ध करवाने के मामले में फरार चल रहे जोडाला की ढाणी ग्राम कांट निवासी अर्जुनलाल जाट को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी मामला दर्ज होने के बाद से ही फरार चल रहा था। डीएसपी मुकेश चौधरी ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेकर जांच की गई। जिसमें 20 सितम्बर को म्यूल अकाउंट उपलब्ध करवाने वाले आरोपी श्रीराम व म्यूल अकाउंट को किराए पर लेकर साइबर ठगी करने वाले आरोपी देवेन्द्र सिंह को गिरफ्तार किया गया था। थाना प्रभारी हेमराज सिंह ने बताया कि आरोपी अर्जुनलाल जाट का एसबीआई बैंक शाखा शाहपुरा में म्यूल अकाउंट है। आरोपी ने अपराधियों को साइबर फ्रॉड के लिए अपना अकाउंट उपलब्ध करवाया था। उक्त अकाउंट से करोड़ों रुपए की राशि की हेराफेरी की गई। आरोपी के बैंक खाते के खिलाफ देशभर में साइबर फ्रॉड की 106 शिकायतें दर्ज है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।



कार्यालय अधीक्षण अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, वृत-जालोर
Tel.02973-223548, Email secircle.jal.phed@rajassthan.gov.in/sephedjalore@yahoo.com
क्रमाक-वृत/जालोर/निविदा/ /2025-26/1885-98 दिनांक-15.10.2025
बिड आमंत्रण सूचना (NIB) संख्या 01-08/2025-26
राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु लोक निर्माण आर वित्तीय नियम के पार्ट-4 नियम 334(ए) (iii) रूपये:- 150.00लाख तक की निविदाओं हेतु केवल जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में पंजीकृत एवं इससे अधिक लागत की निविदाओं हतु जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में पंजीकृत निविदादाताओं हेतु नियामानुसार छूट के साथ एवं केन्द्र/राज्य सरकार के अधिकृत विभागों/संगठनों केन्द्रीय लोक निमाण विाग रेल डाक दूर संचार विभागों में उपयुक्त समकक्ष श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से पूर्ण धरोहर राशि के साथ ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन बिड आमंत्रित की जात है।

| बिड संख्या | NIB NO. PHE2526A3779 | अनुमानित लागत (लाखो में) | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | बिड शुल्क (रूपये) | ई-प्रक्रिया शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01/2025-26 | UBN NO....PHE2526WSRC07717 | 150.00 | 300000/- | 2000/- | 2000/- | 12माह |
| 02/2025 | PHE2526WSRC07718 | 150.00 | 300000/- | 2000/- | 2000/- | 12माह |
| 03/2025 | PHE2526WSRC07719 | 150.00 | 300000/- | 2000/- | 2000/- | 12माह |
| 04/2025 | PHE2526WSRC07721 | 150.00 | 300000/- | 2000/- | 2000/- | 12माह |
| 05/2025 | PHE2526WSRC07722 | 150.00 | 300000/- | 2000/- | 2000/- | 12माह |
| 06/2025 | PHE2526WSRC07724 | 150.00 | 300000/- | 2000/- | 2000/- | 12माह |
| 07/2025 | PHE2526WSRC07725 | 150.00 | 300000/- | 2000/- | 2000/- | 12माह |
| 08/2025 | PHE2526WSRC07726 | 150.00 | 300000/- | 2000/- | 2000/- | 12माह |
| ऑनलाईन बिड उपलब्ध होने की तिथि | | 17.10.2025 | | | | |
| ऑनलाईन बिड डाउनलोड/अपलोड करने की अन्तिम तिथि | | 03.11.2025 को 6.00 पी.एम. | | | | |
| ऑनलाईन बिड खोलने की तिथि | | 04.10.2025 को 2.00 पी.एम. | | | | |

बिड से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट www.dipronline.org, sppp.raj.nic.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
(संजय शर्मा) अधीक्षण अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, वृत जालोर
DIPR/C/15643/2025

# लॉरेन्स विश्नोई गैंग का सक्रिय गैंगस्टर और कुख्यात अपराधी जगदीप सिंह "जग्गा" अमेरिका से गिरफ्तार

## यह गैंगस्टर लंबे समय से विदेशों में बैठकर भारत में आपराधिक गतिविधियां संचालित कर रहा था


आरोपी जगदीप सिंह उर्फ जग्गा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। राजस्थान पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स को संगठित अपराध के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए लॉरेन्स विश्नोई गैंग के सक्रिय और वर्तमान में रोहित गोदारा गैंग से संबंध रखने वाले कुख्यात गैंगस्टर जगदीप सिंह उर्फ जग्गा निवासी धुरकोट जिला मोंगा (पंजाब) को अमेरिका में डिटेन कर लिया गया है। यह गैंगस्टर लंबे समय से विदेशों में बैठकर भारत में आपराधिक गतिविधियां संचालित कर रहा था।

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय (एजीटीएफ), आतंकवाद निरोधक दस्ता राजस्थान जयपुर (एटीएस) टीम और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश एमएन ने बताया कि इस कुख्यात अपराधी पर लगातार निगरानी रखी हुई थी। जग्गा लॉरेन्स विश्नोई गैंग के लिए विशेष रूप से पंजाब और राजस्थान में सक्रिय था और विदेश में रहकर गैंग के लिए एक्सटोर्शन और फायरिंग की घटनाओं में संलिप्त रहा है। तीन वर्ष पूर्व यह अपने पासपोर्ट पर दुबई भाग गया था और बाद में अवैध रूप से अमेरिका में चला गया। राजस्थान में विभिन्न प्रकरणों में बेल जंप होने के कारण इसके खिलाफ वारंट जारी किए गए।

**■ आरोपी जगदीप के खिलाफ राजस्थान और पंजाब में दर्ज हैं मुकदमे**

जगदीप सिंह उर्फ जग्गा धुरकोट पर पंजाब राज्य में एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं और उसे न्यायालय द्वारा उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया है। राजस्थान में भी उसके विरूद्ध जोधपुर के पुलिस थाना प्रताप नगर और सरदारपुरा में प्रकरण पंजीबद्ध हैं। जिनमें न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए थे। जग्गा मार्च 2017 में प्रताप नगर थाना क्षेत्र में डॉ. सुनील चन्डक पर फायरिंग करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में शामिल था, सितम्बर 2017 में वह जोधपुर के सरदारपुरा थाना क्षेत्र में वासुदेव इसरानी के मर्डर में लॉरेन्स विश्नोई और अनमोल बिश्नोई के साथ जेल में बंद रहा था।


एजीटीएफ टीम ने तत्कालीन पुलिस उप महानिरीक्षक योगेश यादव और वर्तमान पुलिस उप महानिरीक्षक दीपक भार्गव के सुपरविजन में जग्गा के देसी ठिकानों पर दबिश दी गई। बाद में विदेशी नेटवर्क की विस्तृत जानकारी जुटाकर संबंधित अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों से समन्वय स्थापित किया गया। इस प्रयास के बाद जग्गा को कनाडा-यूएसए बॉर्डर के समीप यूएसए आईसीई द्वारा डिटेन कर लिया गया।

गैंगस्टर जगदीप सिंह उर्फ जग्गा धुरकोट फिलहाल यूएसए पुलिस की हिरासत में है। उसे भारत में प्रत्यर्पित करने के लिए सक्षम स्तर पर विधिक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। प्रत्यर्पण के बाद एजीटीएफ को जग्गा से जुड़े अन्य गैंग के सदस्यों की जानकारी मिलने की उम्मीद है। जिसके आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 111 के अन्तर्गत अन्य प्रकरण दर्ज कर संगठित अपराध से जुड़े व्यक्तियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त शर्मा, नरोत्तम वर्मा, पुलिस निरीक्षक रविन्द्र प्रताप, सुनील जांगिड़, मनीष शर्मा, कमल पुरी, हेड कांस्टेबल रमेश कुमार और कांस्टेबल सुभाष चन्द्र और सुरेंद्र कुमार शामिल थे।

# गोविन्द गुप्ता ने संभाला एसीबी महानिदेशक का पद

## 'भ्रष्टाचार पर लगाम तथा आमजन के विश्वास को सर्वोच्च सशक्त बनाना प्राथमिकता होगी'



**जयपुर**। राजधानी जयपुर के झालाना डूंगरी स्थित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) मुख्यालय में सोमवार को गोविन्द गुप्ता ने एसीबी पुलिस महानिदेशक राजस्थान के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण के अवसर पर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव ने पुष्पगुच्छ भेंट कर गुप्ता का स्वागत किया। इसके उपरांत पुलिस महानिदेशक एसीबी को गार्ड ऑफ़ ऑनर दिया गया। इस दौरान एसीबी मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

एसीबी डीजी गोविन्द गुप्ता ने पदभार संभालते हुए कहा कि राज्य सरकार की मंशा अनुरूप भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के अनुसार कार्य करते हुए भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई में पारदर्शिता, त्वरित कार्रवाई और टीम भावना ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। आमजन के विश्वास को और अधिक सशक्त बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

उन्होंने ब्यूरो की टीम को संबोधित करते हुए कहा कि सूचना तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाने तथा जन-जागरूकता बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि ब्यूरो की टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1064 और व्हाट्सएप नंबर 94135-02834 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा, ताकि कोई भी नागरिक भ्रष्टाचार से जुड़ी शिकायतें सहजता से दर्ज करा सके।

एसीबी पुलिस महानिदेशक गुप्ता ने स्पष्ट किया कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी निर्दोष व्यक्ति के साथ अन्याय न हो, साथ ही भ्रष्टाचार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर एवं त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि अब विभाग में नए अधिकारी शामिल हो रहे हैं, जो अधिक टेक्नो-फ्रेंडली हैं। भ्रष्ट अपराधियों को पकड़ने में यह तकनीकी दक्षता उपयोगी सिद्ध होगी। भ्रष्टाचारियों के खिलाफ लंबित अभियोजन स्वीकृति को लेकर कहा कि राज्य सरकार इसके लिए संवेदनशील है और कार्रवाई कर रही है।

एसीबी के मुखिया में तौर पर पदभार संभालते ही नए मुखिया ने प्रदेश के सरकारी तंत्र में फैले भ्रष्टाचार पर लगाम कसने के साथ ही भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में राजस्थान एसीबी फिर एक्शन में नजर आएगी। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे भ्रष्टाचार के खिलाफ इस जन आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाएं और टोल-फ्री नंबर 1064 या व्हाट्सएप नंबर 94135-02834 पर 24 घंटे सम्पर्क कर अपनी शिकायतें दर्ज कराए।

# फिक्स्ड डिपॉज़िट और इक्विटी निवेश को सरल भाषा में समझेंगी महिलाएं

**जयपुर**। 1993 में कोलकाता में शुरू हुए विश्व के सबसे बड़े महिला-नेतृत्व वाले समुदाय मिलेनियम मैम्स जयपुर में अपना पहला सत्र आयोजित करने जा रहा है। 28 अक्टूबर मंगलवार को निर्माण नगर स्थित दिशा फाउंडेशन में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में मिलेनियम मैम्स के संस्थापक और मेंटर बिष्णु धानुका विभिन्न राज्यों से आई महिला मेंबर्स को सम्बोधित करेंगे। जिसमें फिक्स्ड डिपॉज़िट बनाम इक्विटी निवेश विषय पर इस सत्र का उद्देश्य वित्तीय अवधारणाओं को सरल भाषा में समझाना और उन्हें आत्मविश्वास से निवेश सम्बन्धी निर्णय लेने के लिए सक्षम बनाना था। इस दौरान जयपुर में आयोजित होने जा रहे इस प्रथम कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय टीम माला खेतान, नेहा बिहानी, ऋचा तनेजा और सुजाता डागा द्वारा किया जाएगा। जिसे केंद्रीय नेतृत्व टीम एमएम ग्लोबल की अध्यक्ष मेघना बजोरिया, नार्थ ज़ोन को-ऑर्डिनेटर गरिमा सिंघल, ट्रिप कोर्डिनेटर ज्योति बरेलिया, ब्रांड एम्बेसडर नेहा गारोडिया के मार्गदर्शन में संपन्न किया जाएगा। एक इंटरएक्टिव क्यू एंड ए सत्र में प्रतिभागियों ने अपने निवेश से जुड़े सवाल पूछे और व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त किया। इस अवसर पर जयपुर की कई महिला उद्यमी, गृहणियों, प्रोफेशनल्स, शिक्षिकाएं और सामुदायिक नेता एक मंच पर एकत्र होंगे।

कोलकाता में गैर लाभकारी संस्थान मिलेनियम मैम्स बिष्णु धानुका और संजय भुवानिया द्वारा शुरू किया गया। पिछले तीन दशकों में इस संस्था ने 10 हजार से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षित किया है, जिसमें व्यापार समाचार पत्रों और बैलेंस शीट्स का विश्लेषण, वैश्विक आर्थिक प्रवृत्तियों पर नज़र, एजीएम में भागीदारी और प्रमुख उद्योगों की विज़िट शामिल हैं। कोलकाता से आगे बढ़कर बेंगलुरु, मुंबई और 21 भारतीय राज्यों के साथ 20 से अधिक देशों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा चुका है। 2019 में धानुका के नेतृत्व में 29 महिलाओं का प्रतिनिधिमंडल ओमाहा में आयोजित बर्कशायर हैथवे एजीएम - विश्व के सबसे बड़े निवेशकों के सम्मेलन - में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाला सबसे बड़ा महिला निवेशक समूह बना।

# आर्किटेक्ट प्रमोद जैन का स्वागत

**जयपुर**। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में रविवार को आयोजित एक सादे समारोह में प्रदेश के ख्यातनाम आर्किटेक्ट प्रमोद जैन के 51 वर्षों की कार्य साधना का अभिनंदन किया गया। समारोह में कला, संस्कृति और प्रशासन जगत की कई जानी-मानी हस्तियों ने जैन के योगदान और सामाजिक सरोकारों पर अपने विचार व्यक्त किए। राजस्थान की अनेक प्रतिष्ठित इमारतों विशेष रूप से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटरकी डिज़ाइन के लिए पहचाने जाने वाले प्रमोद जैन ने बीते पांच दशकों में सैकड़ों सरकारी, शैक्षिक और सांस्कृतिक भवन तैयार किए हैं। उनकी डिज़ाइनिंग में आधुनिकता और स्थानीय विरासत का अनूठा संतुलन देखने को मिलता है। हाल ही में प्रमोद जैन को डिज़ाइन स्केप पुरस्कार-2025 से भी सम्मानित किया गया।

# दौसा जेल में बंदियों ने मिट्टी से गढ़ा सरदार पटेल का सजीव चित्र

**जयपुर**। विशिष्ट केंद्रीय कारागृह श्यालावास जिला दौसा में राष्ट्रीय एकता दिवस 31 अक्टूबर की तैयारियों के तहत बंदियों ने देश के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की मिट्टी से बनी एक भव्य और सजीव सैंड आर्ट प्रतिमा तैयार की है। यह कलाकृति पूरी तरह से जेल परिसर की प्राकृतिक मिट्टी और रंगों का उपयोग करके बनाई गई है। जो कला के माध्यम से सुधार की दिशा में एक प्रेरक प्रयास है।

जेल अधीक्षक पारस जांगिड़ ने बताया कि इस पहल के माध्यम से बंदियों में सकारात्मकता और राष्ट्रीय भावना का संचार किया जा रहा है। इस अनूठी कलाकृति को बंदी राजेश मूर्तिकार ने अपने हुनर और अथक परिश्रम से गढ़ा है, जिसमें बंदी संदीप गुप्ता ने सहयोगी की भूमिका निभाई। मिट्टी से बने सरदार पटेल के इस चित्र में उनके दृढ़ व्यक्तित्व और राष्ट्रीय एकता के भाव को अत्यंत कुशलता के साथ दर्शाया गया है।

**■ लौहपुरुष की सैंड आर्ट प्रतिमा बनी आकर्षण का केंद्र**

जेलर विकास बागोरिया ने बताया कि राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में जेल परिसर में कई अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में देश की एकता के लिए शपथ ग्रहण, देशभक्ति भरा नुक्कड़ नाटक, सरदार पटेल पर आधारित प्रश्नोत्तरी व भाषण प्रतियोगिता और एक विशेष एकता परेड शामिल है।

# गौशालाओं में मनाया जाएगा गौपाष्टमी पर्व

**जयपुर**। गोपाष्टमी पर्व के अवसर पर प्रदेश की सभी पात्र गौशालाओं में गोपाष्टमी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर गौसेवा, गौपूजन, तथा गौ संरक्षण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

गोपालन निदेशक पंकज ओझा ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री और विभाग के मंत्री जोराराम के निर्देश पर विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा द्वारा प्रवर्तित नावाचार के तहत गोपाष्टमी का पर्व महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। गौमाता के प्रति श्रद्धा और सेवा भाव के प्रतीक गोपाष्टमी के दिन को प्रदेश की सभी पंजीकृत और पात्र गौशालाओं में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर गौसेवा के महत्व को रेखांकित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस संबंध में सभी जिलों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों की गौशालाओं में आयोजित कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग करें तथा अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित कराएं।

गोपाष्टमी महोत्सव के दौरान 29 और 30 अक्टूबर को प्रदेश की समस्त पात्र गौशालाओं में गौमाता की पूजा-अर्चना, गौरक्षा संकल्प, गौचारा वितरण, गौसेवा शिविर तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी जागरूकता गतिविधियाँ भी आयोजित की जाएंगी। साथ ही, गौशाला प्रबंधन समितियों द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सहभागिता से गौसेवा को लोकआंदोलन के रूप में विस्तार देने के प्रयास किए जाएंगे। ओझा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गौसंवर्धन, गौसंरक्षण और गौआश्रयों के विकास हेतु निरंतर योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। गोपाष्टमी जैसे पर्व इन प्रयासों को जन-जन तक पहुँचाने का उत्तम अवसर हैं। उन्होंने कार्यक्रम के उपरांत अपने जिले में आयोजित गतिविधियों की विस्तृत रिपोर्ट भी गोपालन निदेशालय को भिजवाने के निर्देश जिलाधिकारियों को दिए हैं।

# गहरे नाले में मिला युवक का शव

**जयपुर**। जवाहर सर्किल थाना इलाके में सोमवार देर शाम दस फीट गहरे नाले में एक युवक का पड़ा होने की सूचना से हड़कम्प मच गया और घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सिविल डिफेंस टीम की मदद से पानी में पड़ी मिली लाश को बाहर निकालवाया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएमएस अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। पुलिस ने मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास में आस-पास के लोगों से पूछताछ की। लेकिन पुलिस के हाथ फिलहाल कोई सफलता नहीं लगी। पुलिस गुमशुदगी के आधार पर मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास में जुटी हुई है। एसीपी मालवीय नगर आदित्य पूनिया ने बताया कि सोमवार देर शाम लोगों को प्रेम नगर स्थित गंदे नाले में युवक का शव पड़ा हुआ दिखाई दिया। जिसके बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने आधे घंटे की कड़ी मशक्त के बाद सिविल डिफेंस टीम की मदद से पानी में पड़ी लाश को बाहर निकाला।

# विधानसभाध्यक्ष देवनानी से मिले ए.सी.बी. महानिदेशक और जयपुर पुलिस कमिश्नर



**जयपुर**। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से सोमवार को विधानसभा भवन में नव-नियुक्त एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) के महानिदेशक गोविन्द गुप्ता और जयपुर पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने दोनों अधिकारियों को नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएँ दीं। भेंट के दौरान एसीबी महानिदेशक गुप्ता और पुलिस आयुक्त मित्तल ने अपने-अपने विभागों में चल रहे कार्यों और भविष्य की प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी साझा की। अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि पुलिस प्रशासन जनता के विश्वास का प्रतीक होता है और कानून-व्यवस्था मजबूत बनाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

## सार-समाचार

### समर्थ की स्मृति में पेंटिंग प्रदर्शनी

**जयपुर**। समर्थ सिंह सिद्धू की स्मृति में सुकृति आर्ट गैलरी, जवाहर कला केंद्र में चल रही पेंटिंग प्रदर्शनी के चौथे दिन कला, साहित्य और समाज जगत की जानी-मानी हस्तियों ने उपस्थित होकर समर्थ की रचनात्मकता को नमन किया। राजस्थान राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष डॉ. लाड कुमारी जैन ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए समर्थ के बचपन को याद किया। उन्होंने भावुक होकर कहा - वो छोटा समर्थ, जो उंगली पकड़ कर जनांदोलनों का हिस्सा बना, कब इतना बड़ा चित्रकार बन गया, पता ही नहीं चला। पूर्व वाइस चांसलर एवं वरिष्ठ पत्रकार सनी सेबेस्टियन, प्रोफेसर हसन, डॉ. जगदीश प्रसाद, और अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने समर्थ की कला के प्रति अपनी गहरी सराहना व्यक्त की। देश के प्रसिद्ध कवि-व्यंग्यकार संपत सरल ने कहा कि समर्थ की पेंटिंग्स में रंगों की विविधता, जीवन के गहरे अर्थ और संवेदनाओं की अभिव्यक्ति अद्भुत है। प्रसिद्ध पंजाबी गायक जगजीत सिंह जीती ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया और समर्थ की यादों और समर्थ के संस्मरण सुनाए। प्रदर्शनी 28 अक्टूबर तक सुकृति आर्ट गैलरी, जवाहर कला केंद्र, जयपुर में आम दर्शकों के लिए खुली रहेगी। मंगलवार दोपहर 2:30 बजे प्रसिद्ध लेखक विनीत तिवारी और जया मेहता का विशेष व्याख्यान भी आयोजित होगा। सभी का प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

### 'भक्तों की पुकार पर दौड़े आते हैं श्रीराम'

**जयपुर**। श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर(बिड़ला मंदिर) प्रांगण में चल रही संगीतमयी श्री रामकथा के तीसरे दिन सोमवार को व्यासपीठ से कोलकाता के वाणी भूषण संतश्री शंभुशरण लाटा ने अपनी अमृतमयी वाणी में श्रीराम जन्म व बाल चरित्र का सुरुचिपूर्ण ढ़ंग से प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि भगवान राम बेहद दयालु और विन्रम हैं। वे अपने भक्तों की पुकार पर दौड़े चले आते हैं। बड़ी तादाद में मौजूद श्रद्धालु श्रीराम जन्म प्रसंग सुनकर भावविभोर हो गए। आयोजक समस्त डंगायच परिवार की ओर से उमेश व रमेश डंगायच ने बताया कि संगीतमयी श्रीरामकथा से समूचे मंदिर प्रांगण में आनंदमयी श्रद्धालु झूम उठे। राजस्थान की काशी रामगढ़ शेखावटी के मूल निवासी संतश्री शंभुशरण लाटा ने प्रसंग में कहा कि अयोध्या नरेश राजा दशरथ ने पुत्र के लिए यज्ञ कराया। इसके बाद भगवान विष्णु प्रकट हुए। उन्होंने माता कौशल्या को चतुर्भुजी रूप दिखाकर बताया कि वे शीघ्र ही आपके गर्भ से मनुष्य अवतार लेकर आएंगे। महायज्ञ का प्रसाद राजा ने अपनी तीनों पत्नियों कौशल्या, सुमित्रा, और कैकेयी को दिया। माता कौशल्या को राम, सुमित्र को लक्ष्मण और कैकयी को भरत और शत्रुघ्न पैदा हुए। चैत्र माह के शुक्ल नवमी के पावन दिवस पर रघुकुल दीप श्री राम का जन्म हुआ। राम लला का वो बाल रूप इतना आकर्षक था कि उन्हें देखने वाला प्रत्येक व्यक्ति मोहित हो जाता था। मुनियों के मन को हरने वाले उनके अद्भुत रूप का विचार करके माता हर्ष से भर गई। नेत्रों को आनंद देने वाला मेघ के समान श्याम शरीर था। चारों भुजाओं में अपने शस्त्र थे। आभूषण और वनमाला पहने थे।पूरी अयोध्या को सजाकर खुशियां मनाई गई। घर- घर दीये जलाए गए। राम जन्म के अलावा भगवान राम की लीलाओं व कागभुशुण्डि पर राम कृपा आदि अनेक प्रसंग भी सुनाए। मंगलवार को दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक पुष्प वाटिका प्रसंग होगा। कथा 2 नवंबर तक चलेगी।

### गैस सिलेंडर चुराने वाला गिरफ्तार

**जयपुर**। प्रताप नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गैस सिलेंडर चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से चोरी के सौलह सिलेण्डर भी बरामद किए गए है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित गैस सिलेंडर चोरी उन्हें सड़क पर रखकर खुलेआम सस्ते दामों पर बेच रहा था। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात में प्रयुक्त एक बाइक भी जब्त की है। आरोपी के खिलाफ जयपुर शहर में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व संजीव नैन ने बताया कि प्रताप नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गैस सिलेंडर चोरी करने वाले युवराज शर्मा (30) निवासी महेश नगर हाल झालाना डूंगरी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उससे चोरी के 16 गैस सिलेंडर भी बरामद किए।आरोपी के खिलाफ पहले भी चोरी, लूट के आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

### पुलिस ने बदमाशों की परेड निकाली

**जयपुर**। कालवाड थाना पुलिस की ओर से जिंदा कारतूस लेकर घूमते पकड़े दो शोएब खान (28) पुत्र निसार खान निवासी मदीना कॉलोनी थाना झोटवाड़ा और मोहम्मद साहिल (23) पुत्र मोहम्मद रफीक निवासी काली कोठी कॉलोनी झोटवाड़ा की सोमवार सुबह परेड निकाली गई। गौरतलब है कि दोनो ही आरोपित वह पहले भी कई बार जेल जा चुके हैं। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से बरामद हुए कारतूसों के बारे में पूछताछ कर रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पश्चिम) पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि करधनी स्कीम क्षेत्र में दो युवक हथियार और कारतूस लेकर घूमते तत्काल घेराबंदी कर दोनों संदिग्धों को दबोच लिया। जिनके पास से तलाशी में दोनों के पास से मिले दो-दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने सोमवार सुबह दोनों बदमाशों की पैदल परेड निकाली। पुलिसकर्मियों के साथ हथकड़ी लगे बदमाशों को देखकर मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कदमों से अपराधियों में भय और जनता में विश्वास बढ़ता है।

# एमएसपी पर खरीद के संबंध में सहकारिता मंत्री का सख्त रवैया

## फर्जी गिरदावरी पर होगी कार्रवाई, गलत रजिस्ट्रेशन होंगे निरस्त

**जयपुर**। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने खरीफ 2025 में समर्थन मूल्य पर जिंस बेचान के लिए फर्जी गिरदावरी और गलत रजिस्ट्रेशन की शिकायतों पर सख्त रवैया अपनाते हुए निर्देश दिए हैं कि जिन लोगों द्वारा बुवाई के विपरीत फर्जी गिरदावरी दर्ज की गई है, उनके विरुद्ध संबंधित जिला कलेक्टर द्वारा कार्रवाई की जाए। दक सोमवार को शासन सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में राजफेड द्वारा किसानों से मूंग, मूंगफली, उड़द और सोयाबीन की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

**■ गलत रजिस्ट्रेशन करने वाले ई-मित्र संचालकों के विरुद्ध भी होगी कार्रवाई**


सहकारिता मंत्री गौत्तम कुमार दक ने अधिकारियों की बैठक ली।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि फर्जी गिरदावरी के आधार पर यदि किसी ने समर्थन मूल्य पर जिंस बेचान के लिए रजिस्ट्रेशन कराया है तो उसे निरस्त किया जाए, ताकि वास्तविक किसानों को समर्थन मूल्य पर खरीद योजना का लाभ मिल सके। फर्जी गिरदावरी के आधार पर गलत रजिस्ट्रेशन करने वाले ई-मित्र संचालकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में उन्होंने जिला कलेक्टर, बीकानेर को दूरभाष पर तत्काल जाँच एवं कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

सहकारिता मंत्री ने बैठक में यह भी निर्देश दिए कि खरीद केंद्रों पर फसल की गुणवत्ता जाँच के लिए नैफेड और एनसीसीएफ की ओर से सर्वेयर लगाए जाएं। खरीद केन्द्रों पर जिंस की तुलाई हेतु पर्याप्त संख्या में कांटे लगाए जाएं और खरीदी गई फसल को वेयरहाउस में जमा कराने के लिए हैंडलिंग एवं परिवहन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

बैठक में राजफेड के प्रबंध निदेशक टीकम चन्द बोहरा, नैफेड के राज्य प्रमुख महेंद्र सिंह रावत, एनसीसीएफ की राज्य प्रमुख मधु शर्मा, राजफेड महाप्रबंधक वाणिज्य कार्तिकेय मिश्रा एवं उप प्रबंधक आईटी पवन ओझा उपस्थित रहे।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष की स्कूल से लाखों की चोरी

**जयपुर**। मुरलीपुरा इलाके में भाजपा मंडल अध्यक्ष की स्कूल पर अज्ञात नकबजनों ने निशाना साधते हुए अलमारी में रखी लाखों रुपए की नकदी लेकर फरार हो गया। सोमवार सुबह विकास नगर में वंदना बाल भारती के स्टाफ ने स्कूल के मेन गेट का ताला टूटा देख स्कूल संचालक जयंत कुमावत को मामले की जानकारी दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और एफएसएल टीम ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात नकबजन के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी।

**■ अलमारी का लॉक तोड़कर अज्ञात नकबजन नकदी लेकर फरार हुआ**

स्कूल संचालक जयंत कुमावत ने पुलिस को बताया कि रविवार देर रात अज्ञात नकबजन स्कूल के मैन गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसा और अलमारी में रखे 4 चार लाख रुपए लेकर फरार हो गया। इसके साथ ही पास ही स्थित मंडल कार्यालय के ऑफिस से भी कुछ कीमती सामान चोरी कर ले गया है। चोरी की सूचना पर मुरलीपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए। पुलिस फुटेज में कैद हुए चोर की तलाश में जुटी है।

# शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर मनाया शौर्य दिवस


जयपुर स्थित अमर जवान ज्योति पर पूर्ण सैन्य गरिमा और श्रद्धा के साथ 79वां इन्फैंट्री डे मनाया गया।

**जयपुर**। 79वां इन्फैंट्री डे, जिसे शौर्य दिवस के रूप में भी मनाया जाता है, जयपुर स्थित अमर जवान ज्योति पर पूर्ण सैन्य गरिमा और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर की शुरुआत सप्त शक्ति कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह द्वारा अमर जवान ज्योति पर पुष्पांजलि अर्पित करने से हुई, जिसमें सभी रैंकों के अधिकारियों एवं जवानों ने देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। यह आयोजन भारतीय सेना के इन्फैंट्री जवानों के साहस, वीरता और सर्वोच्च बलिदान को समर्पित एक सच्ची श्रद्धांजलि थी।

इन्फैंट्री दिवस 27 अक्टूबर, 1947 को श्रीनगर में सिख रेजिमेंट की पहली बटालियन के उतरने की याद में मनाया जाता है। यह एक ऐसी सैन्य कार्रवाई थी जिसने भारत की आज़ादी के शुरुआती दिनों में दुश्मन के मंसूबों को निर्णायक रूप से विफल कर दिया था। यह दिवस "क्वीन ऑफ़ द बैटल" कही जाने वाली इन्फैंट्री के दृढ़ संकल्प और अदम्य साहस का प्रतीक है। इन्फैंट्री सैनिक वास्तविक सैनिकता की भावना के प्रतीक हैं। प्रत्येक इन्फैंट्रीमैन अदम्य साहस, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा का उदाहरण प्रस्तुत करता है, जो भारतीय सेना की गौरवशाली परंपराओं को जीवंत रखता है। इस आयोजन ने राष्ट्र की सेवा को गर्व, सम्मान और समर्पण के साथ निरंतर जारी रखने के सामूहिक संकल्प को पुनः सुदृढ़ किया।

ARBiT it happens here...

राष्ट्रदूत
TUESDAY
28 October 2025
A-B




## Celebrating International Animation Day

International Animation Day, celebrated every October 28, honours the art and craft of animation that brings imagination to life. Established by the International Animated Film Association (ASIFA), the day highlights the creativity, innovation, and cultural impact of animated films and media across the globe. From hand-drawn sketches to cutting-edge CGI, animation captivates audiences of all ages, transcending language and borders. Schools, studios, and enthusiasts host workshops, screenings, and exhibitions to inspire budding animators and showcase iconic works. This celebration not only recognizes the pioneers of animation but also encourages the next generation to explore storytelling through movement, colour, and imagination.

#KEEN EYE

# "What kind of intelligence are you gathering?"

## When Indira Gandhi corrected J.P. Dutt's Saree Report, with Sharp Wit and Authority



On a memorable public day, as she traveled in an open jeep through North Bengal, then-Prime Minister Indira Gandhi spotted a young woman in the crowd wearing a distinctive saree. Curious, she turned to J. P. Dutt, the head of her intelligence, and asked, "What kind of saree is that?"

Dutt, uncertain, offered a cautious answer, "Maybe a silk saree?" Indira Gandhi swiftly corrected him with a tinge of dry humor: "That's not a silk saree. It's a handloom weave from Coimbatore, Mr. Dutt. What kind of intelligence are you gathering?"

### Unpacking the Exchange

This anecdote reveals several layers of her character and priorities.

**A keen eye for detail:** Indira Gandhi wasn't just a political leader, she appreciated fashion and could distinguish between sarees from mere snapshots. Her ability to identify a handloom weave from Coimbatore speaks both to her cultural sophistication and familiarity with regional textiles.

**A connoisseur of handloom traditions:** Her correction, asserting that the saree was an authentic handloom piece, reflects her pride in India's rich weaving heritage, especially handloom artistry, which she often championed.

**Assertiveness and sharp wit:** The follow-up question, "What kind of intelligence are you gathering?," served as both a clever reprimand and a reminder to her advisors that their duty went beyond mere observation. It was a subtle but powerful lesson in the importance of depth and accuracy.

### Indira Gandhi on Attacking Pakistan



**Is there any situation in which you might attack Pakistan?**

**Indira Gandhi-** Well, I hope not. India has always tried to be on the side of peace and negotiations. But, of course, we cannot endanger our security in any way.


### Why This Story Resonates

In a way, this brief interaction encapsulates much of what made Indira Gandhi a compelling figure: authoritative yet witty, deeply rooted in Indian culture yet commanding on the world stage. The saree, for her, wasn't merely attire, it was a symbol of India's artisanal legacy and a tool of soft power. She once used her sartorial choices strategically, like wearing a striking saree during a diplomatic dinner to subtly unsettle the then-US President. Such moments highlight that she viewed her appearance as an extension of her presence and influence.





Harriet White Fisher.



An illustration of Margarita Grace Phipps shooting a tiger in India from her motorcar.

The Phipps couple had decided to drive through India at a time when motorcars were still luxury items and their mass production had only just commenced. It was not common back then to see a car on Indian roads, let alone in the jungles. For nearly three months, the couple moved around the nation in three automobiles, riding in the luxury sedan themselves, while reserving the other two cars for servants and supplies.

# When Cars Were Rare, Two US Women Explored India In One

#HISTORY

● Kshema Jatuhkarna

In 1904, Margarita Grace Phipps and her husband John 'Jay' Schaffer Phipps were spending their unusual honeymoon in India, driving through the country, camping in the wilderness, when they encountered a tiger.

The scene is described in an article in *The New York Times* on March 20, 1904. As the couple waited in their luxury sedan and the 'native helpers' set up camp, "there came out of the bushes some distance ahead, the cry of a wild animal, which to them was a strange sound… Before they had time to ask any of the natives, these came running of their own accord to warn them that one of the big cats of the jungle could not be far away."

Jay directed every man to load his rifle but then "gallantly ordered that the first shot at the tiger should belong to his wife since she was very anxious to achieve the honor of having slain one of the most feared of animals."

"In another moment, the animal stepped out in the open," read the article. "He was a superb figure, though still young and not full grown. Mrs. Phipps raised her rifle just as the tiger turned his head towards her. She aimed but a second and then fired. So true had been her sight that the bullet found the fatal spot."

The newlyweds were scions of two of the wealthiest families in the West. Jay's father was a partner of steel baron Andrew Carnegie, while Margarita's family ran a company with various interests in South America, including guano trade and 'the world's richest silver mine.'

The Phipps couple had decided to drive through India at a time when motorcars were still luxury items and their mass production had only just commenced. It was not common back then to see a car on Indian roads, let alone in the jungles.


For nearly three months, the couple moved around the nation in three automobiles, riding in the luxury sedan themselves, while reserving the other two cars for servants and supplies.

All the while, Margarita wrote letters home describing the hospitality of the maharajas and the 'strangeness' of the 'natives,' who, she said, would often gawk rather than assist. The quality of Indian roads also found a mention in her letters.

"Delhi - from there to Umballa, the road was excellent. The highway was swarming with travelers, on foot and riding on camels, while every now and then, we encountered drovers bringing bullocks to the market. In the fields, there was plenty of cattle, and they all, camels and men, and women and cattle, stared open-mouthed as we passed by."



An image from Harriet White Fisher's book.



John 'Jay' Schaffer Phipps.

During their India trip, Margarita and Jay's encounters with wildlife, they saw crocodiles, monkeys and exotic birds aside from a tiger, were viewed as encounters of the modern West with the mysterious East. To them, and some in the press, the couple's adventure presented an allegory: it showed how the East could be tamed with technological advancements such as a motorcar and a rifle (wielded occasionally by a woman).

The hide of the tiger they killed remains displayed at the Phipps' Long Island mansion. The house, now a heritage property, has featured in several classic films, such as *North by Northwest* and *The Manchurian Candidate*.

### World Tour

Six years after the Phipps' visit, Harriet White Fisher drove a 40 HP Locomobile around the world, including in India. Born in 1861, Fisher was a businesswoman who owned and ran an anvil and vise factory in Trenton, New Jersey.

She left the United States in July 1909 and travelled in her car for 13 months over 10,000 miles, covering Europe, India, Ceylon, China and Japan. A year later, she wrote about her travels in *A Woman's World Tour in a Motor* and had this to say about the East.

"When one from the Western world visits the strange scenes of the Far East, there is very much more to be noted than mere guidebook details. There is indeed much more to be felt. The mind, as well as the eye, is entranced. The mystic quality of India, that wonderful magic of atmosphere and antiquity, is impressive."

To make her journey relatively comfortable, Fisher's Locomobile was equipped with a bigger fuel tank that allowed her to travel longer distances between refills. Giving her company through the miles were her manager, a cook-cum-secretary, an Italian maid and a Bostonian bull terrier named Honk-Honk. In India, she added a servant to her team called Antonio.

Fisher's book has several chapters devoted to India. In them, she describes the roads she crossed, the rivers her car forded, and the royalty and commoners she met. She found the hotels and inns in India invariably dirty and crowded but had no complaints about the generous hospitality of the maharajas of Gwalior, Benares and Baroda.

When she landed in Bombay, she was struck by its cosmopolitanism.

"Travellers will be struck with the picturesqueness of the scene on landing in Bombay. The quaint native craft at the quay; the crowds of people dressed in the most brilliant and varied costumes; the Hindus of different castes; the Mohammedans, Jews, and Parsis, with a sprinkling from other nationalities; the gaily painted bullock-carts; and other sights of equal novelty, combine to make a lasting impression on the mind of the stranger."

> In the last stretch of her India visit, Fisher visited the burning ghats of Benares, passed miles of poppy fields in Bengal, and met the 13th Dalai Lama, who had fled Tibet and arrived in Darjeeling looking dishevelled but still dignified. The souvenirs she gathered in India were displayed in her New Jersey home. To her, she said, they were reminders of her journey through a 'fairyland.'

She stayed at the Taj Mahal Hotel and bought supplies from the Army and Navy Store in the Fort area. "The first thing a tourist does is to provide himself with a topee and a thin pongee silk suit or gown," she wrote. "Also, it is advisable to carry a small bamboo stick with which to whip the bare legs of the natives who are too persistent in coming close up to one in begging or selling their wares. In this close contact, there is danger of catching the plague or some other disease."

### Royal Welcome

From Bombay, whose streets she found narrow and crowded, she drove to Poona, which, she mistakenly claimed, was the first time any car had ascended Bhor Ghat. As she moved up north, the journey was not always pleasurable. The dak bungalows and inns in the interiors were often poorly maintained. At Mhow, she wrote, the dak bungalow was infested with 'crimson ramblers' or bed bugs.

From Indore, she travelled to Mandu. While in Guna near Gwalior, she sighted the Halley's Comet, which has an orbital period of around 76 years.

A number of sights and experiences impressed her in India. The variety of birds in the country, the mynas, the green parrots, and the swarms of peacocks that made noises like human beings, was striking, she said. The Taj Mahal presented a wonderful sight by moonlight. The roads of Gwalior were "magnificent, the natives working on them all day long. Even a little pebble, the size of one of our hickory nuts, is not allowed to remain…" The maharaja of Gwalior was a fine host, she said, and in his palace could be found several American inventions, including an electric railway set, with silver cars carrying wines, cigars, sweets and cakes.

Fisher received a majestic welcome in Allahabad after crossing Kanpur and Lucknow, where the British were still scarred by the memory of the 1857 Rebellion. "None of the natives are permitted to carry arms of any kind; each man and woman is permitted to carry (only) a long staff of bamboo to protect themselves against snakes and wild animals."

Invited by Motilal Nehru, she also stayed at the magnificent Nehru house in Civil Lines. The mansion, made of white marble, stood in the midst of a big park with miniature lakes on either side. When Fisher arrived, she was welcomed by 75 servants standing in a line, with two elephants on either side. Since elephants routinely scared off horses used by the police and the army, they were not always allowed out. But Motilal Nehru secured special permission from the city authorities to ensure Fisher could ride an elephant to Ganga.

In the last stretch of her India visit, Fisher visited the burning ghats of Benares, passed miles of poppy fields in Bengal, and met the 13th Dalai Lama, who had fled Tibet and arrived in Darjeeling looking dishevelled but still dignified. The souvenirs she gathered in India were displayed in her New Jersey home. To her, she said, they were reminders of her journey through a 'fairyland.'

Between 1899 and 1916, several American women, besides Fisher, travelled across the United States by car. For the nascent auto industry, these journeys were significant because they popularised the motorcar as essential, efficient and easy to use. But reading the accounts of Margarita Phipps and Fisher, it appears that, to them, the destination was as important as the journey.

rajeshsharma1049@gmail.com




Harriet White Fisher's book.

#RARE

# Did You Hear Of The Black Diamond Apple?



## Fruits That Appear Once a Year and Vanish in Days: Nature's Most Elusive Delicacies

In a world dominated by year-round imports and supermarket convenience, some fruits remain stubbornly tied to nature's clock, ripening just once a year, for a fleeting moment, before vanishing. These are not everyday fruits. They are ephemeral wonders, prized for their rarity, flavor, and deep cultural significance. Among them are the Charichuela, Yellow Dragon Fruit, Black Diamond Apple, Black Tiger Fruit, and the increasingly mythic Sinindhu Mango, each one a reminder that some of nature's best gifts come with a short window and a long wait.

### Charichuela: The Amazon's Forgotten Jewel



Hidden deep in the rainforests of South and Central America, the Charichuela (Garcinia madruno) is a fruit with a creamy white interior and a flavor that dances between tangy and sweet, often compared to mangosteen with a citrusy twist. It's not grown in commercial orchards, and its harvest season is so short that it's consumed almost exclusively by local communities. Foraging for it is part of the tradition, and once it's gone, it's gone, until the forest offers it again the next year.

### Yellow Dragon Fruit: The Sweetest of the Cactus Clan



Among all dragon fruit varieties, the Yellow Dragon Fruit (Hylocereus megalanthus) stands out not just for its golden skin but for its exceptional sweetness. Native to northern South America, it blooms only at night and fruits once annually, with a narrow harvest window. Its short shelf life and delicate nature make it difficult to transport, which is why many have never tasted this gem. Those who have describe it as honey-like and refreshing, a reward for patience and timing.

### Black Diamond Apple: The Twilight Treasure of Tibet



Few fruits evoke as much intrigue as the Black Diamond Apple, cultivated at altitudes above 3,000 meters in Tibet's Nyingchi region. Its deep, almost purple-black skin is a result of intense UV exposure, and the apple itself is crisp, sweet, and remarkably dense. It takes years for the trees to bear fruit, and even then, the apples are harvested just once a year, often in small quantities. Prized more for their appearance and rarity than mass consumption, Black Diamond Apples are sold as luxury items, a fruit you might only see, never taste.

### Black Tiger Fruit: A Myth in the Making



The Black Tiger Fruit is a rare enigma. Said to grow in select parts of Southeast Asia, it's named for its dark, striped skin and deep purple or black interior. Though sightings and local lore suggest it exists, very little is officially documented, making it more of a forager's secret or perhaps even a legend in the making. The fruit allegedly appears for only a few days each year during the monsoon or just after, and if you don't catch it then, you'll likely never see it at all.

### Sinindhu Mango: The Mango You'll Miss If You Blink




India's love for mangoes is a centuries-old affair, with each region fiercely loyal to its local variety. But the Sinindhu Mango, native to Andhra Pradesh and Telangana, is a different story altogether. It's not just rare, it's almost elusive. Sinindhu mangoes ripen for a brief spell in early summer and are typically found in local markets for only a few days. Their taste is described as intoxicatingly floral, sweet without being cloying, and buttery in texture. Cultivated in very small quantities and almost never exported, the Sinindhu is a seasonal whisper, a mango that comes and goes like a dream.

### A Taste of Time Itself

What binds these fruits together isn't just their rarity, but their relationship with time. They cannot be rushed. They cannot be mass-produced. You have to wait for them, watch for them, and seize the moment when they arrive. In return, they offer not just flavor, but memory, of a season, a place, a feeling.

In a world obsessed with convenience, these fruits ask us to slow down, to return to a rhythm older than commerce: that of nature, patience, and presence. To taste a Charichuela or Sinindhu mango is to taste not just fruit, but a moment that won't come again, at least not until next year.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# गलत दिशा से आई निजी बस ने एसयूवी को टक्कर मारी, एक की मौत, 36 घायल

## कार सवार परिवार जीण माता दर्शन करने जा रहा था, ओसियां से रवाना होते ही हादसा हुआ

- हादसे में कार में सवार एक ही परिवार के छह लोग घायल हो गये और एक की मौत हो गई
- हादसे के बाद निजी बस भी पलटी खा गई और बस में सवार 31 लोग घायल हो गए

**जोधपुर,** (कासं)। जिले के ओसियां पुलिस थाना क्षेत्र में चाड़ी गांव के समीप सोमवार की सुबह चाड़ी गांव से जोधपुर की तरफ आ रही एक एसयूवी कार को सामने से आई निजी बस ने टक्कर मार दी। हादसे में कार में सवार एक ही परिवार के छह लोग घायल हो गए और एक की मौत हो गई। इधर हादसे के बाद बस भी पलटी खा गई और उसमें सवार 31 लोग घायल हो गए। जिनमें 12 लोगों को जोधपुर रैफर किया गया है। कार में सवार सभी छह लोगों को जोधपुर भेजा गया है। मृतक भीनमाल का है और व्यापारी बताया जाता है। साथ में पत्नी और बेटे भी थे। सूचना के बाद पुलिस मौका स्थल पर पहुंची। कार में सवार मृतक बुरी तरफ फंस गया था, जिसे बाद में बमुश्किल बाहर निकाला गया।

ओसियां थानाधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह आठ बजे के आसपास चाड़ी गांव के समीप में सड़क दुर्घटना की जानकारी मिली। चाड़ी की तरफ आ रही एक ग्रामीण रूट की निजी बस और एसयूवी-700 में यह टक्कर हुई थी। प्रथम दृष्टया पता लगा कि बस चालक ने गलत दिशा में जाकर कार को टक्कर मारी है। हादसे में कार में सवार भीनमाल जालोर निवासी भंवरजी पुत्र प्रताप माली की मौत हो गई। कार चालक दिलीप कुमार, अरविंद, विजय, उषा माली, संतोष माली एवं महेंद्र बुरी तरह घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जोधपुर रैफर किया गया है। इस हादसे के बाद बस पलटी खा गई और उसमें सवार 31 लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए ओसियां और जोधपुर के अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। छह लोगों को जोधपुर रैफर किया गया है। हादसे में जाखण निवासी सुल्तान, पूनासर ओसियां निवासी नरसिंगराम, ओमपुरा निवासी पेमाराम जाट, चाड़ी के ओमप्रकाश विश्नोई, खिंदाकोर के पप्पूराम, बापिणी के दिनेश, ज्योति मेघवाल, पूनासर की यशु कंवर, कंवरजी की खेजड़ी निवासी पूजा पुत्री भागीरथराम, चाड़ी के किशनाराम, थारा के संजय, कपूरिया निवासी नैनसिंह, पूनासर निवासी भोजाराम, रिमडमलसर निवासी गंगाराम, जाखण के सत्ताराम, ओमपुरा निवासी पूनाराम, बिरसालु निवासी माधाराम, कड़वा के दीपसिंह, चाड़ी के जगदीश, निंबों का तालाब निवासी रामेश्वर, पूनासर के गोमदराम, पंडितजी की ढाणी के दिलीपसिंह, बिरसालु निवासी हुकमाराम, धर्मेंद्र, जगदीश, भगवती, पंडितजी की ढाणी के जसराज सोनी, गणपतसिंह, जितेंद्र सिंह, बाबूराम, एवं पूनासर के चोलाराम पुत्र मांगूराम घायल हुए हैं। बस में सवार पूजा, किशनाराम, संजय, नैनसिंह, भोजाराम एवं गंगाराम को जोधपुर रैफर किया गया है।

कार चला रहे दिलीप सैन ने बताया कि वो भीनमाल से अल सुबह चार बजे निकले थे। आज सुबह ओसियां से नाश्ता करके निकले थे। थोड़ा आगे निकलते ही सामने मोड पर अचानक से बस रॉन्ग साइड में सामने आ गई। बस की स्पीड करीब 100 के आस-पास थी। मुझे कुछ सेकेंड भी संभलने का मौका नहीं मिला। हालांकि मैंने गाड़ी को बचाने का प्रयास किया, लेकिन बस ने गलत दिशा में टक्कर मार दी। कार में सवार महिला ऊषा ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ भीनमाल से जीण माता दर्शन के लिए जा रहे थे। ओसियां से रवाना होते ही ये हादसा हो गया। हादसे की सूचना के बाद में कांग्रेस नेता करण सिंह उचियारड़ा अस्पताल पहुंचे तथा घायलों से मुलाकात की। उन्होंने सभी घायलों से मुलाकात की और उनसे हादसे को लेकर जानकारी ली।

# किसान के फसल का बीमा उठाने से पहले ही ठगों ने क्लेम लिया

## किसान ई-मित्र पर पहुंचा तो पता चला, 5 गांव के 11 किसानों से धोखाधड़ी

- किसान को यह भी मालूम नहीं चला कि उसकी फसल पर ठगों ने इंश्योरेंस भी करा रखा है
- एफआईआर के मुताबिक खोखराणा, लालेरा, खियेरां, भादवा, खिलेरिया में भी कई लोगों के साथ इसी तरह की धोखाधड़ी हुई

**बीकानेर,** (निसं)। यहां ठगों ने किसान के फसल का बीमा उठाने से पहले ही क्लेम ले लिया, यही नहीं किसान को यह भी मालूम नहीं चल पाया कि उसकी फसल पर ठगों ने इंश्योरेंस करवा रखा है। जब किसान ई-मित्र पर अपनी फसल का इंश्योरेंस कराने पहुंचा तो मामले का खुलासा हुआ। ई-मित्र संचालक ने बताया कि फसल का क्लेम तो पहले ही किसी और नाम से दिया जा चुका है। इसके बाद एक एक कर करीब 5 गांवों के 11 किसान सामने आए हैं, जिन्होंने थाने में अपनी शिकायत दी है।

लूणकरनसर के खोखराणा गांव के किसान बुधराम मेघवाल ने पुलिस को रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि इलाके में एक गिरोह बीमा क्लेम उठाने का काम कर रहा है। बुधराम की संयुक्त खातेदारी कृषि भूमि गांव खोखराणा में खसरा नंबर 430 में 6.8300 हेक्टेयर व खसरा नंबर 830 में 6.5800 हेक्टेयर है। दोनों खसरा में कुल 13.4000 हेक्टेयर जमीन है। इसमें उसका चौथाई हिस्सा है। शेष उसके तीन अन्य भाई मुखराम, श्रवण राम व मघाराम की है।

रिपोर्ट में बताया कि बुधराम ने जुलाई 2025 में खरीफ की फसल काश्त करने पर पी एमएफबी बाई योजना के तहत अपनी खरीफ की फसल का बीमा करवाने के लिए गांव (खोखरणा) में स्थित ई-मित्र केंद्र पर सम्पर्क किया था। बुधराम ने बताया कि मेरे होश उड़ गए जब ई-मित्र संचालक ने बताया कि मेरे खेत में खरीफ की फसल ग्वार के लिए किसी देवीलाल पुत्र श्रीराम निवासी लालेरा ने फसल बीमा के लिए आवेदन किया था। इसमें खसरा नंबर इन्हीं भाइयों के खेत के थे, इसमें पॉलिसी नंबर भी दिए गए थे। संचालक ने बताया कि दोनों खसरों की जमीन का बीमा पहले ही करवाया जा चुका है। ई-मित्र संचालक ने ये भी कहा कि देवीलाल नाम से रबी की फसल का बीमा भी उनके खाते से ही उठाया गया था। तब 45 हजार रुपए दी सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड बीकानेर की शाखा लूणकरणसर के माध्यम से देवीलाल ने ले लिए हैं।

बुधराम ने आरोप लगाया है कि देवीलाल ने राजस्व विभाग के कर्मचारियों और बैंक के कर्मचारियों से मिलीभगत कर कूटरचित दस्तावेजों पर उसके और उसके परिवारजनों के फर्जी हस्ताक्षर व अंगूठे लगा लिए। रबी 2024 की फसल सरसों व तारामीरा के बीमा क्लेम आवेदन अपने नाम से 45 हजार का भुगतान बैंक दी सेन्ट्रल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड लूणकरणसर से प्राप्त कर लिया।

एफआईआर में देवीलाल, भगवाना राम पुत्र खेताराम, बलराम पुत्र कालूराम जाट निवासी लालेरा और शिवलाल पुत्र मेहनराम जाति निवासी खियेरा के नाम लिखवाए गए हैं। पुलिस के अनुसार, किसान को फसल बीमा के बारे में जानकारी ही नहीं होती और ये लोग फर्जी नाम से फसल का बीमा कटवाकर फर्जी भुगतान उठा रहे हैं। एफआईआर के मुताबिक खोखराणा, लालेरा, खियेरां, भादवा, खिलेरिया में भी कई लोगों के साथ इसी तरह की धोखाधड़ी हुई है।

# बाड़मेर से कोटा आ रही निजी बस पलटी, एक दर्जन यात्री घायल



दुर्घटना के बाद क्रेन बुलाकर सड़क से बस हटवाई।

- आगे चल रहे ट्रेलर को ओवरटेक के प्रयास में बस अनियंत्रित होकर पलट गई
- बस में करीब 40-45 यात्री सवार थे, लोगों ने घायलों को बस से निकाला

**कोटा,** (निसं)। नांता थाना इलाके में सोमवार सुबह कोटा-उदयपुर नेशनल हाईवे पर आगे चल रहे ट्रेलर को ओवरटेक के प्रयास में बाड़मेर से कोटा आ रही निजी बस तेज रफ्तार में अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में करीब एक दर्जन से ज्यादा यात्री घायल हो गये। बस पलटते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। उधर से गुजर रहे लोगों ने लहूलुहान यात्रियों को बस से निकाला और अस्पताल पहुंचाया। बस पलटने की सूचना पर पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी अस्पताल में घायलों से मिलने पहुंचे।

कोटा सिटी एसपी तेजस्विनी गौतम, लाडपुरा एसडीएम गजेंद्र सिंह, पुलिस उपाधीक्षक मनीष शर्मा आदि ने हादसे में घायल महिलाएं और बच्चों से जानकारी ली। एडीएम गजेंद्र सिंह ने उचित इलाज के लिए अस्पताल को निर्देश दिए।

नान्ता थाने के उपनिरीक्षक थानाधिकारी नवलकिशोर शर्मा ने बताया कि बाड़मेर से कोटा आ रही यात्रियों से भरी निजी बस खड़ीपुर के समीप ट्रेलर को ओवरटेक करने के दौरान ट्रेलर चालक द्वारा ब्रेक लगाने पर अनियंत्रित होकर पलट गई। थानाधिकारी ने बताया कि बस में करीब 40-45 यात्री सवार थे, बस पलटने की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। हादसे में करीब एक दर्जन से ज्यादा यात्री घायल हो गए जिसमें महिलाएं और बच्चे भी हैं। थानाधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के बाद क्रेन बुलाकर सड़क से बस हटाई और रास्ता क्लियर कराया गया। थानाधिकारी ने बताया कि बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है एवं बस को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया, मामले की जांच की जा रही है। हादसे में घायलो में कुणाल, हिमांशु, सीमा गौस्वामी, उमर खान, लवली, मुकेश कुमार, जितेन्द्र कुमार, कृष्णा, मदन, राजेन्द्र, प्रेम बाई, बनवारी बाई एवं सामरिया है।

## ट्रक से टकराई रोडवेज बस

**टोंक,** (निसं)। बरोनी थाना क्षेत्र पर स्थित जयपुर-कोटा नेशनल हाईवे-52 पर सोमवार दोपहर को जयपुर से कोटा की ओर जा रही राजस्थान रोडवेज बस आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे के बाद बस में चीख-पुकार मच गई तथा चार जने घायल हो गए। घटना के बाद में घटनास्थल पर मौजूद राहगीरों व ग्रामीणों ने घायलों को सआदत अस्पताल टोंक में भर्ती कराया। बस में मौजूद एक सवारी ने बताया कि यह हादसा बारिश के चलते एकाएक ट्रक नजर नहीं आने से हुआ है, इस दौरान बस के आगे वाइपर भी नहीं था। इससे बस के आगे का शीशा रिमझिम बारिश से धुंधला हो गया और चालक को ट्रक नजर नहीं आया जिससे हादसा हो गया। मौके पर पहुंची बरोनी थाना पुलिस ने बताया कि जयपुर से कोटा जा रही रोडवेज बस बरोनी थाना क्षेत्र के एनएच-52 के डीटीओ ऑफिस के पास पर चल रहे ट्रक स्पष्ट रूप से नहीं दिखा और रोडवेज बस पीछे से टकरा गई। हादसे में चार सवारी घायल हुई है, जिन्हें सआदत अस्पताल पहुंचाया गया है।

# धुधाड़ा-जोधपुर सड़क की गुणवत्ता में कई खामियां : पूर्व राज्यमंत्री पुखराज पाराशर

## पुखराज पाराशर ने क्षतिग्रस्त सड़क की खामियां दूर कराने के लिये मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

- सड़क का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है, मगर सड़क की गुणवत्ता को लेकर कई खामियां रही हैं

**जालोर,** (कासं)। जन अभाव अभियोग निराकरण समिति के पूर्व अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने मंगलवार को जालोर जिले के नरसाणा भंवरानी होते हुए धुंधाडा-जोधपुर सड़क निमार्ण में सड़क की गुणवत्ता को लेकर कई खामियां होने को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखा है।

पूर्व राज्यमंत्री पुखराज पाराशर ने बताया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा जालोर जिले के नरसाणा, भंवरानी होते हुए धुंधाडा तक सड़क के चौड़ाईकरण एवं सौंदर्यकरण के लिए 56 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की थी। जिसका शिलान्यास 30 जून 2023 को किया गया था। सड़क की स्वीकृति जालोर जिले को जोधपुर से जोड़ने के लिए वैकल्पिक मार्ग उपयोग के लिए की गई थी। जिसका निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है, मगर सड़क की गुणवत्ता को लेकर कई खामियां रही हैं, जिसे पूर्ण करने से जनहित में इसका लाभ मिलेगा।

पत्र में बताया कि बाला ग्राम से भोरड़ा ग्राम तक 3-4 किमी. सड़क का काम अधूरा है तथा घाणा नदी, घाणा गेलावास के बीच जो पुल बना हुआ है उसे मरम्मत की आवश्यकता है। अगर इसकी जगह नया व ऊँचा पुल बनाया जाए तो बारिश के दिनों में रास्ता नहीं रुकेगा। अभी भी बारिश के दिनों में कई दिनों तक आवागमन बंद रहा है। बिजली व घाणा ग्राम के बीच बांडी नहर पर स्थित छोटे पुल का स्लोप बहुत ही ऊँचा है, जिससे गाड़ियों के आने-जाने में बहुत ही परेशानी हो रही है। अभी 3-4 माह पहले एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें 2 लोगों की मौत हो गई थी।

पत्र में बताया कि जोधपुर जिले के धुंधाड़ा गांव से पहले जहां ये सड़क (नरसाणा धुंधाड़ा) समाप्त होती हैं, वहीं से सड़क क्षतिग्रस्त है। इसे दुरस्त कराया जाना चाहिए। धुंधाड़ा से कांकाणी की ओर जाने वाली सड़क पर बड़े-बड़े स्पीड ब्रेकर बनाये हुए हैं। उसे कम करने की आवश्यकता है जिससे वाहनों को नुकसान नहीं हो। जालोर से रोहट सड़क (बीओटी) की खराब स्थिति को देखते हुए जोधपुर के लिए बनाये गये वैकल्पिक सड़क की उक्तानुसार खामियों को दूर करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को देने का श्रम करावे, ताकि जनता को इसका लाभ मिल सके।

पूर्व राज्यमंत्री पुखराज पाराशर ने बताया कि सरकार ने अपनी गलती को सुधारने का ढोंग रच कर एक स्वीकृति पत्र जारी कर श्रेय लेने का तरीका ढूंढने का असफल प्रयास किया है। जनता सब जानती है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान विधानसभा में 27 करोड़ की लागत से जालोर जिले की सड़क निर्माण की घोषणा कर स्वीकृति जारी की थी। स्थानीय वन विभाग के प्रस्ताव अनुसार वन एव पर्यावरण विभाग ने स्वीकृति दी। तत्पश्चात वित्तीय स्वीकृति जारी होकर निविदा आमंत्रित कर कार्य आदेश जारी कर दिए गए हैं। तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 3 जून 2023 को शिलान्यास किया, तत्पश्चात् भैरूनाथ अखाडे के महंत गंगानाथ महाराज के हाथों कार्य शुरू किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर,वन विभाग के अधिकारी भी उपस्थित थे, तब कोई तकनीकी खामी नजर नहीं आयी। सरकार बदल गई, भाजपा की सरकार बनते ही उनकी आंख में ये ऐतिहासिक विकास कार्य खटकने लगा, तो उसी वन विभाग के अधिकारी से इसमें रोड़ा अटकाने का नाटक करवाया गया और काम रुकवा दिया गया, जिसकी उपस्थिति एवं प्रस्ताव से ये सड़क स्वीकृत हुई, दो साल काम रुका रहा है। शायद सड़क निर्माण की लागत भी बढ़ गई होगी। जैसे ही भाजपा सरकार आने के बाद जालोर के मेडीकल कॉलेज को भी सभी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद भी रोक दिया गया। यहां तक कि शिलान्यास पट्टिकाओं को भी तोड़ दिया गया है।

## तीन आरोपी गिरफ्तार

**टोंक,** (निसं)। थानाधिकारी कोतवाली के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा कोतवाली थाना क्षेत्र के गाड़ियों के अड्डा इलाके में हुये जानलेवा हमले के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके कब्जे से लोहे का सरिया व एक धारदार हथियार भी बरामद किया गया है। कोतवाली थानाधिकारी ने बताया कि 23 सितम्बर को परिवादी अब्दुल अजीज को आरोपियों ने फोन करके गाड़िये के अड्डे पर बुलाया और उस पर हथियार व सरिये लकड़ीयों से वार कर दिया। घटना में उसे और उसके भाई को गम्भीर चोटे आई।

# एमडीएसयू में क्रिकेट विवाद पर बवाल

## प्रदर्शनकारियों और सिविल लाइंस थाना पुलिस के झड़प भी हुई

- छात्रसंघ अध्यक्ष ने कुलगुरु पर तानाशाही रवैये का आरोप लगाया

**अजमेर,** (निसं)। महर्षि दयानंद सरस्वती वि.वि. (एमडीएसयू) में अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर विवाद गरमा गया। छात्रसंघ अध्यक्ष महिपाल गोदारा के नेतृत्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने सोमवार को विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों और सिविल लाइंस थाना पुलिस के बीच हल्की झड़प भी हुई। पुलिस ने छात्रों को मुख्य द्वार पर ही रोक दिया गया।

विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता सोमवार से शुरू हुई। इस प्रतियोगिता में दर्जनों कॉलेज भाग ले रहे हैं। गोदारा ने कुलगुरु प्रो. सुरेश अग्रवाल पर तानाशाही रवैये का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि क्रिकेट प्रतियोगिता से ठीक पहले आर्यन कॉलेज को बाहर करना खिलाड़ियों के भविष्य से खिलवाड़ है। उन्होंने बताया कि छात्रों का प्रतिनिधि मंडल शनिवार को कुलगुरु से मुलाकात के लिए गया था, लेकिन अग्रवाल बिना छात्रों से मिले पिछले दरवाजे से निकल गए। गोदारा ने कहा कि 2024 में भी एक छात्र के नौकरी करने के मामले में आर्यन कॉलेज को प्रतियोगिता से बाहर किया गया था। इस बार 2025 में कुलगुरु की अनुशंसा पर कॉलेज को दो साल के लिए निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर फैसला वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा। विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने कुलगुरु के खिलाफ नारेबाजी की और निर्णय को छात्र विरोधी बताया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के इस कदम से दर्जनों प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का भविष्य अधर में लटक गया है।

## सहायक प्रशासनिक अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

**सरदारशहर,** (निसं)। भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तहसील कार्यालय में सहायक प्रशासनिक अधिकारी निर्मल सोनी को 90 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। झुंझुनू एसीबी के डीएसपी शब्बीर खान ने बताया कि एसीबी मुख्यालय जयपुर के निर्देश पर एसीबी चौकी झुंझुनूं इकाई ने इस ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया है। परिवादी अंजनी सोनी ने एसीबी में शिकायत दी थी कि उन्होंने तहसील कार्यालय सरदारशहर में कृषि भूमि के कन्वर्जन के लिए आवेदन किया था। इस दौरान तहसीलदार और सहायक प्रशासनिक अधिकारी निर्मल सोनी ने कन्वर्जन करवाने के एवज में एक लाख रुपये रिश्वत की मांग की। जिस पर झूंझनूं एसीबी टीम द्वारा 25 अक्टूबर को सत्यापन करवाया गया। निर्मल सोनी ने परिवादी अंजनी सोनी को अपने घर पर बुलाकर बात की थी। निर्मल सोनी ने कन्वर्जन फीस के अलावा 90 हजार रुपये की डिमांड की थी। सत्यापन करवाने के बाद सोमवार को टीम ने तहसील कार्यालय के सहायक प्रशासनिक अधिकारी निर्मल सोनी को 90 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। निर्मल सोनी ने परिवादी से राशि लेकर अपनी पेंट की जेब में रखी थी जो टीम द्वारा निर्मल सोनी की जेब से बरामद की है। शब्बीर खान ने बताया कि तहसीलदार की भूमिका के बारे में जब निर्मल सोनी से पूछताछ की गई तो कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया जा रहा है। निर्मल सोनी का कहना है कि यह पैसे मेरे द्वारा उधार लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मामले को लेकर अनुसंधान जारी है। अनुसंधान में पूरा मामला स्पष्ट हो पाएगा।

## विवाह सम्मेलन में 154 जोड़े बने हमसफर

**सरवाड़,** (निसं)। शहर में देशवालियान समाज के तत्वावधान में रविवार को 12 वें सामूहिक विवाह सम्मेलन में 154 जोड़े हमसफर बने। कार्यक्रम शहर के किले के चौक स्थित मोहम्मादिया पब्लिक विद्यालय व दारुल उलूम के मैदान में जोड़ों की आमद शुरू की गई। वहीं सुबह सामूहिक निकाह की रस्म अदा की गई।

जौहर की नमाज के बाद सभी जोड़ों को विदाई दी गई। इस दौरान बाहर से आने वाले जोड़ों के लिए आवास व पेयजल आपूर्ति एवम् सुरक्षा भोजन आदि सभी प्रकार की व्यवस्थाएं माकूल इंतजाम किए गए। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक शत्रुघ्न गौतम ने शिरकत की। गौतम का माला व साफा बंधवाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर गौतम ने संबोधित भी किया और जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

# अंतर्राष्ट्रीय पुष्कर पशु मेला परवान पर, पशुपालकों के साथ हजारों की तादात में अश्व और ऊँट पहुंचे



पुष्कर मेले में विभिन्न प्रकार की नस्लों के घोड़े पहुंचे।



मेला क्षेत्र में ऊंट अठखेलिया करते नजर आ रहे हैं।



रेतीले धोरों में विदेशी पर्यटक भ्रमण करके आनंद ले रहे हैं।

- 68 इंच ऊँचाई वाला बादल और साढ़े 65 ऊँचाई वाला शहबाज घोड़ा मेले की रौनक बढ़ा रहा है
- अब तक हजारों के तादाद में विदेशी पर्यटक पुष्कर मेला देखने के लिए पहुंच चुके हैं

**पुष्कर,** (निसं)। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पुष्कर पशु मेला पूरे परवान पर है। मेला मैदान के रेतीले धोरों में ऊंटों और घोड़ों की आवाजें गूंज रही है। अब तक 3100 घोड़े-घोड़ियां और 1300 ऊँट धोरों में पहुंच चुके हैं। वहीं मोथा तूफान की बारिश ने जानवरों, मेलार्थियों और पशुपालकों को ठिठुरा दिया है, वहीं सर्दी बढ़ गयी है। पुष्कर मेला क्षेत्र में खुले आसमान के नीचे ऊंट अठखेलिया करते नजर आ रहे हैं। वहीं अब तक हजारों के तादाद में विदेशी पर्यटक पुष्कर मेला देखने के लिए पहुंच चुके हैं।

मेले में हरियाणा, पंजाब व गुजरात समेत कई राज्यों से अश्व पालक अपने-अपने घोड़ों के साथ स्टेट फार्मों के टेंटो में घोड़ों का प्रदर्शन कर रहे हैं। बीते कुछ सालों से ऊंटों से खासा पहचान बनाने वाला पुष्कर पशु मेला अब घोड़ों के मेले में तब्दील हो गया है, जिसके चलते पुष्कर पशु मेले में करोड़ों के नामी अश्व घोड़े खरीद फरोख्त समेत प्रदर्शन के लिए डेरे जमा रखे हैं। इसी बीच मेले में 68 इंच ऊँचाई वाला 5 साल का बादल और साढ़े 65 ऊँचाई वाला काले रंग का शहबाज घोड़ा जिसकी कीमत 15 करोड़ से ज्यादा है, वहीं मारवाड़ी नस्ल का हर्ष नाम का घोड़ा मेले की रौनक बढ़ा रहा है। घोड़ों और 800 किलो का बुलबुल भैसे को देखने के लिए बारिश में लोग पुष्कर मेले में पहुंचकर बादल, शाहबाज, हर्ष घोड़े समेत बुलबुल भैसे को निहार रहे हैं। केकड़ी के अश्व पालक राहुल जैतवाल अपने सफेद रंग के घोड़े-घोड़ियों के साथ मेले में पहुंचे हैं, जिसमे सबसे खास है पांच साल का बादल नाम का घोड़ा जो कि लगातार तीसरी बार पुष्कर मेले में आया है। राहुल ने बताया कि बादल बादल बॉलीवुड की कई फिल्मों में काम कर चुका है। पुष्कर मेले के बाद बादल तीन महीने के लिए बैंगलूरु में शूटिंग के लिए जाएगा। वहीं लोगों का का कहना है कि अश्व पालक अपनी रेटिंग बढ़ाने के लिए खुद ही यूट्यूबर और पदेर्जी पर रील बनाने वालों से घोड़ों की क़ीमत करोड़ों में बता रहे हैं। अब एक ट्रेड बन गया है।

पुष्कर पशु मेले में आए शाहबाज नाम के घोड़े के मालिक पंजाब में वीर स्टेट फॉर्म चलने वाले गेरी सिंह ने बताया साढ़े पांच साल का शाहबाज काले रंग नुगरा नस्ल का घोड़ा है। यह कंपलीट पैकेज है। सुंदरता और इसका भविष्य बहुत ही अच्छा है। यह खास तौर पर वीर स्टेट फॉर्म की शान बढ़ा रहा है। इसकी कीमत 9 करोड़ रुपए से ज्यादा लग चुकी है लेकिन 15 करोड़ रुपए से ज्यादा इसको बेचने की बात कही है।

मारवाड़ी नस्ल का हर्ष नाम का घोड़ा भी मेले की शान बढ़ा रहा है। हर्ष के मालिक यशोराज सिंह ने बताया कि हर्ष मारवाड़ी घोड़ा है इसकी ब्रीडिंग बहुत ही अच्छी और आकर्षित है। इसका भविष्य बहुत ही सुंदर है। इसी सुंदरता के चलते इसे खूब निहारने के लिए लोग पुष्कर मेले में पहुंच रहे हैं।

**विदेशी में मेला देखने पहुंच रहे हैं धोरो में :** -पुष्कर मेले में रेतीले धोरों में विदेशी पर्यटक भ्रमण करके खूब आनंद ले रहे हैं। यही नहीं विदेशी पर्यटक राजस्थानी वेशभूषा पहनकर अश्व पालक और ऊंट पालकों से बातचीत कर रहे हैं। फ्रांस से पुष्कर घूमने आए केवीन ने बताया कि उन्हें भारत और राजस्थान बहुत सुंदर लगता है और यहां की वेशभूषा की तो बात ही अलग है।

## संक्षिप्त

### किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए हरियाणा रवाना

**कोटपूतली ।** उप निदेशक उद्यानिकी लीला राम जाट ने बताया कि कोटपुतली-बहरोड़ के 40 प्रगतिशील किसानों को परियोजना निदेशक, आत्मा द्वारा 7 दिवसीय आवासीय अंतरराज्यीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु नेचुरल फार्मिंग ट्रेनिंग इंस्टिट्ययूट, गुरुकुल कुरुक्षेत्र (हरियाणा) के लिए रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण जैविक एवं प्राकृतिक खेती पद्धितयों पर केंद्रित है, जिसका उद्देश्य किसानों को नवाचारपूर्ण, टिकाऊ एवं पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों से सशक्त बनाना है ताकि मृदा स्वास्थ्य एवं उत्पादकता में सुधार हो सके।

### बैठक आयोजित

**टोंक।** युवा कांग्रेस संगठन टोंक की सृजन अभियान व वोट चोर-गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्थान युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी विकास चिकारा व सहप्रभारी ज्ञानेश शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी की संगठन सृजन अभियान से कांग्रेस में जमीनी व योग्य पदाधिकारियो की नियुक्ति होगी। वही प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष सुधींद्र मुंड ने कहा की वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान में सैकड़ों युवाओं के हस्ताक्षर से मुद्दा गांव ढाणी तक पहुंचेगा। इस अवसर पर बैठक में प्रदेश महासचिव साहिल नकवी, प्रदेश महासचिव संपत महुवा, प्रदेश महासचिव विक्रम चौधरी, प्रदेश सचिव आतिफ नकवी, जिलाध्यक्ष हंसराज गुंजल सहित सैकड़ों युवा कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 30 को पंचायतों में लगेंगे सेवा शिविर

**दौसा।** राज्य सरकार की ओर से आमजन को एक ही स्थान पर सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने और जनसमस्याओं का निस्तारण करने के लिए चलाए जा रहे ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर अभियान के तहत 30 अक्टूबर, गुरूवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किए जाएंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा रामस्वरूप चैहान ने बताया कि ग्रामीण सेवा शिविर अभियान के तहत 30 अक्टूबर को नांगल चापा (दौसा), श्यालावास कलां एवं भाण्डेडा (बांदीकुई), पाड़ली (सिकराय), तलाबगांव एवं सुरतपुरा (लालसोट) में शिविर आयोजित किए जाएंगे

### रामस्वरुप वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत

**दौसा।** राजस्थान ब्राम्हण महासभा के प्रान्तीय संरक्षक एस डी शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष राधेश्याम जैमिनी के निर्देशानुसार प्रमुख महामंत्री (मुख्यालय) ब्रज भूषण साण्डिल्य ने पंचायत समिति सिकराय व सिकन्दरा परिक्षेत्र से रामस्वरूप चतुर्वेदी को प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रतन जोशी(मानपुर) को प्रदेश उपाध्यक्ष व महेश शर्मा सरपंच गण्डरावा को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्य किया है। इसी तरह विजेंद्र कुमार शर्मा (मानपुर), चिरंजी लाल अवस्थी, बाबूलाल रायपुरा, गोविंद सहाय शर्मा, दिनेश भौमिया, रमाकांत जोशी और पुरुषोत्तम भारद्वाज को प्रदेश संगठन मंत्री व महेश भण्डारी को प्रदेश प्रचार मंत्री के पद पर मनोनीत किया गया है।

### आमंत्रण पत्रिका का किया विमोचन

**निवाई।** आचार्य वर्धमानसागर महाराज संघ के सानिध्य में टोंक में आयोजित पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर सकल दिगम्बर जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा बिचला जैन मंदिर में महोत्सव की आमंत्रण पत्रिका का विमोचन किया गया। इस दौरान अशोक बिलाला, त्रिलोक हरभगतपुरा, विमल जौंला, विमल सोगानी, रमेश जैन, लोकेश सांवलिया, राजेश जैन व प्रकाश जैन सहित कई लोगों ने टोंक में आयोजित पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की आमंत्रण पत्रिका का विमोचन किया।

### औचक निरीक्षण किया

**निवाई।** ग्राम पंचायत चनानी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रशासक रमेशचन्द शदव के नेतृत्व में एसएमसी अध्यक्ष एवं एसएमसी सदस्यों ने विद्यालय का औचक निरीक्षण किया।


नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# फ्लैगशिप योजनाओं में पीछे रहने पर अधिकारी की होगी जिम्मेदारी : जिला कलक्टर

- अब साप्ताहिक बैठक में अधिकारियों को देनी होगी कार्यों की प्रगति की जानकारी

**भरतपुर।** साप्ताहिक बैठक में अब सभी अधिकारियों को विभागों को प्रति सप्ताह दिये लक्ष्यों की प्रगति की जानकारी देने के साथ राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के क्रियान्यवयन के लिए किये गये प्रयासों की जानकारी भी देनी होगी। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सभी अधिकारियों को लक्ष्यों के अनुरूप कार्य कर आमजन को राहत देने के निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप सभी विभाग आमजन को योजनाओं से लाभान्वित करते हुए समयबद्धता से कार्यों को पूरा करायें। उन्होंने कहा कि विभागीय कार्यक्रमों में किसी भी स्तर पर लापरवाही पाये जाने पर संबन्धित कार्मिक की जिम्मेदारी तय की जायेगी। उन्होंने सभी विभागों को राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों एवं समस्याओं को समय पर निस्तारण कर कार्यालयाध्यक्ष के स्तर पर जांच करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आमजन को विभागीय योजनाओं का लाभ ग्राम एवं ब्लॉक स्तर के कार्यालयों पर ही मिले जिससे उन्हें जिला स्तर पर कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पडे इसके लिए



जिला कलक्टर कमर चौधरी ने सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सभी अधिकारियों को लक्ष्यों के अनुरूप कार्य कर आमजन को राहत देने के निर्देश दिये।

कार्मिकों को संवेदनशीलता से कार्य करने के लिए पाबंद करें। उन्होंने विभागीय स्तर पर चल रहे विकास कार्यों की भी नियमित मॉनिटरिंग करते हुए गुणवत्ता बनाये रखने के निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने विभागवार फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए लक्ष्यों को पूरा करने मे पिछडने वाले विभागों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि समय पर प्रगति नहीं करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जायेगी।

उन्होंने चिकित्सा विभाग द्वारा सभी मापदण्डों में पिछडने पर पर सम्बन्धित चिकित्सकों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने आयुष्मान अवसंरचना, लाडो प्रोत्साहन योजना, स्वावलम्बन योजना, शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर योजना में लक्ष्यों में पिछडने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कर्मभूमि से मातृभूमि, मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन योजना में ग्राम पंचायतवार जिम्मेदारी देते हुए लक्ष्य पूरे करने को कहा। उन्होंने जिले में जलभराव वाले स्थानों पर किसानों को फार्मपोंड निर्माण के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने कहा कि पंच गौरव योजना में शामिल सभी विभाग प्रचार प्रसार के लिए कार्ययोजना बनाकर मूर्तरूप दें। उन्होंने जघीना एवं आसपास के अन्य क्षेत्रों में खेतों से जल निकासी के लिए किये जा रहे कार्यो की जानकारी लेकर जल संसाधन विभाग को नहर निर्माण के बारे में निर्देश दिये। उन्होंने जन जीवन मिशन के तहत जिन ग्राम पंचायतों में कार्य पूरा हो चुका है उनमें ग्राम स्तरीय समिति से संचालन करवाने तथा जलदाय विभाग को जल संबंध से शेष कार्य को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर निगम एवं बीडीए को सड़कों के पेच रिपयेर कार्य को समय पर पूरा कराते हुए गुणवत्ता की नियमित जांच करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद मृदुलसिंह, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, शहर राहुल सैनी, प्रशिक्षु आईएएस भानू शर्मा, जिला आबकारी अधिकारी राजीव शर्मा, उपखंड अधिकारी भारती गुप्ता, सहायक निदेशक लोक सेवाऐं भारती भारद्वाज सहित संबन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बैंक में चोरी की कोशिश नाकाम

**पावटा।** ग्राम जवानपुरा स्टैंड स्थित में एयू बैंक में अज्ञात चोरों ने सेंधमारी करने का प्रयास किया, लेकिन समय रहते अभय कमांड व भाबरु थाना पुलिस की सजगता के कारण उनकी नापाक मंशा पूरी नहीं हो पाई। हालांकि, इस घटना ने बैंक की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जिला पुलिस अधीक्षक देवेंद्र विश्नोई ने बताया कि वांछित अपराधियों की धर पकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान की पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के सुपरविजन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के निर्देशन में भाबरू थाना प्रभारी अंकित सामरिया ने गत रात्रि समय 1.40 पर अभय कमांड द्वारा प्राप्त सूचना पर सजकता एवं तत्परता दिखाते हुए ग्राम जवानपुरा स्टैंड स्थित में एयू बैंक में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की योजना को नाकाम किया। भाबरू थाना प्रभारी अंकित सामरिया ने बताया कि गत रात्रि समय 1.40 पर अभय कमांड द्वारा सूचना मिली कि ग्राम जवानपुरा स्टैंड स्थित में एयू बैंक के ताले टूटे हुए है। उक्त सूचना पर भाबरू थाना रात्रि गश्त अधिकारी भोलाराम मय जाप्ता मात्र 3 मिनिट में पहुंचे।

# नालसा योजना की विधिक जागरूकता पर कार्यशाला आयोजित

- गंगादास राजकीय गर्ल्स महाविद्यालय में नालसा योजना की विधिक जागरूकता पर कार्यशाला आयोजित की

**शाहपुरा ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर के अध्यक्ष अजित कुमार हींगर एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशानुसार पैरा लीगल वॉलिन्टियर दिनेश कुमार शर्मा ने बाबा गंगादास राजकीय गर्ल्स महाविद्यालय शाहपुरा में नालसा योजना की विधिक जागरूकता पर कार्यशाला आयोजित की गई।

इस कार्यशाला की अध्यक्षता प्राचार्य डा.नरेश कुमार मीणा के द्वारा की गई। इस अवसर पर महिला उत्पीड़न समिति की सदस्य उर्मिला कुमारी भी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी व्याख्याता राजेश कुमार बेनीवाल द्वारा कार्यशाला का संचालन किया गया। इस अवसर पर न्याय मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने उपस्थित विद्यार्थियों को बताया कि नालसा गाइडलाइंस एक्शन प्लान के तहत वरिष्ठ नागरिकों के प्रति आपका कर्तव्य है, अपने वयोवृद्ध माता-पिता का ध्यान रखना, उन्हें समय - समय पर चिकित्सक से उनके स्वास्थ्य की जांच कराना एवं उनके दैनिक दिनचर्या के कार्यों को निश्चित निर्धारित समय पर करना है।

सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ नागरिकों को अधिकार दिया है कि उनकी संतानें अगर उनके वृद्धावस्था में देखरेख नहीं करती है तो उनके बार-बार मांगी गई वस्तुएं, या समय पर माता-पिता को भोजन, चिकित्सा, एवं उनकी स्वच्छता का ध्यान, देखभाल नहीं रखने पर उन बुजुर्ग माता-पिता द्वारा लिखित रूप से जिला मजिस्ट्रेट को अपनी चल-अचल सम्पत्ति के अधिकार से अपने उत्तराधिकारी को अपनी स्वअर्जित सम्पत्ति से वंचित करने का प्रावधान मिला है। उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हेल्पलाइन नंबर 15100 पर मौखिक रूप से शिक्रायत दर्ज कराने, एवं लिखित रूप से अपनी चल- अचल से बेदखल भी कर सकते है। वरिष्ठ नागरिकों के इसी अधिकार के इस्तेमाल से डरकर संतानों द्वारा अपने बुजुर्ग माता-पिता की ठीक तौर-तरीकों से देखभाल की जा रही है।

न्यायालय के आदेश पर बुजुर्गों की पुलिस विभाग द्वारा उनकी सुरक्षा की समय समय पर जानकारी भी ली जाने लगी है। बुजुर्गों के साथ उन्हें प्रताड़ित करने एवं उन्हें धार्मिक स्थल की यात्रा के बहाने उन्हें लावारिस की तरह दौड़ने की घटनाओं के कारण सुप्रीम कोर्ट ने स्व संज्ञान लेकर वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा का अधिकार दिया गया है। इसी क्रम में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के बारे में बताया कि भारत सरकार की संस्था भारतीय मानक ब्यूरो के द्वारा ( ) सर्टिफिकेट देखकर ही हमें पैकिंग की खाद्य-सामग्री खरीदने चहिए।

## जिला पार्षदों का अनोखा विरोध

**अलवर।** अलवर जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक में सोमवार को अनोखा नजारा देखने को मिला। बैठक में कुछ पार्षद प्याज की माला पहनकर पहुंचे। इन पार्षदों ने प्याज के गिरते दामों पर चिंता जताते हुए कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलना चाहिए, नहीं तो उनकी मेहनत बेकार हो रही है।

बैठक के दौरान कुछ पार्षदों ने अपने गले में प्याज की माला डाली हुई थी, जबकि कुछ ने कटोरा लेकर जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर के सामने यह कहते हुए प्रस्तुत किया कि उन्हें विकास कार्यों के लिए पर्याप्त धनराशि नहीं दी जा रही। उन्होंने मांग की कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए बजट में बढ़ोतरी की जाए।

पार्षदों के इस अनोखे विरोध ने जिला परिषद में माहौल हल्का-फुल्का बना दिया, लेकिन मुद्दा गंभीर रहा कि किसानों को प्याज के दाम का न्याय कब मिलेगा? हालांकि, बैठक में अपेक्षित पार्षदों की उपस्थिति नहीं होने से कोरम पूरा नहीं हो सका। इस कारण जिला परिषद की बैठक स्थगित करनी पड़ी। अब यह बैठक 7 नवंबर को पुनः आयोजित की जाएगी।

# इंदरगढ़ ग्रिड सब-स्टेशन का 10 गांवों के किसानों ने घेराव किया

**अलवर।** अलवर में बिजली जीएसएस का घेराव करते हुए 10 गांवों के किसानों ने प्रदर्शन किया। किसानों ने कहा कि रात को खेतों में काम करते समय जंगल जानवरों का खतरा रहता है। किसानों ने दिन में बिजली की मांग की। अलवर के मालाखेड़ा क्षेत्र के इंदरगढ़ बिजली जीएसएस (ग्रिड सब-स्टेशन) पर सोमवार को किसान पहुंचे। किसानों ने कहा- सर्दी के मौसम में रात को खेतों में काम करना मुश्किल हो जाता है। इंदरगढ़ बिजली जीएसएस पर आसपास के करीब 10 गांवों के किसानों ने बिजली विभाग के खिलाफ प्रदर्शन किया।

किसानों ने कहा कि विभाग की ओर से अब बिजली की सप्लाई रात के समय दी जा रही है। वहीं पहले दिन में थ्री-फेज बिजली उपलब्ध कराई जाती थी। किसानों ने मांग की कि खेतों में कामकाज के लिए उन्हें दिन में ही बिजली सप्लाई दी जाए। ताकि वे सुरक्षित रूप से सिंचाई



बिजली जीएसएस का घेराव करते हुए 10 गांवों के किसानों ने प्रदर्शन किया।

और अन्य कृषि कार्य कर सकें। प्रदर्शन के दौरान नगला जोगी, सालपुर, सालपुर बास, इंदरगढ़, महुआ, गुर्जरवास, दादर, नीमला का बास, खेरवाड़ा, मोरेड़ा गांव के लोगों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान मौके पर बिजली विभाग का कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। इससे किसानों में आक्रोश फैल गया। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही दिन में बिजली सप्लाई बहाल नहीं की गई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। पुलिस प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# शांतिनाथ मण्डल अनुष्ठान में इन्द्र इन्द्राणियों ने की पूजा अर्चना

- मण्डल पर चढ़ाए 130 श्रीफल

**निवाई।** वनस्थली के श्री पाश्र्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में सकल दिगम्बर जैन समाज वनस्थली के तत्वावधान में शांतिनाथ मण्डल विधान का आयोजन किया गया जिसमें इन्द्र इन्द्राणियो ने संगीतमय भक्ति भाव से पूजा अर्चना की। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं मनोज पाटनी ने बताया कि शांतिनाथ मण्डल विधान में पण्डित विधानाचार्य निर्मल जैन सुनारा के निर्देशन में भगवान शांतिनाथ के अभिषेक एवं शांतिधारा करने का सौभाग्य अशोक कुमार, सुशील कुमार जैन गंगवाल परिवार को मिला।

विधान अनुष्ठान का मंगलाचरण महिला मण्डल की प्रतिभा जैन वनस्थली, रेखा जैन एवं मंजू जैन टोंक ने किया। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं ने शांतिनाथ मण्डल अनुष्ठान में पांच मंगल कलश की स्थापना कर भूमि शुद्धि की गई। विधान में जैन संगीत मण्डल के भजन गायक विमल पाटनी एवं विमल सोगानी ने भजनों की प्रस्तुतियां दी जिसमे सभी इन्द्र इन्द्राणियों ने भक्ति नृत्य किए।

पण्डित निर्मल जैन के मंत्रोच्चार द्वारा इन्द्र इन्द्राणियों ने संगीतमय शांतिनाथ विधान की आराधना करके 130 श्री फल अघ्र्य मण्डप पर समर्पित किए। कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं ने गाजे बाजे के साथ भगवान पाश्र्वनाथ एवं शांतिनाथ की महाआरती की। इस अवसर पर मुकेश जैन जयपुर, प्रदीप गट्टी, सुरेश पाटनी, निर्मल जैन टोंक, सुशील जैन, अरुण जैन, रमेश गट्टी, विनोद गट्टी, त्रिलोक रजवास, रजनीश बिलाला, मनोज पाटनी व रमेश निमोडिय़ा सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

# फायरिंग और हत्या के प्रयास में 11 माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

- सुन्दरपुरा निवासी राजेश कसाना उर्फ राधे गुर्जर (26) पुत्र पप्पू उर्फ मुसाराम ने अचानक फायरिंग कर दी थी

**नारायणपुर ।** कोटपुतली-बहरोड पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नारायणपुर पुलिस ने बडी कार्रवाई करते हुए फायरिंग और हत्या के प्रयास के मामले में 11 महीने से फरार चल रहे वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

थाना प्रभारी रोहिताश कुमार ने बताया कि लगभग 11 माह पूर्व ग्राम पंचायत गढ़ी के गाँव कोठिया में ठेकेदार विशम्बर दयाल के बेटे की शादी के दौरान यह घटना हुई थी। शादी समारोह में रात करीब 1 बजे खेत में डीजे चल रहा था, तभी कोटपुतली के सुन्दरपुरा निवासी राजेश कसाना उर्फ राधे गुर्जर (26) पुत्र पप्पू उर्फ मुसाराम ने अचानक फायरिंग कर दी, जिससे हवासिंह गुर्जर (35) पुत्र कैलाश चंद



फरार आरोपी राजेश कसाना उर्फ राधे गुर्जर को गिरफ्तार किया।

निवासी सुन्दरपुरा, थाना कोटपुतली के पेट में गोली लग गई थी। घटना के बाद आरोपी राजेश कसाना उर्फ राधे गुर्जर मौके से फरार हो गया था और तब से लगातार पुलिस को चकमा देकर फरारी काट रहा था। पुलिस लगातार आरोपी की तलाश में जुटी हुई थी। थानाधिकारी ने बताया कि मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सोमवार को गाँव चतरपुरा में दबिश दी और फरार आरोपी राजेश कसाना उर्फ राधे गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी से पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है, क्योंकि यह मामला लंबे समय से लंबित था। सोमवार को पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहाँ से अदालत ने उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। पुलिस अब आरोपी से फायरिंग में प्रयुक्त हथियार, घटना के कारणों और अन्य संभावित सहयोगियों के बारे में गहन पूछताछ कर रही है।


**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण मुराद खांन पुत्र लालू खांन एवं गुड्डी बैगम पत्नि मुराद खांन निवासीगण तिवाडी की ढाणी, ग्राम खो-नागोरियान जयपुर ने एक संपति 802.53 वर्गगज भूमि अंतर्गत खसरा नंबर 45 व 49 ग्राम खो-रैबारियान तहसील सांगानेर जिला जयपुर को समद खां पुत्र ईदू खांन से जरिये पंजीकृत विक्रयपत्र दिनांक 22-08-2025 द्वारा क्रय कर लिया है एवं अपने हक में विक्रय पत्र का पंजीयन कराकर मौके पर कब्जा प्राप्त कर लिया है। इसलिए कोई भी व्यक्ति/संस्था/ सोसायटी मेरे अभिभाष्यगण की उक्त विधिवत क्रयशुदा संपति में किसी प्रकार का हस्तक्षेप, दखलंदाजी नहीं करें एवं उक्त संपति के संबंध में किसी प्रकार का विक्रय, हस्तांतरण, अन्तरण करने से निषेध रहे। यदि कोई भी व्यक्ति/ संस्था/सोसायटी मेरे अभिभाष्य की उक्त संपति के बाबत कोई दस्तावेज/ हस्तांतरण करती है, तो वह मेरे अभिभाष्यगण के हक अधिकारो के प्रति शून्य, निष्प्रभावी व अमान्य मानी जावेगी। अतः सूचित रहे।
अख्तर नईम (एडवोकेट) मो. नं. 9829571847

**सार्वजनिक सूचना**
मेरी अभिभाष्या श्रीमति ममता जागा पत्नी स्व. श्री नरेन्द्र जागा निवासी ए-90 गली नं. 2, विद्याधर नगर जयपुर अपनी पुत्री कोमल जागा को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती है आज के बाद मेरी अभिभाष्या का कोमल जागा से किसी भी प्रकार का कोई भी वास्ता नहीं है।
(जी.एल.शर्मा) एडवोकेट
मो.9414388424, 9057279014

**कार्यालय उपायुक्त सिविल लाईन जोन, नगर निगम जयपुर हैरिटेज**
क्रमांक-एफ-56()सि.ला.जो./ननिज/2025/1720
दिनांक-27.10.2025
**अनापत्ति आमंत्रण सूचना**
भूखण्ड संख्या 28-सी थुलेश्वर गार्डन, सी-स्कीम, जयपुर क्षेत्रफल 202.22 वर्गगज द्वारा जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 27.09.1957 का श्री बिरदा पुत्र श्री नानू ने क्रय किया था। श्री बिरदा की मृत्यु दिनांक 22.01.1979 को हो गई। तत्पश्चात श्री बिरदा के वारिसानों द्वारा विपिन यादव को हक त्याग किया गया। उक्त हक त्याग के आधार पर उक्त भूखण्ड का पट्टा श्री विपिन यादव पुत्र श्री गोविन्द सहाय यादव के नाम से जारी किया जाना है। किसी संस्था, फर्म, कम्पनी व किसी भी व्यक्ति को उक्त पट्टे क संबंध में आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कायालय में सात दिवस में आपत्ति पेश करें अन्यथा सात दिवस पश्चात उक्त भूखण्ड में पट्टे की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।
उपायुक्त-सिविल लाईन जोन
नगर निगम जयपुर हैरिटेज

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
www.jda.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/उपा/जोन-4/2025/डी-6108 दिनांक-10.10.2025
**सार्वजनिक सूचना/विज्ञप्ति**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती हीरा देवी पत्नी श्री मूलचन्द के द्वारा न्यू सिकसिटी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना सिद्धार्थ नगर-जी के भूखण्ड संख्या 74-ए का पट्टा जारी करवाने हेतु ऑनलाईन आवेदन क्रमांक 255293 दिनांक-01.10.2025 प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में न्यू सिकसिटी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना सिद्धार्थ नगर-जी के भूखण्ड संख्या 74 क्षेत्रफल 200 वर्गगज का आवंटन श्रीमती अल्का कुमार पत्नि श्री राहुल कुमार के पक्ष में दिनांक 21.12.1987 को जारी किया गया था। आवंटन के पीछे श्रीमती अल्का कुमार के द्वारा उक्त भूखण्ड का समर्पित किया गया है, जैसा कि वैसा। रसीद क्रमांक 56609 दिनांक 21.03.1992 के द्वारा श्री रामूलाल पुत्र श्री राधेश्याम सैन के पक्ष में पुनः आवंटित किया गया। श्री रामूलाल पुत्र श्री राधेश्याम सैन के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 27.04.2011 के द्वारा मूल भूखण्ड में से भूखण्ड संख्या 74 पूर्वी भाग, क्षेत्रफल 100 वर्गगज का बेचान श्री मनोज कुमार पुत्र श्री गुरदयाल को कर दिया गया। श्री मनोज कुमार पुत्र श्री गुरदयाल के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 19.11.2012 के द्वारा उक्त भूखण्ड का बेचान श्रीमती हीरा देवी पत्नी श्री मूल चन्द के पक्ष में भूखण्ड संख्या 74 पूर्वी भाग क्षेत्रफल 100 वर्गगज का बेचान श्रीमती हीरा देवी पत्नी श्री मूलचन्द को कर दिया गया। उक्त संबंध में आवेदिका द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र एवं दस्तावेजों के आधार पर आवेदिका के पक्ष में उक्त भूखण्ड का पट्टा जारी करने की कार्यवाही करन के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति हितधारी संस्था को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को इस सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिवस में प्रस्तुत कर देवें। नियत अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवेदिका के पक्ष में नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।
उपायुक्त जोन-4, जविप्रा, जयपुर

**जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर**
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांकः जविप्रा/उपा/जोन-5/2025/-डी
**आम सूचना**- सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री आशीष मंत्री पुत्र श्री कृष्ण बिहारी मंत्री एवं श्रीमती नीलम मंत्री पत्नी श्री आशीष मंत्री द्वारा योजना श्याम नगर विस्तार के भूखण्ड संख्या- ई-37 का नाम हस्तान्तरण किये जाने हेतु आवेदन किया गया है। उपलब्ध रिकॉर्ड अनुसार योजना श्याम नगर विस्तार के भूखण्ड संख्या-ई-37 क्षेत्रफल 272.22 वर्गगज का फ्री-होल्ड पट्टा दिनांक 17.10.2022 को श्री इकबाल अली पुत्र श्री निजामुदीन उर्फ अनीस के पक्ष में जारी किया गया था। आवेदक द्वारा अपलोड दस्तावेजो अनुसार श्री इकबाल अली पुत्र श्री निजामुदीन उफ नें उक्त योजना श्याम नगर विस्तार के भूखण्ड संख्या-ई-37 क्षेत्रफल 272.22 वर्गगज को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 05.06.2023 के द्वार Market Ticks Investment Private Limited, जरिये हस्ताक्षरकर्ता निदेशक श्री दीपक खण्डेलवाल पुत्र श्री ओम प्रकाश खण्डेलवाल के पक्ष में बैचान किया गया। Market Ticks Investment Private Limited जरिये हस्ताक्षरकर्ता निदेशक श्री दीपक खण्डेलवाल पुत्र श्री ओम प्रकाश खण्डेलवाल नें भी उक्त भूखण्ड को पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 20.05.2025 के द्वारा श्री आशीष मंत्री पुत्र श्री कृष्ण बिहारी मंत्री एवं श्रीमती नीलम मंत्री पत्नी श्री आशीष मंत्री के पक्ष में बेचान किया गया है। अतः उक्त दस्तावेजों के आधार पर आवेदित भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने के संबंध में किसी भी व्यक्ति, हितधारी, संस्था को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को इस सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिवस में प्रस्तुत कर देवें। नियत अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवेदक के पक्ष में नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।
उपायुक्त जोन-05, जविप्रा, जयपुर

**कार्यालय उपायुक्त सिविल लाईन जोन, नगर निगम जयपुर हैरिटेज**
क्रमांक-एफ-56()सि.ला.जो./ननिज/2025/1721
दिनांक-27.10.2025
**अनापत्ति आमंत्रण सूचना**
भूखण्ड संख्या 28-सी थुलेश्वर गार्डन, सी-स्कीम, जयपुर क्षेत्रफल 202.22 वर्गगज द्वारा जरिये पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 10.06.1957 को श्री मोतीलाल ने क्रय किया। श्री मोतीलाल की मृत्यु दिनांक 01.01.1960को हो गई। तत्पश्चात श्री गोविन्द सहाय यादव पुत्र श्री मोतीलाल ने उक्त भूखण्ड का पट्टा चाहा गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा श्री गोविन्द सहाय यादव पुत्र श्री मोतीलाल के नाम से जारी किया जाना है। किसी संस्था, फर्म, कम्पनी व किसी भी व्यक्ति को उक्त पट्टे क संबंध में आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में सात दिवस में आपत्ति पेश करें अन्यथा सात दिवस पश्चात उक्त भूखण्ड में पट्टे की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।
उपायुक्त-सिविल लाईन जोन
नगर निगम जयपुर हैरिटेज

**आम सूचना** उपलब्ध करवाई गई जानकारी एवं उपलब्ध करवाए गए दस्तावेज तथा उन पर उपलब्ध तथ्यों के आधार पर सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री जगदीश गर्ग पुत्र श्री मदन गोपाल, निवासी बी-7/72 एक्सटेंशन सफदरजंग एन्कलेव, दक्षिणी पश्चिमी दिल्ली-110029 ने एक आवासीय अचल सम्पत्ति मकान नम्बर 392-सी(कार्नर), सूर्य नगर, गोपालपुरा बाईपास रोड, जयपुर, जिसका कुल क्षेत्रफल कार्नर होने के कारण 64.45 वर्गगज अर्थात 53.38 वर्गगज है जोकि निर्मित अवस्था में है को जो कि उक्त अचल सम्पत्ति श्रीमती मीना बाहेती पत्नी श्री मनोज कुमार निवासी 193, सूर्य नगर, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर, राजस्थान के स्वामित्व एवं आधिपत्य की थी से जरिए इकरारनामा क्रय की हुई है तथा विक्रेत्री श्रीमती मीना बाहेती पत्नी श्री मनोज कुमार के उक्त अचल सम्पत्ति पर पंजाब एण्ड सिंध बैंक पर चल रहे ऋण जिस में श्रीमती मीना बाहेती डिफाल्टर चल रही थी तथा जिसका केस माननीय न्यायालय डीआरटी, जयपुर में चल रहा था जिसका केस नम्बर SA/542/2025 है, श्रीमती मीना बाहेती के निर्देशानुसार मेरे मुवक्किल ने मीना बाहेती के ऋण की अदायगी के सम्बन्ध में पंजाब एण्ड सिंध बैंक में स्वयं के खाते से बकाया राशि के डीडी जारी जमा करवाकर उक्त अचल सम्पत्ति को ऋण मुक्त करवाया था जिसे श्रीमती मीना बाहेती द्वारा विक्रय प्रतिफल की राशि के रूप में प्राप्त होना मेरे मुवक्किल के पक्ष में किए गए इकरारनामा दिनांकित 25.08.2025 में दिनांक 04.09.2025 को किए गए पृष्ठांकन में स्वीकार है उक्त श्रीमती मीना बाहेती पत्नी श्री मनोज कुमार ने उक्त अचल सम्पत्ति के मूल दस्तावेज पंजाब एण्ड सिंध बैंक से प्राप्त कर उसे मेरे मुवक्किल को संभलाते हुए तथा उक्त अचल सम्पत्ति की चाबी संभलाते हुए उक्त अचल सम्पत्ति का भौतिक कब्जा हेतु निया मेरे मुवक्किल को संभला दिया है। इस प्रकार उक्त अचल सम्पत्ति मेरे मुवक्किल के स्वामित्व एवं आधिपत्य में है एवं उक्त अचल सम्पत्ति के मूल दस्तावेज भी मेरे मुवक्किल के पास है उक्त अचल सम्पत्ति का विक्रय पत्र श्रीमती मीना बाहेती पत्नी श्री मनोज कुमार के द्वारा मेरे मुवक्किल के पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 20.09.2025 को निष्पादित कर पंजीबद्ध करवाया जाना तय हुआ था परन्तु उक्त श्रीमती मीना बाहेती पत्नी श्री मनोज कुमार ने आज दिवस तक मेरे मुवक्किल के द्वारा बार बार सूचित किए जाने के उपरान्त भी मेरे मुवक्किल के पक्ष में विक्रय पत्र में का निष्पादन कर पंजीबद्ध नही करवाया गया है। इसलिए सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उक्त श्रीमती मीना बाहेती पत्नी श्री मनोज कुमार से उक्त अचल सम्पत्ति के संबंध में किसी प्रकार का कोई संव्यवहार नही करे अन्यथा उसके विरुद्ध भी नियमानुसार कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जावेगी जिसके हर्जे खर्चे की जिम्मेवारी उसकी स्वयं की होगी।
दिनांक-27.10.2025 (श्यामसुन्दर चावला) एडवोकेट
6/48, मालवीय नगर, जयपुर, मोबाईल 9829218044

**खोया पाया**
मेरा राजस्थान फार्मेसी कांउसिल का रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट संख्या 34963 जो जयपुर में कही खो गया है। किसी को मिले तो सूचित करे। शिजू कुमार नायर-8107304054

आवास संख्या 38/151 मानसरोवर जयपुर का मूल कब्जा पत्र व नियमितिकरण व अदेय प्रमाण पत्र गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। राकेश मो. 9001265363

आवास संख्या 123/18 मानसरोवर जयपुर का मूल कब्जा पत्र गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। जयश्री नारायण दास मो. 7887823789

आवास संख्या 71/214 मानसरोवर जयपुर का मूल आवंटन पत्र एवं अदेय प्रमाण पत्र गिर/गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। जगदीश प्रसाद मो. 9461843061

**उद्घोषणा (आम सूचना/इश्तिहार) न्यायालय उपखण्ड अधिकारी दूदू, जिला जयपुर**
क्रमांक/कोर्ट/2025/518 दिनांक-27.10.2025
**राजस्व वाद संख्या 45/2022**
विषय-श्रीमती नाथी देवी पुत्री कानाराम जाति बलाई निवासी दूदू तहसील दूदू के वारिशान के संबंध में आपत्ति नोटिस।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में एक प्रकरण संख्या 45/2022 प्रस्तुत हुआ है, जिसमें मृतक श्रीमती नाथी दवी पुत्री कानाराम जाति बलाई निवासी दूदू तहसील दूदू के वारिशान के संबंध में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस न्यायालय में दिनाक 26.11.2025 से पूर्व अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 27.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
(रमेश कुमार)
उपखण्ड अधिकारी
जिला दूदू, जयपुर

**नाम परिवर्तन**
मैं सीमा बीदावत पत्नी श्री मोहनीश राजावत निवासी 29-ए न्यू कालोनी मुरलीपुरा जयपुर मैंने मेरी पुत्री का नाम निष्ठा से बदल कर नाओमिका सिंह राजावत (NAOMIKA SINGH RAJAWAT) भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जावें।

मैंने अपना नाम राजेश कुमार शर्मा पुत्र श्री नानगराज शर्मा से बदलकर राजेश कुमार कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम स जाना जावें। पता ग्राम चौसला तहसील मालपुरा जिला टोंक राजस्थान

मैं मनीषा कुमारी पत्नी नं. 16026645-एच, नायक ओम प्रकाश महलावत, निवासी 49-50 भारतेंदु नगर खातीपुरा जयपुर (राज.) मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम मनीषा गलत दर्ज है। मेरा सही नाम मनीषा कुमारी है मरे दस्तावेजों यानी आधार और पैन कार्ड के अनुसार।

I Herbai W/o Jagdish Prasad Bairwa R/o 36, Bhagwati Ngar II, Kartarpura, Jaipur, have changed my name from Herbai to Harbai Bairwa, for all future purposes.

**कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर**
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 31/2025
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि प्रार्थी श्री गिरीश शर्मा पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा निवासी बीच का मोहल्ला कोठी दशहरा अलवर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रन्यास अन्तर्गत प्रन्यास मंदिर श्री गिरधर गोपाल जी बीच का मौहल्ला अलवर (पंजीयन संख्या 414/75) में नवीन विधान तैयार कर दर्ज अभिलेख किये जाने व प्रन्यास का नाम मंदिर श्री गिरधर गोपाल जी उर्फ गोपाल जी ट्रस्ट रखने बावत एवं माफी मंदिर श्री गिरधर गोपाल जी महाराज उर्फ गोपाल जी के नाम पटवार हल्का अलवर नं. 1 तहसील अलवर में स्थित भूमि खसरा नम्बर 1720, 1721, 639, 640, 641, 642, 666, 667, 668, 904 व 905 कुल 11 रकबा 3.12 हैक्टर भूमि को प्रन्यास की सम्पत्ति के रूप में दर्ज कराने हेतु हुवे परिवर्तन को दर्ज अभिलेख हेतु जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुये परिवर्तन/संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 16.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 20.11.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग, जयपुर

**कार्यालय नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा (कोटपूतली-बहरोड)**
क्रमांक : न.पा.पा.प्रा./भण्डार/2025-26/147 दिनांक : 17.10.2025
**निविदा सूचना संख्या (........./2025-26)**
(NIB NUMBER - DLB2526A7324)
एतद्द्वारा यह है कि राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से नगरपालिका पावटा - प्रागपुरा द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु टेन्ट व्यवस्था के कार्य हेतु मोहरबन्द निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध हैं एवं किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय में आकर देखी जा सकती है।
कार्य का नाम :- विभिन्न कार्यक्रमों, सार्वजनिक आयोजनों में टेण्ट-डेकोरेशन का कार्य।
UBN NUMBER : DLB2526SSRC22165
राज.संवाद/सी/25/12681 अधिशाषी अधिकारी

**राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद**
सवाई मानसिंह स्टेडियम, जनपथ, जयपुर कार्यालय दूरभाष नं0 0141-2744283
फैक्स नं0 0141-2740568, ईमेल आईडी - rsscjaipur@gmail.com
क्रमांक :- F.8/KIUG-2025/Badminton Hall Light Work /Raj-Kaj Ref. 18396727 दिनांक :- 16/10/2025
**निविदा सूचना संख्या 65/2025-26**
सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर स्थित बैडमिंटन हॉल हेतु Sports Lighting System कार्य हेतु राज्य/केन्द्र सरकार के संगठनों/विभागों में पंजीकृत संवेदकों से ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है।
निविदा से संबंधित अन्य आवश्यक विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in व www.rssc.in पर देखी जा सकती है।
UBN No. : RSC2526WSOB00068
राज.संवाद/सी/25/12638 सचिव

**राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद**
सवाई मानसिंह स्टेडियम, जनपथ, जयपुर
कार्यालय दूरभाष नं0 0141-2744283, फैक्स नं0 0141-2740568, ईमेल आईडी - rsscjaipur@gmail.com
क्रमांक :- एफ. 9( )/खेल उपकरण/2025-26/233 दिनांक :- 16/10/2025
**निविदा संख्या 60/2025-26**
राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद, जयपुर की ओर से निर्माता/अधिकृत विक्रेताओं से राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के तीरंदाजी खेल उपकरण (कम्पाउंड) की आपूर्ति हेतु सील बन्द लिफाफों में एतद् द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद, जयपुर कार्यालय में दिनांक 16.10.2025 को प्रकाशित कर दिनांक 28.10.2025 को अपराह्न 1.00 बजे तक प्राप्त की जावेगी तथा उसी दिन सायं 4.00 बजे उपस्थित निर्माता/अधिकृत विक्रेताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगीं। निविदा का सम्पूर्ण विवरण http://sppp.rajasthan.gov.in & www.rssc.in पर देखी जा सकती है। UBN No. : RSC2526GSOB00062
राज.संवाद/सी/25/12636 सचिव

# कलेक्टर ने बैठक में साफ-सफाई, पॉल्यूशन कंट्रोल, फ्लैगशिप योजना पर चर्चा की

**कोटपूतली।** जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी ने कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था को और प्रभावी करते हुए संवेदक को नालों, सीवरेज, सड़क किनारे सफाई कार्य को सक्रियता से करने हेतु पाबंद करें एवं व डोर टू डोर कचरा संग्रहण के कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करें । उन्होंने सड़कों एवं सीवरेज पर पी डब्लयू डी की सर्वे रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही करते हुए सड़क मरम्मत एवं जलभराव के निदान का कार्य गुणवत्ता से पूर्ण करने के निर्देश नगर परिषद को दिए ।



जिला कलेक्टर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया।

जिला कलेक्टर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित कर रही थी । उन्होंने क्षेत्रीय अधिकारी पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड को प्रदूषण नियंत्रण हेतु की जा रही कार्यवाही में गति लाने एवं और अधिक उपाय अपनाते हुए प्रभावी कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने कहा नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत स्थित नगर डम्प साइटों पर आगजनी की घटनाओं की रोकथाम एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु विशेष सावधानियां बरती जाए, स्वायत शासन विभाग को कचरा निस्तारण स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और अग्नि सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ।

क्षेत्रीय अधिकारी ने बताया कि निर्देशों की पालना में प्रत्येक डम्प साइट

> ■ स्वायत शासन विभाग को कचरा निस्तारण स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और अग्नि सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए

पर सुरक्षा गार्ड की चौबीसों घंटे ड्यूटी लगाई गई है, ताकि किसी भी प्रकार की अनधिकृत गतिविधि या स्वतः स्फूर्त आग लगने की संभावना को रोका जा सके। साथ ही, तापमान निगरानी और जल छिड़काव की कार्रवाई नियमित रूप से की जा रही है।

जिला कलेक्टर ने जिला रसद अधिकारी को आधार सीडिंग के कार्य में गति लाते हुए लंबित प्रकरणों का तुरंत निस्तारण कर रैंकिग में सुधार करने, नगर परिषद और पी डब्लयू डी को जिले के राजकीय भवनों, अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों आदि का सर्वे कर सुरक्षात्मक उपायों एवं इलेक्ट्रिक उपकरणों की जांच कर वस्तुस्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने व आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। साथ ही फ्लैगशिप योजनाओं और पंच गौरव के संबंध में लक्ष्यानुरूप कार्यवाही करने, मुख्य चिकित्सा अधिकारी को तम्बाकू मुक्त अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित करते हुए सार्वजनिक व राजकीय कार्यालयों पर तम्बाकू का सेवन करने वालों का चालान काटने और जागरूक करने को कहा। उन्होंने संपर्क पोर्टल,जनसुनवाई,जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रकरण के परीवादों का तुरंत निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने के निर्देश दिए।

# छात्र का अपहरण कर मारपीट करने के मामलें में एक साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**मानपुरा माचैड़ी ।** चंदवाजी थाना पुलिस ने निम्स यूनिवर्सिटी से एक साल पहले एक बीपीटी छात्र का अपहरण करने के आरोप में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा ने बताया कि गत साल 31 जुलाई को निम्स युनिवर्सिटी के बीपीटी छात्र मोहित कुमार निवासी बिहार ने एक रिपोर्ट दर्ज करवायी थी कि दिनाक 30.07.2024 को रात्री करीब 2-3 बजे में सांझ पीजी में अपने कमरे पर पानी खत्म होने पर पानी लेने के लिए नीचे आया था तथा बाहर सीप एण्ड स्मोक कैफे से कैम्पर से पानी भर रहा था उसी समय एक ब्रेजा गाडी आकर रुकी जिसमे से संजय शर्मा निवासी कुकस्, दशरथ निवासी माण्डली बानसूर व उनके साथ अन्य तीन चार लड़के और थे जो नीचे उतरे तथा बोला कि इतनी रात को नीचे क्यों आया तथा मुझे पकड़कर इन लोगो ने मेरे को उक्त ब्रेजा गाड़ी में बाल लिया तथा अमेठी युनिवर्सिटी की तरफ से ताला मोड़ के आगे खाली जगह ले जाकर मेरे साथ मारपीट की तथा मेरे गले में चाँदी की चैन थी जिसको छीनकर ले गये व वहां से मेरे को वापस गाड़ी में पटकर वापस अमेठी यूनिवर्सिटी की तरफ खाली जगह पर ले गये जंहा पर मेरे साथ लाठी, डण्डो व सरियों से मारपीट की और किसी को बताने पर मुझे जान से मारने की धमकी दी।पुलिस रिपोर्ट पर जांच शुरू की।


पुलिस ने एक साल से फरार आरोपी संजय शर्मा ( 28 ) निवासी कुकस को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने पुर्व में प्रकरण की वारदात में प्रयुक्त ब्रेजा कार को जब्त किया था तथा आरोपी दशरथ गुर्जर को गिरफ्तार किया गया था।आरोपी संजय शर्मा घटना के बाद से ही फरार हो गया था जिसकी तलाश की गयी लेकिन आरोपी संजय शर्मा अपनी गिफ्तारी से बचने के लिये अपने घर से फरार रहा।

वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु एक विशेष अभियान चलाया गया है जिसकी पालना में धानाधिकारी हीरालाल सैनी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा अथक प्रयास द्वारा आरोपी व ठिकानों का पता लगाकर दबिश देकर एक साल से फरार आरोपी संजय शर्मा(28) निवासी कुकस जिला जयपुर को दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया है।

## बरसात जारी, किसानो के चेहरे खिले

**दौसा।** दौसा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है, जिसके चलते सुबह से ही रिमझिम बरसात को दौर शुरु हो गया है। इधर रिमझिम बरसात शुरु होने के साथ ही जहां तापमान में भारी गिरावट आई है, वही दूसरी ओर किसानों के चेहरे खिल उठे है।

उल्लेखनीय है कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने, बंगाल की खाडी की खाडी में बने डिप्रेशन का असर आज दौसा जिले में भी दिखाई दिया। प्रातः से ही दौसा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रिमझिम बरसात को दौर शुरु हो गया, जो पूरे दिन चलता रहा। जिसके चलते आज तापमान में भारी गिरावट आई है। बरसात के चलते जहां जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया है, वही दूसरी ओर किसानो के चेहरे एक बार फिर खिल उठे है। किसानों को मानना है कि ये बरसात रबी की फसल के लिए बहुत ही उपयोगी है। बरसात तेज होने एवं सर्दी का असर होने पर बम्पर फसल हो सकती है।

# आरएसएस ने उद्बोधन से राष्ट्रीय एकता की भावना जगाई

**सांभरझील।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन से पहले यहां दशहरा मैदान में आयोजित उद्बोधन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नंदीकेश्वर मेला कमेटी के अध्यक्ष कुलदीप व्यास ने अपने उद्बोधन से वहां मौजूद सैकड़ो कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया।

उन्होंने कहा कि आरएसएस का स्वयंसेवक हर परिस्थिति में धैर्य के साथ कठिन परीक्षा को भी पास कर लेता

> ■ कुलदीप व्यास ने अपने उद्बोधन से वहां मौजूद सैकड़ो कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया

है, हमारे पड़ोस में ऐसा सेवक है तो वह हमारे लिए गर्व की बात है। इससे पहले राजस्थान प्रांत के सह व्यवस्थापक ने कुलदीप व्यास की जमकर तारीफ की तथा कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है।

बता दें कि समाजसेवी की हैसियत से कुलदीप व्यास ने सरकार से अनेक सुविधा मुहैया करवाई यह बात अलग है कि यहां के लोकल नेताओं की लीडरशिप उसे भुना नहीं पाई। दशहरा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन से पहले दशहरा मैदान में आयोजित उद्बोधन कार्यक्रम हुआ।

मैदान से शुरू हुआ पथ संचलन में सैकड़ो की संख्या में फुलेरा, सांभर व आसपास के गांव से आए स्वयंसेवको ने पथ संचलन में अपना उत्साह अंत तक बनाए रखा। हालांकि इस बार पथ संचलन संपन्न होने में एक डेढ़ घंटे का विलंब अवश्य हुआ लेकिन इसके बावजूद भी कार्यकर्ताओं का जोश कहीं से भी ठंडा नहीं हुआ।

प्रारंभ से प्रतिशत संचालन के संपन्न होने तक कानून व्यवस्था के मद्देनजर जाप्ता पुलिस का पूरी तरह चाट चोबंद नजर आया।

इस मौके पर राजेश तंबोली, मुख्य वक्ता दिनेश मणिरत्नम, (जयपुर प्रांत के सह व्यवस्थापक) , जिला संघ चालक दिनेश शर्मा, पवन कुमार मोदी, सुनील कुमार शर्मा, मनीष सूंठवाल, विजय प्रजापति सहित अनेक की मौजूदगी रही, वहीं अग्रवाल ब्रदर्स के गिर्राज प्रसाद, सत्येंद्र कुमार, श्याम अग्रवाल ने गुलाब की पंखुड़ियों से वर्षा कर पथ संचलन का अभिनंदन किया।

# सांभर झील में ट्रेनो के ठहराव के लिए सांसदों की बेरुखी

**सांभरझील, (निसं)।** जयपुर ग्रामीण लोकसभा क्षेत्र में लगातार 15 साल से भाजपा के सांसद जीतने के बावजूद सांभर झील रेलवे स्टेशन पर महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव करवाने में असफल सिद्ध हो रहे है, हकीकत यह है कि सांसद और विधायकों पर सांभर के लोकल नेताओं ने कभी भी उनको मजबूर नहीं किया बल्कि उनकी आवभगत में ही अपना समय बिता दिया। फुलेरा विधानसभा क्षेत्र से लगातार तीन दफा विधायक का चुनाव जीत चुके निर्मल कुमावत के प्रयासों का अभाव भी रहा है। यह बात अलग है कि इस दफा हार का सामना जरूर करना पड़ा क्योंकि क्षेत्र में उनके खिलाफ काफी अंदरूनी नाराजगी थी। खास बात बताना जरूरी है कि केंद्रीय रेल मंत्री अश्विन वैष्णव जिनका खुद का ससुराल सांभर के नजदीक नरैना में है उसके बावजूद सांभर रेलवे स्टेशन की अनदेखी यहां के सैकड़ो मुसाफिरों के लिए अभिशाप बन चुकी है। वैसे अगर देखा जाए तो यहां के स्थानीय नेताओं ने कभी भी सांभर में रेलवे मंत्री को बुलाकर उनका अभिनंदन करने की जरूरत ही महसूस नहीं की, यहां के नेताओं का आपसी ईगो इस कदर हावी है कि उनके सकारात्मक सोच पूरी तरह से धूमिल हो चुकी है। सांभर से जयपुर प्रतिदिन सैकड़ो मुसाफिर अप डाउन करते हैं और उन्हें फुलेरा जाकर यहां से 7 किलोमीटर दूर ट्रेन पकड़नी पड़ती है। इन युवाओं की जिंदगी के हालत ऐसे हो गए हैं कि इन्हें खुद परिवार के लिए समय नहीं मिलता है।

सुबह अंधेरे में निकलते हैं और रात को देर तक अपने घर लौटते हैं। डेली अप डाउन करने वाले यहां के लोगों को न तो राजनीतिक सपोर्ट है, न ही किसी का सहारा जो उनकी पीड़ा को समझ कर दूर कर सके।

कई दफा दैनिक रेल यात्री संघ ने भी अपनी आवाज को उठाया लेकिन इस आवाज को आगे तक पहुंचाने के लिए एक भी राजनेता आगे नहीं आया, बल्कि उन्हें मीठी गोलियां ही देता रहा। बता दें की सांभर में जिन ट्रेनों के ठहराव का अभाव है उसमें प्रमुख रूप से 14661 / 62 बाड़मेर जम्मूतवी एक्सप्रेस, 22977 / 78 जयपुर जोधपुर हाईकोर्ट एक्सप्रेस, 20489/90 बाड़मेर-मथुरा एक्सप्रेस, 20487/88 बाड़मेर दिल्ली एक्सप्रेस, 20843/44 जोधपुर बिलासपुर एक्सप्रेस, 20845/46 बीकानेर बिलासपुर एक्सप्रेस, 14087 / 88 जैसलमेर दिल्ली रूणिचा एक्सप्रेस, 59629/30 जयपुर शामिल है।

# राम कथा श्रवण करने से सारी व्यथा हो जाती है दूर : अतुल रामायणी महाराज

**पावटा।** श्री ज्ञानदास आश्रम बड़नगर परिसर में ज्ञानदास महाराज के सान्निध्य में चल रही श्रीराम कथा के तीसरे दिन सोमवार को मध्य प्रदेश से आये कथा वाचक अतुल रामायणी महाराज ने भगवान श्रीराम की बाल लीला का बखान किया। राम कथा के दौरान उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम का जन्म अवध नरेश राजा दशरथ के यहां हुआ। श्रीराम के सभी अंग अत्यंत सुंदर थे। उनको देखते ही मन लुभा जाता था। राजा दशरथ व रानी कौशल्या के प्रेम में वशीभूत होकर श्रीराम पवित्र बाल लीला करते थे।

कथा के क्रम में उन्होंने कहा कि एक बार माता कौशल्या ने श्रीराम को स्नान एवं श्रृंगार कर झूला पर सुला दिया व स्वयं स्नान कर अपने कुलदेव की पूजा कर नैवेद्य भोग लगाकर पाक गृह गयी। जब वह वापस लौट कर पूजा स्थल पर आयी तो उन्होंने देखा कि देवता को चढ़ाए गए नैवेद्य शिशु रूपी भगवान राम भोजन कर रहे हैं। जब उन्होंने झूला पर जाकर देखा तो वहां भी उन्होंने श्रीराम को झूले पर सोते पाया। इस तरह पूजा स्थल एवं झूला के पास उन्होंने कई चक्कर लगाया। दोनों जगह पर उन्होंने श्रीराम को पाया। इस दृश्य को देखकर माता कौशल्या डर गयी व कांपने लगी।

माता की अवस्था देख श्रीराम ने माता को अपना अद्भुत रूप दिखाया। उन्होंने दिखाया कि उनके एक-एक रोम में करोड़ों ब्रह्मांड लगे हुए हैं। भगवान का विराट रूप देखकर कौशल्या माता प्रफुल्लित हो गयी एवं आंखें मूंदकर भगवान के चरणों पर गिर पड़ी। भगवान श्रीराम ने माता को बहुत समझाया एवं कहा कि हे माता यह बात आप किसी से ना कहेंगी। भगवान राम के जन्म पर पूरी अयोध्या रूपी पांडाल को सजाया गया, खुशियां मनाई गईं और घर-घर दीपक जलाए गए। राम जन्म के अतिरिक्त, महाराज ने प्रभु राम की बाल लीलाओं और कागभुशुण्डि पर राम कृपा जैसे कई अन्य प्रसंग भी सुनाए। उन्होंने कहा कि भगवान का जन्म असुरों और पापियों का नाश करने

> ■ कथा के तीसरे दिन प्रभु श्री राम का मनाया गया जन्मोत्सव

के लिए हुआ था, और उन्होंने बाल्यावस्था से ही असुरों का संहार किया। अतुल रामायणी महाराज ने जोर देकर कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जीवन चरित्र अनंत सदियों तक चलता रहेगा। भगवान राम का अपने पिता, माता और भाइयों के प्रति स्नेह और प्रेम सदा के लिए अमर है। उन्होंने कहा कि कथा श्रवण करने से मनुष्य की सारी व्यथा दूर हो जाती है, सुख समृद्धि एवं शांति मिलती।

राम कथा सुनने को लेकर काफी संख्या में भक्तजनों की भीड़ उमड़ रही है। राम कथा के दौरान गायक मंडली द्वारा भजन सुनाकर श्रद्धालुओं का मन मोहा जा रहा है। इधर प्रसंग के दौरान राम के जन्म होते ही पंडाल प्रभु श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। कथावाचक रामायणी महाराज ने इस दौरान राम जन्म स्तुति भाई प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी ...से शुरू होकर बधाई गीत का सिलसिला घंटे तक चलते रहा। महिला पुरुष बधाई गीत पर अपने अपने जगह पर नाचते झूमते रहे। इस दौरान दशरथ जी कौशल्या तथा श्री राम की प्रस्तुत झांकी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।

महायज्ञ के मुख्य यजमान उद्योग पति मंगल चंद गर्ग एवं धर्मपत्नी उर्मिला देवी गर्ग द्वारा विधिवत पूजन किया गया। जिसके बाद मुख्य यजमान के साथ परिजनों व आगंतुक अतिथियों द्वारा सामूहिक आरती की गयी। वहीं आयोजक पवन गर्ग, प्रदीप गर्ग ने बताया कि महायज्ञ को सफल बनाने में सैकड़ो कार्यकर्त्ता लगे हुए हैं। इस मौके पर कथा सुनने के लिए पवन गर्ग, प्रदीप गर्ग, केशव गर्ग, विमल गर्ग, सतीश खंडेलवाल, दिनेश शर्मा, अमित शर्मा, रामकरण यादव, मनोज मित्तल सहित पंडाल में पुरुषों के साथ ही सैकड़ों महिला भक्त भी मौजूद रहीं।

## पीतल के आभूषण देकर 07 लाख रूपये की ठगी का फर्दाफाश

**अलवर।** मकान में दबे आभूषण निकलने का झासा देकर पीतल के आभूषण 7 लाख लाख में बेच कर ठगी करने के आरोप में तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक जिला सुधीर चौधरी ने जानकारी देते हुऐ बताया कि पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए असली सोने के आभूषण बेचने के बहाने पीतल के आभूषण देकर 07 लाख रूपये ठगने वाले 03 शातिर ठगों को बापर्दा गिरफ्तार किया गया। हुकुमचंद गुर्जर निवासी ठुमरेला पुलिस थाना लक्ष्मणगढ जिला अलवर रिपोर्ट इस आशय की पेश कि देशी घी खरीदने के बहाने दो शख्सों ने परिवादी से जान पहचान की जाकर मकान तोडने/खुदाई मे सोने के आभूषण मिलने की कह कर पीतल के आभूषण देकर 07 लाख रूपये ठगी करने की रिपोर्ट पेश की। जिस पर प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। प्रकरण में कार्यवाही करते हुए आसूचना संकलन एंव तकनीकी सहायता से 03 शातिर ठगों को जालोर से दस्तायब कर बाद पूछताछ प्रकरण मे बापर्दा गिरफ्तार किया।

## संक्षिप्त

### बरसात होने से किसान चिन्तित

**निवाई।** शहर सहित उपखंड क्षेत्र में सोमवार को सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए रहे एवं देर रात तक रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा। इस दौरान सुबह से शाम तक सूर्यदेव के दर्शन भी नहीं हुए। बरसात होने से किसानों के चेहरों पर मायूसी छा गई। सोमवार को दिनभर आसमान में काले बादल छाए रहे एवं दिन भर हल्की बूंदाबांदी का दौर चलता रहा जो देर रात तक जारी रहा। आसमान में काले बादल छाने से दिनभर अंधेरा छाया रहा। बूंदाबांदी होने से किसान सहित आमजन प्रभावित रहा। किसान रामजीलाल गुर्जर, नाथूलाल गुर्जर व तुलसीराम चौधरी ने बताया कि वर्तमान में खेतों में सरसों की बिजाई का काम चल रहा है। बरसात होने से बीज नहीं उग पाएंगे। जिससे किसानों को महंगे बीजों का नुकसान होगा। जिससे किसानों को दुबारा बीज डालकर जुताई करनी पडेगी। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान भी होगा। बरसात होने से तापमान गिर गया है। जिससे ठण्ड का अहसास होने लगा है। ठण्ड होने से कई लोग गर्म कपडे पहने हुए दिखाई दिए।

### अर्चना का एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में चयन

**निवाई।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हनौतिया की कक्षा 12वीं की छात्रा अर्चना मीणा का अण्डर 17-19 वर्षीय एथेलेटिक्स रिले 400 मीटर प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर चयन हुआ है। विद्यालय के शारीरिक शिक्षक जितेंद्र यादव ने बताया कि विद्यालय की छात्रा अर्चना का चयन होने से विद्यालय मे खुशी की लहर है। इस दौरान प्रधानाचार्या सुमन शर्मा केसानिध्य में विद्यालय स्टाफ ने छात्रा अर्चना का स्वागत किया। अर्चना सीकर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 29 अक्टूबर से 4 नवम्बर तक भाग लेंगी।

### अन्तिम तिथि 15 नवंबर की

**कोटपूतली ।** जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी विपिन ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए राजकीय एवं निजी शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु छात्रवृत्ति पोर्टल पर बायोमैट्रिक उपस्थिति करने हेतु अन्तिम तिथि 30 सितम्बर 2025 निर्धारित की गई थी, जिसे अतिरिक्त निदेशक (छात्रवृत्ति) निदेशालय जयपुर के निर्देश पर बढाकर 15 नवम्बर 2025 कर दिया गया है।

### रोडवेज बस ने कंटेनर के पीछे से मारी टक्कर

**निवाई।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोहेला के समीप एक रोडवेज बस ने एक कंटेनर के पीछे से टक्कर मार दी जिससे बस में सवार 3 यात्रियों के मामूली चोटे आई है। बरोनी थानाधिकारी बृजेन्द्रसिंह राठौड़ ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोहेला के समीप शिव शक्ति होटल के सामने सोमवार को सुबह करीब समय 10:45 बजे एक रोडवेज बस ने एक कंटेनर के पीछे से टक्कर मार दी जिससे बस में सवार 3 यात्रियों के मामूली चोटें आई है। घायलों को सआदत अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। टक्कर लगने से बस क्षितग्रस्त हो गई।

### आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाये जा रहे अवैध हथियारों के खिलाफ विशेष अभियान के तहत मोर थाना प्रभारी राकेश कुमार ओला के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को अवैध टोपीदार बंदूक के साथ गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध हथियार की मिली सूचना पर टीम ने पंवालिया गांव की मोग्या ढाणी में दबिश देकर आरोपी रामदेव पुत्र बजरंग मोग्या को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवैध टोपीदार बंदूक बरामद की है।

### हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** उनियारा थाना पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के आरोप में चार माह से फरार चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। उनियारा थाना प्रभारी कप्तान सिंह ने बताया कि 27 जून को परिवादी धनराज जाट निवासी गोठड़ा को रास्ते में रोककर मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने के बाद से फरार चल रहे आरोपी लड्डू लाल पुत्र राम निवास गुर्जर निवासी कल्याणपुरा को थाना पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में कार्यवाही करते हुए तकनीकी साधनों से मिली सूचना के आधार पर आरोपी को दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया है।

## सार-समाचार

### कब्जा हथियाने के मामले में दो साल से फरार आरोपी गिरफ्तार



**पावटा।** प्रागपुरा थाना पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ और कब्जा हथियाने के आरोप में वीर सिंह को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक कोटपुतली बहरोड़ देवेंद्र विश्नोई ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक जयपुर रेंज जयपुर द्वारा 1 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक एक विशेष अभियान चलाया जाकर वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। जिसकी पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली वैभव शर्मा के सुपरविजन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के निर्देशन व प्रागपुरा थाना प्रभारी कश्मीर सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास व कार्यवाही करते हुए दो साल से फरार चल रहे मुल्जिम वीर सिंह पुत्र मान सिंह निवासी ढाणी बनिया वाली तन बड़ा गांव थाना बासदयाल को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की।

### राजेन्द्र यादव को मिला प्रदेश सचिव का दायित्व

**नारायणपुर ।** राजस्थान युवा यादव महासभा के प्रदेशाध्यक्ष मदन यादव व कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष महेन्द्र यादव ने नारायणपुर निवासी राजेन्द्र यादव पुत्र काना राम यादव को संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी में नई जिम्मेदारी देते हुए प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। ग्रामीणों और संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने मिठाई बाँटकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की। लोगों का कहना है कि राजेन्द्र यादव की मेहनत, ईमानदारी और समाजसेवा के प्रति समर्पण ने उन्हें यह सम्मान दिलाया है। प्रदेशाध्यक्ष मदन यादव ने बताया कि संगठन को मजबूत और सक्रिय बनाने के लिए योग्य व समर्पित युवाओं को जिम्मेदारी देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संगठन के विस्तार और युवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से यह नियुक्ति की गई है। प्रदेशाध्यक्ष ने विश्वास जताया कि राजेन्द्र यादव अपने पद की गरिमा को बनाए रखते हुए संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे। नियुक्ति के बाद राजेन्द्र यादव ने प्रदेशाध्यक्ष एवं पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि यह उनके लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि वे संगठन के प्रत्येक सदस्य के साथ मिलकर समाज के युवाओं के शिक्षा, रोजगार, एकता और सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। स्थानीय लोगों और संगठन के कार्यकर्ताओं ने राजेन्द्र यादव को शुभकामनाएँ दीं और कहा कि उनकी नियुक्ति से क्षेत्र के युवाओं में नया उत्साह और जोश का संचार हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि राजेन्द्र यादव लंबे समय से समाजसेवा, युवाओं के मार्गदर्शन और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### निरंकारी मिशन का संत समागम 31 से

**पावटा।** संत निरंकारी मंडल की ओर से समालखा ( हरियाणा ) में प्रमुख सुदीक्षा महाराज व राजपिता रमित जी के सानिध्य में 78वाँ वार्षिक निरंकारी संत समागम 31 अक्टूबर से 3 नवंबर तक होगा। जोनल इंचार्ज वेद बनवारी लाल निरंकारी के अनुसार इस समागम में जोन से कोटपूतली, शाहपुरा, भाबरू, मैड,विराटनगर, भोनावास, टसकोला, दांतिल, टोरड़ा समेत अन्य स्थानों से बड़ी संख्या में लोग भाग लेंगे। 30 अक्टूबर को प्रातः 10 बजे निरंकारी सत्संग भवन से 15 बसे रवाना होंगी। कई लोग आयोजन की तैयारियो में जुटे हुए हैं। जोनल इंचार्ज वेद बनवारी लाल निरंकारी ने बताया कि यह समागम केवल एक धार्मिक या वार्षिक आयोजन नहीं, ज्ञान, प्रेम और भक्ति का संगम होता है। पावटा क्षेत्र संचालक व 100 निरंकारी सेवादल भाई बहन भी व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। समागम स्थल को एक नगर का रूप दिया गया है। परिसर में एलईडी स्क्रीन लगाई जा रही है ताकि सभी श्रद्धालु सत्संग का लाभ प्राप्त कर सके। पूरे समागम परिसर को चार प्रमुख खंडों में विभाजित किया गया है जिससे संचालन,आवागमन और सुविधाओं का समुचित प्रबंध सुनिश्चित किया जा सके। इस सन्त समागम में देश-विदेश कनाडा, अमेरिका,जापान, अफगानिस्तान, कुवैत, सऊदी अरब, दम्माम अनेक देशों से भी निरंकारी भक्त इस संत समागम में भाग लेंगे।

### छठ पूजा कार्यक्रम में लगी आग को दमकल ने बुझाया

**बहरोड़/ नीमराना।** बहरोड़ के खेल स्टेडियम के पास मेला मैदान में पूर्वांचल के छठपूजा के धूम धाम से चल रहे परिसर में अचानक से लगी आग को नगर परिषद बहरोड़ की दमकल ने तुरंत काबू पाकर बुझा दिया। गौरतलब है कि एक तरफ जहां छठ पूजा कार्यक्रम में पूर्वांचल के लोग अपने सांस्कृतिक त्यौहार को श्रद्धा के साथ मना रहे थे वहीं दूसरी तरफ परिसर में ही बच्चे पटाखों के साथ ही हस्त निर्मित पोटाश पाउडर जैसे ज्वलनशील पदार्थ का पटाखे के रूप में प्रयोग कर रहे थे। पुलिस प्रशासन का अभाव तथा ज्वलनशील पदार्थ प्रयोग करने से अचानक से परिसर में लगी आग को नगर परिषद के कर्मचारियों ने नजरअंदाज नहीं करते हुए तुरंत दमकल की गाड़ी से मौके पर पहुंच कर बुझा दिया। जिससे कार्यक्रम में बड़ा हादसा होने से टल गया।

### स्कूल बस का स्टेयरिंग फेल होने से बेकाबू

**टोंक।** मालपुरा थाना क्षेत्र के इंदोली गांव से दो किमी दूर रास्ते पर सोमवार को बच्चों से भरी प्राइवेट स्कूल बस का स्टेयरिंग फेल होने बस अनियंत्रित हो गई, जिससे कई बच्चे घायल हो गए। घटना के बाद बस में चीख पुकार मच गई तथा बस रोड के नीचे उतर गई, जहां कच्ची मिट्टी होने से बस नीचे उतरते ही मिट्टी में फंसकर रूक गई, जिससे बडा हादसा होने से बच गया। इस दौरान हादसे में दस से ज्यादा बच्चे घायल हो गए, जिन्हे एम्बुलेंस से मालपुरा अस्पताल ले जाकर इलाज करवाया गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणो व बस में सवार बच्चो ने बताया कि मालपुरा की तिलक बाल विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल की बस इदोली व आसपास के गांव के बच्चों को बिठाकर स्कूल ले जा रही थी, तभी दो किमी दूर पहुंचते ही उसका स्टेयरिंग फेल हो जाने से बस बेकाबू होकर हिचकोले खाते हुए रोड से करीब दो तीन फीट नीचे उतर गई तथा कच्ची मिट्टी में जाकर रूक गई। हादसे में बस में सवार दस से ज्यादा बच्चे घायल हो गए तथा घायल बच्चों को एम्बुलेंस की सहायता से अस्पताल ले गये। जहां डॉक्टर ने उपचार प्रारम्भ किया, हालांकि इस हादसे में किसी के गंभीर चोट नहीं आई।

### नगर व कामां विधानसभा में 6 नए बूथों का सृजन

**डीग भरतपुर ।** निर्वाचन विभाग, राजस्थान से प्राप्त दिशा-निर्देशों की अनुपालना में, जिले के मतदाताओं को मतदान के दिन सुगम और सुव्यवस्थित अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से 6 नवीन मतदान बूथों के सृजन को प्रस्तावित किया गया। जिला कलेक्टर उत्सव कौशल की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में इन नए बूथों का अनुमोदन कर चुनाव आयोग को भिजवाया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने बताया कि निर्वाचन विभाग के स्पष्ट निर्देश हैं कि ऐसे मतदान केंद्र, जहाँ मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक है या निकट भविष्य में 1200 से अधिक होने की संभावना है, वहाँ मतदाताओं की सुविधा के लिए नए बूथों का सृजन किया जाए। इसी प्रक्रिया के तहत, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श के पश्चात, जिला कलेक्टर ने नगर विधानसभा क्षेत्र में 04 तथा कामां विधानसभा क्षेत्र में 02 नवीन मतदान बूथों के सृजन का अनुमोदन किया और अब मंजूरी के लिए प्रस्ताव चुनाव आयोग भिजवाया जाएगा। इस निर्णय से इन क्षेत्रों के मतदाताओं को मतदान के दिन लंबी कतारों से राहत मिलेगी और मतदान प्रक्रिया अधिक सुगमता व तीव्रता से संपन्न हो सकेगी।



अपनी टीम से सलाह लेने और शानदार डॉ. पारदीवाला के मार्गदर्शन के बाद, उन्हें लगा कि 2025 में होने वाले सभी शेष बीडब्ल्यूएफ टूर स्पर्धाओं से नाम वापस लेना उनके लिए सबसे अच्छा होगा। - पीवी सिंधु

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी, इस वर्ष होने वाले टूर्नामेंट से नाम वापस लेने का फैसला लिया।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ पार्थिव पटेल



**पूर्व** भारतीय क्रिकेटर और इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटन्स के सहायक कोच पार्थिव पटेल ने बेंगलुरु की एक स्टार्टअप कंपनी स्पोर्ट्जएंगेज टेक्नॉलोजी में निवेश किया है। पार्थिव पटेल अपनी क्रिकेट विशेषज्ञता का उपयोग सक्रिय रूप से स्पोर्ट्जएंगेज टीम के साथ करेंगे और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करके खेल की बेहतरी के उपाय सुझायेंगे। पार्थिव पटेल ने कहा, कोच के रूप में मैंने स्वयं ये देखा है कि आंकड़े और तकनीक कैसे प्रदर्शन में सुधार कर सकते हैं। इसके जरिये कैसे प्रशिक्षण सत्रों के जरिये मैच की तैयारी बेहतर तरीके से की जा सकती है।

**क्या आप जानते हैं ?...** कप्तान के रूप में भारत के एमएस धोनी ने 13 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में से 9 जीते हैं।

# पृथ्वी शॉ ने जड़ा रणजी ट्रॉफी का दूसरा सबसे तेज दोहरा शतक

चंडीगढ़ 27 अक्टूबर। राष्ट्रीय टीम में वापसी के प्रयास में लगे युवा भारतीय बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने सोमवार को चंडीगढ़ के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच में धुआंधार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट का दूसरा सबसे तेज दोहरा शतक जड़ने का कारनामा किया हैं। पहली पारी में आठ रन बनाकर आउट हुये शॉ ने अपने अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए चंडीगढ़ के गेंदबाजों पर शुरुआत से ही आक्रामक रूख अख्तियार किया और अपनी पहली 55 गेंदों में 13 चौकों की मदद से 80 रन बना लिए थे। इसके बाद उन्होंने और तेजी से बटोरते हुए केवल 72 गेंद में अपना शतक पूरा किया। 17 चौकों की मदद से महाराष्ट्र के लिए उन्होंने



अपना पहला शतक जड़ा। इसके बाद भी शॉ ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 141 गेंदों में अपना दोहरा शतक पूरा किया था जो रणजी ट्रॉफी में प्लेट ग्रुप के मैचों को छोड़ दिया जाए तो दूसरा सबसे तेज दोहरा शतक है। इससे पहले रवि शास्त्री ने केवल 123 गेंद में दोहरा शतक लगाया है। 200 से कम गेंदों में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दो दोहरा शतक लगाने वाले शॉ केवल दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गये हैं। वीरेंद्र सहवाग ने सबसे अधिक तीन बार भारत के लिए यह कारनामा किया है। शॉ 156 गेंदों में 29 चौके और पांच छक्कों की मदद से 222 रन बनाये। उन्हें 51वें ओवर में अर्जुन आजाद ने आउट किया।

## लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत हाइलो ओपन में करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई

सारब्रुकन (जर्मनी), 27 अक्टूबर। स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत मंगलवार से सारब्रुकन में सारलैंडहाले में शुरू होने वाले हाइलो ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगे। टूर्नामेंट के पहले राउंड में लक्ष्य पांचवीं सीड और डिफेंडिंग चैंपियन फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव से भिड़ेंगे। 24 साल के भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत भी पुरुष एकल ड्रॉ में शामिल होंगे। किदांबी श्रीकांत, जो मई में मलेशिया मास्टर्स में क्वालीफायर से टूर्नामेंट शुरू करने के बाद रनर-अप रहे थे, पहले राउंड में किरण जॉर्ज से भिड़ेंगे। इस साल बीडब्लयूएफ वर्ल्ड टूर खिताब जीतने वाले एकमात्र भारतीय यूएस ओपन चैंपियन आयुष शेट्टी भी टूर्नामेंट में पुरुष एकल ड्रॉ का हिस्सा हैं। भारत की पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक की जोड़ी पुरुष युगल मुकाबले में खेलेंगी।

# श्रेयस अय्यर की पसलियों में चोट, सिडनी के अस्पताल में भर्ती

सिडनी, 27 अक्टूबर। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान पसलियों में चोट लगने के बाद भारतीय बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को सिडनी के एक अस्पताल की सघन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया है।

सोमवार सुबह भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक्स पर जारी एक बयान कहा, श्रेयस अय्यर को 25 अक्तूबर को सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान क्षेत्ररक्षण के दौरान बाईं पसलियों के पास चोट लगी थी। इसके बाद उन्हें आगे की जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया।

उन्होंने कहा, स्कैन में पता चला है कि अय्यर की प्लीहा में लकीरनुमा चोट आई है। उनका इलाज जारी है और वह धीरे-धीरे ठीक



हो रहे हैं। बीसीसीआई का चिकित्सक दल सिडनी और भारत के विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ मिलकर अय्यर की चोट पर लगातार नजर रखे हुए है। भारतीय टीम के डॉक्टर सिडनी में ही रहेंगे ताकि श्रेयस की रोजाना की स्थिति का मूल्यांकन कर सकें।

अय्यर को यह चोट क्षेत्ररक्षण के दौरान उस समय लगी, जब उन्होंने एलेक्स कैरी को आउट करने के लिए पीछे की ओर डाइव लगाकर एक शानदार कैच लेने का प्रयास किया। इस दौरान नीचे गिरने से उनकी बाईं पसली के नीचे गंभीर चोट लग गई।

## चोटिल प्रतिका रावल महिला विश्व कप से हुई बाहर

नवीं मुम्बई, 27 अक्टूबर। सेमीफाइनल से पहले भारतीय महिला टीम को लगा झटका, सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल टूर्नामेंट के आखिरी लीग मैच में बंगलादेश के खिलाफ चोटिल होने के बाद महिला विश्व कप 2025 से बाहर हो गई हैं। नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में रविवार को बारिश से प्रभावित मैच में बाउंड्री रोप के पास क्षेत्ररक्षण करते समय रावल फिसल कर गिरने के बाद चोटिल हो गईं थी। उन्हें टीम के सपोर्ट स्टाफ की मैदान से बाहर ले जाया गया था। मैच रद्द होने के बाद 25 वर्षीय का रावल का स्कैन हुआ था। गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले से पहले भारत के लिए यह एक बड़ा झटका है। रावल ने दिसंबर 2024 में भारतीय टीम में पर्दापण किया था। उन्होंने पिछले मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ उसी जगह पर अपना पहला वर्ल्ड कप शतक बनाया था। इस दौरान, वह महिला वनडे में 1000 रन बनाने वाली संयुक्त रूप से सबसे तेज़ खिलाड़ी भी बन गईं और एक कैलेंडर वर्ष में 1000 रन बनाने वाली दूसरी खिलाड़ी बनने की कगार पर थीं।

### राजस्थान-जम्मू एंड कश्मीर रणजी मैच

## रणजी ट्रॉफी में जम्मू कश्मीर के आकिब नबी ने मैच में 10 विकेट लेकर राजस्थान के खिलाफ टीम को जीत दिलाई

जयपुर, 27 अक्टूबर। रणजी ट्रॉफी में जम्मू कश्मीर के आकिब नबी ने मैच में 10 विकेट लेकर राजस्थान के खिलाफ टीम को जीत दिला दी। वहीं महाराष्ट्र के पृथ्वी शॉ ने चंडीगढ़ के खिलाफ दोहरा शतक लगा दिया। सर्विसेज ने इतिहास रचते हुए एलिट ग्रुप- के मैच में असम को 8 विकेट से हरा दिया। यह रणजी इतिहास में ओवर के मामले में सबसे छोटा मैच रहा।

आकिब नबी के 10 विकेट से जीता जम्मू-कश्मीर आकिब नबी ने राजस्थान के खिलाफ 10 विकेट लेकर जम्मू कश्मीर को पारी और 41 रन से जीत दिला दी। श्रीनगर में खेले जा रहे मैच में राजस्थान ने पहली इनिंग में 152 रन बनाए। टीम से कोई भी प्लेयर फिफ्टी तक नहीं लगा सका। कप्तान महिपाल



लोमरोर ने नाबाद 37 रन बनाए। जम्मू-कश्मीर ने अपनी पहली पारी में 282 रन बनाए। टीम से अब्दुल समद और आकिब नबी ने फिफ्टी लगाई। समद 76 और नबी ने 55 रन की पारी खेली। युद्धवीर सिंह ने तेजी से 37 बॉल पर 53 रन बनाए। राजस्थान से दीपक चाहर ने 4 विकेट चटकाए। पहली पारी में 130 रन से पिछड़ने के बाद राजस्थान को दूसरी पारी मात्र 89 रन पर सिमट गई। दीपक हुड्डा ने सबसे ज्यादा 28 रन बनाए। जम्मू-कश्मीर से आकिब नबी ने दूसरी पारी में 7 विकेट लिए।

राजस्थान - हैदराबाद अंडर 23 सी केनायडू ट्रॉफी मैच (दूसरे दिन)।

हैदराबाद पहली पारी 361 आल आउट। टीम के लिए मयंक गुप्ता 49, नितिन यादव 51 रन। राजस्थान के गेंदबाज गणेश सुथार 46/3, मोहित चांगरा 78/4, चेतन शर्म, दीपेंद्र, अनिरुद्ध सिंह 1-1 विकेट। राजस्थान पहली पारी बारिश के कारण दूसरे दिन का खेल रोके जाने तक टीम ने 2 विकेट पर नुकसान पर 12 रन बना लिए थे।

## वेस्टइंडीज ने बांग्लादेश को 19 रनों से हराया

चटगांव, 27 अक्टूबर। कप्तान शाई होप (नाबाद 46) और रोवमन पॉवेल (नाबाद 44) के बाद जेडेन सील्ड और जेसन होल्डर (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने सोमवार को पहले टी-20 मुकाबले में बंगलादेश को 16 रनों से हरा दिया। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 166 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगलादेश को शुरुआत अच्छी नही रही और 57 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गंवा दिये थे। इसके बाद भी वेस्टइंडीज के गेंदबाजी आक्रमण के बंगलादेश का कोई भी बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सका और उसकी पूरी टीम 19.4 ओवर में 149 के स्कोर पर सिमट गई। बंगलादेश के लिए तनजीम हसन साकिब ने सर्वाधिक 33 रन बनाये। मो तौहिद हृदोय (28), नासुम अहमद (20), तंजिद हसन (15), तसकीन अहमद (10) दहाई अंक तक पहुंचने वाले बल्लेबाजों में शामिल थे। इसके अलावा मुस्तफिजुर रहमान 11 रन बनाकर नाबाद रहे।

## चोट से उबर चुके टेम्बा बावुमा भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम में शामिल

प्रिटोरिया, 27 अक्टूबर। टेम्बा बावुमा पिंडली की चोट से ठीक होने के बाद अगले महीने भारत के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए दक्षिण अफ्रीका की टेस्ट टीम में बतौर कप्तान शामिल किया गया हैं। बावुमा सितंबर में इंग्लैंड में चोट लगने के कारण



पाकिस्तान के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप टाइटल डिफेंस की शुरुआत में नहीं खेल पाए थे। वह इस हफ्ते पाकिस्तान में शुरू होने वाले किसी भी सफेद गेंद मैच में नहीं खेलेंगे, लेकिन टेस्ट टीम में शामिल होने से पहले बेंगलुरु में इंडिया ए के खिलाफ प्रथम श्रेणी मैच में दक्षिण अफ्रीका ए टीम का हिस्सा होंगे। दक्षिण अफ्रीका के चयनकर्ताओं ने पाकिस्तान में ड्रा सीरीज खेलने वाली टीम में एकमात्र बल्लेबाजी में बदलाव करते हुए बावुमा को टीम में शामिल किया गया है। उन्हें मध्यम क्रम के बल्लेबाज डेविड बेडिंगम की जगह टीम में जगह दी गई है। बेडिंगम ने दक्षिण अफ्रीका के लिए 15 टेस्ट खेले हैं और एक शतक और चार अर्धशतक बनाए हैं, लेकिन बुलावायो में जिम्बाब्वे के खिलाफ 82 रन बनाने से पहले, उन्होंने 12 पारियों में एक भी अर्धशतक नहीं बनाया था। टोनी डी जोंजी, ट्रिस्टन स्टब्स, डेवाल्ड ब्रेविस और ज़ुबैर हमजा सभी टीम में हैं। दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने वाले तीन स्पेशलिस्ट स्पिनरों केशव महाराज, साइमन हार्मर और सेनुरा मुथुसामी को टीम में बनाये रखा है। कगिसो रबाडा, कॉर्बिन बॉश और मार्को जानसेन तेज गेंदबाजी की कमान संभालेंगे। दो मैचों की सीरीज 14 दिसंबर को कोलकाता में शुरू होगी। दूसरा टेस्ट 22 नवंबर से गुवाहाटी में खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका भारत में तीन एकदिवसीय और पांच टी-20 मैच भी खेलेगा।

**भारत टेस्ट के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम इस प्रकार है:**' टेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मार्कराम, रयान रिकेल्टन, ट्रिस्टन स्टब्स, काइल वेरिन, डेवाल्ड ब्रेविस, ज़ुबैर हमजा, टोनी डी जोंजी, कॉर्बिन बॉश, वियान मुल्डर, मार्को जानसेन, केशव महाराज, सेनुरा मुथुसामी, कगिसो रबाडा और साइमन हार्मर।

## आरसीए एडहॉक कमेटी कन्वीनर ने पिंकेश और आशीष को प्राथमिकी दर्ज करने के लिए अधिकृत किया

जयपुर, 27 अक्टूबर। डीडी कुमावत, संयोजक, तदर्थ समिति आरसीए ने बताया कि मेरे संज्ञान में आया है कि हाल ही में हुई एक घटना के संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज की जा रही है, जिसमें एक फर्जी ईमेल आईडी और आरसीए लेटरहेड का अनधिकृत उपयोग शामिल है। मैं इस कार्रवाई का पूर्ण समर्थन करता हूँ और इस मामले में एडहॉक कमेटी सदस्यों के साथ हूँ। कुमावत ने कहा कि उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए पिंकेश पोरवाल ओर आशीष तिवारीको प्राथमिकी दर्ज करने और उस पर अनुवर्ती कार्रवाई करने के लिए अधिकृत किया गया है।

### आरसीए में फर्जी ई-मेल विवाद गहराया

# एडहॉक कमेटी के चार सदस्यों ने लिया जायजा, रिपोर्ट दर्ज कराएंगे, चयन समिति पर विवाद जारी

जयपुर, 27 अक्टूबर। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। फर्जी ईमेल का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। आरसीए की एडहॉक कमेटी के चार सदस्य पिंकेश जैन, धनंजय सिंह खींवसर, मोहित यादव और आशीष तिवाड़ी ने आज सोमवार को जायजा लिया। चारों सदस्यों ने आरसीए अकादमी भवन पहुंचकर फर्जी ईमेल और आरसीए के दस्तावेजों-कंप्यूटर से कथित छेड़छाड़ के मामले का जायजा लिया। घटनाक्रम को लेकर इन सदस्यों ने पुलिस में एफआईआर दर्ज करवाने की बात भी कही है।



**एडहॉक कमेटी के कन्वीनर कुमावत बोले : मामले की निष्पक्ष जांच हो**

यदि सदस्य एफआईआर करवाना चाहते हैं तो वे उनके साथ हैं। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। कुमावत ने कहा क्या पता जिनकी बात आप कह रहे हैं, उन्हीं का मामला हो।

**बीसीसीआई को भेजे ई-मेल में काले कारनामों का खुलासा करने का किया था दावा**

कुछ समय पहले एक ईमेल आईडी से बीसीसीआई को ई-मेल भेजा गया था। इसमें काले कारनामों का खुलासा करने का दावा किया गया था। इस ईमेल ने आरसीए प्रशासन और एडहॉक कमेटी में खलबली मचा दी थी। इसके बाद संदिग्ध कंप्यूटर को कॉन्फ्रेंस हॉल में रखवाया गया और ऑफिस सील कर दिया गया था। हालांकि बाद में ऑफिस खुलने पर पता चला कि कंप्यूटर को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया था। एडहॉक कमेटी के सदस्य आशीष तिवाड़ी ने बताया कि दीपावली के चलते सदस्य अपने-अपने गांव गए हुए थे।

**चयन प्रक्रिया-सलेक्शन कमेटियों पर दोनों गुट आमने-सामने**

इस बीच टीम की चयन प्रक्रिया और सलेक्शन कमेटियों को लेकर दोनों गुट आमने-सामने हैं। धनंजय गुट की ओर से डीडी कुमावत पर मीटिंग न बुलाने और मनमानी तरीके से आरसीए चलाने के आरोप लगाए गए हैं। इस पर कुमावत ने कहा कि वे हर जांच के लिए तैयार हैं, लेकिन जांच ऑफिस के अंदर का व्यक्ति नहीं करेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि वे क्रिकेट का नुकसान नहीं होने देंगे। इस घटना की जानकारी मिलने पर चारों सदस्य आरसीए कार्यालय आए। पूरे मामले का जायजा लिय। उन्होंने मांग की कि इस मामले की पुलिस से जांच करवाई जानी चाहिए।



## एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में राजस्थान ने उत्तराखंड को 1-0 से हराया

जयपुर, 27 अक्टूबर। सब-जूनियर बालक वर्ग राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में आज राजस्थान का दूसरा मैच उत्तराखण्ड से खेला गया। कोच देवेन्द्र सिंह भाटी और अवकाश दायमा ने बताया की दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर का मुकाबला रहा। दोनों टीमें ने लगातार गोल स्कोर करने के भरसक प्रयास किए परंतु मैच के मध्यांतर तक किसी भी टीम को गोल करने में सफलता प्राप्त नहीं हुई और मध्यांतर तक स्कोर 0-0 रहा। मैच के दूसरे हाफ में राजस्थान टीम ने अपने परंपरागत अंदाज में आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए गोल स्कोर के लिए आक्रमण और तेज कर दिए परंतु उत्तराखंड की रक्षापंक्ति ने राजस्थान टीम को मैच के 80 मिनट तक गोल करने का मौका नहीं दिया और अंततः मैच के 82 मिनट में राजस्थान टीम के जर्सी नंबर 18 अक्षित शर्मा ने जर्सी नंबर 11 में खेल रहे माधव चतुर्वेदी के लिए पास दिया और माधव चतुर्वेदी ने उत्तराखंड के गोलकीपर को छक्काते हुए बॉल को गोल पोस्ट में पहुंचा दिया। और राजस्थान को बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। और मैच समाप्ति तक राजस्थान टीम ने यह बढ़त बनाई रखी। राजस्थान के माधव चतुर्वेदी को आज के मैच का प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया । सब जूनियर टूर्नामेंट लीग के फर्स्ट मैच में जम्मू कश्मीर और राजस्थान 4/4 से गोल से बराबर रहे थे अब लीग का आखिरी मैच तेलंगाना से 29 अक्टूबर को है ।

## जयपुर जिला टेबल टेनिस संघ के खिलाड़ी आरना व आरव साहनी ने जीते स्वर्ण पदक



जयपुर, 27 अक्टूबर। हाल ही में नोएडा में संपन्न हुई आई एस एस ओ स्कूल टेबल टेनिस स्पर्धा में जयपुर की आरना साहनी ने सिंगल्स में स्वर्ण पदक जीते अपना परचम लहराया वही उनके भाई आरव साहनी ने टीम चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता परंतु सिंगल्स में उन्हें कासय पदक से संतोष करना पड़ा। आरना और आरव साहनी अपने आयु वर्ग में राजस्थान में प्रथम रैंक पर भी है। आने वाली इंटरनेशनल स्कूल प्रतियोगिता में आरना साहनी का चयन भारत से हुआ है जो वर्ल्ड स्कूल गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी

## राजस्थान के जंगजीत सिंह काजला ने भारत को कांस्य मेडल दिलाकर इतिहास रचा

### अन्वी राठौड़ का शानदार प्रदर्शन

जयपुर, 27 अक्टूबर। चाईना के चेंडगू यूनिवर्सिटी कैम्पस में एषियन जूनियर बैडमिंटन चैम्पियनषिप 21 से 26 अक्टूबर तक आयोजित हुई, जिसमें मिश्रित युगल अंडर-17 में राजस्थान के जंगजीत सिंह काजला ने जे. रमेष के साथ भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए ब्रान्च मेडल हासिल किया।

जंगजीत सिंह काजला और जे. रमेष की जोड़ी ने अपना पहला मुकाबला जापान की आई मत्सुषिता एवं के मत्सुषिता की जोड़ी से 21-15, 21-17 से जीतकर अगले दौर में प्रवेष किया जहां उनका मुकाबला थाईलेण्ड की जोड़ी पी. लाओलापा एवं एन. बूनसुम्पुथ के साथ हुआ




जिसमें जंगजीत एवं जे. रमेष की जोड़ी ने अपना शानदार प्रदर्षन जारी रखते हुए 21-16, 21-17 से मुकाबला अपने नाम कर क्वार्टर फाईनल में प्रवेष किया। क्वार्टर फाईनल में जंगजीत एवं जे. रमेष की जोड़ी को चाईना की जोड़ी जेड. जोहू एवं पेंग जे ई के खिलाफ वॉकओवर मिला।



सेमीफाईनल मुकाबले में जंगजीत सिंह काजला और जे. रमेष की जोड़ी को चाईनीज ताईपाई (ताईवान) की जोड़ी आई. चेंग एवं वाई वेंग की जोड़ी से संघर्षपूर्ण मुकाबले में 21-17, 21-18, 21-16 से हार का सामना करना पड़ा।

वहीं अंडर-15 लड़कियों के एकल में राजस्थान की अन्वी राठौड़ ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए क्वार्टर फाईनल में चाईना की वाई. वाईआई से 21-17, 21-23, 19-21 में हार का सामने करते हुए शानदार खेल का प्रदर्षन किया। इस मौके पर राजस्थान बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष एवं केन्द्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने दोनों खिलाड़ीयों को बधाई दी।

## कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने एशियन गोल्ड विजेता खिलाड़ियों को दिया आशीर्वाद और सफलता का मंत्र



जयपुर, 27 अक्टूबर। बहरीन में आयोजित 3 यूथ एशियन गेम्स में भारत की कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इस स्वर्णिम उपलब्धि में राजस्थान के पाँच खिलाड़ियों ने अहम भूमिका निभाई, जिन्होंने अपनी मेहनत, लगन और खेल भावना से देश का गौरव बढ़ाया।राजस्थान के इन युवा चैंपियनों को राज्य के खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ (से.नि.) ने विशेष रूप से आमंत्रित कर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि आप सभी ने अपने समर्पण और संघर्ष से न केवल राजस्थान बल्कि पूरे भारत का मान बढ़ाया है। खेल के प्रति आपका यह जज़्बा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। बता दें कि भारत की गोल्ड मेडल विजेता टीम में राजस्थान के पाँच प्रतिभाशाली सचिन चौधरी (बालक वर्ग, सिरसी रोड जयपुर निवासी), कृष्णा (चूरू निवासी), लक्षिता गुर्जर (जयपुर निवासी), निकिता देवनंदा (राजावास चौमू निवासी) और अक्षिता देवनंदा (राजावास चौमू, जयपुर निवासी) थे। इन खिलाड़ियों ने मैदान पर अपने अद्भुत प्रदर्शन से भारत को स्वर्ण पदक दिलाया और राज्य का नाम पूरे एशिया में रोशन किया।

**कर्नल राठौड़ ने खिलाड़ियों से की आत्मीय बातचीत** - खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने खिलाड़ियों से करीब 30 मिनट तक आत्मीय संवाद किया।उन्होंने उनके खेल जीवन, संघर्षों और मेहनत की यात्रा को विस्तार से जाना। मंत्री ने खिलाड़ियों को आगे भी निरंतर अभ्यास और अनुशासन बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि भारत को नई ऊँचाइयों पर ले जाने का बीड़ा अब आप जैसे युवा खिलाड़ियों के कंधों पर है।

## राजस्थान वुशू टीम श्रीनगर के लिए रवाना हुई

जयपुर, 27 अक्टूबर। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वावधान में 28 अक्टूबर से 1 नवंबर 2025 तक श्रीनगर, जम्मू कश्मीर में आयोजित होने वाली 69वी स्कूल नेशनल अंडर-17 (बालक/बालिका) वुशू प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान वुशू टीम श्रीनगर के लिए रवाना हुई। हीरानंद कटारिया अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ ने बताया कि दल प्रभारी कमलेश कुमार व कोच ललित कुमार के नेतृत्व में टीम भाग लेंगी। अध्यक्ष के अनुसार प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम इस प्रकार है:- **बालिका वर्ग** :- 45 किलोग्राम भारवर्ग में गायत्री पुनिया, 48 किलोग्राम भारवर्ग में किस्मत, 52 किलोग्राम भारवर्ग में इशिता चौधरी, 56 किलोग्राम भारवर्ग में नोजल, 60 किलोग्राम भारवर्ग में हिमानी, 65 किलोग्राम भारवर्ग अलमास, 70 किलोग्राम भार वर्ग रिया मिश्रा। टीम कोच बिंदु बाला टीम मैनेजर शबाना। **बालक वर्ग** :- 45 किलोग्राम भारवर्ग में खुशदीप, 48 किलोग्राम भारवर्ग में लक्षित, 52 किलोग्राम भारवर्ग में देवांश, 56 किलोग्राम भारवर्ग में मनीष, 60 किलोग्राम भारवर्ग में आदित्य सिंह राजपुरोहित, 65 किलोग्राम भारवर्ग में रेवत राम, 70 किलोग्राम भारवर्ग में मानवेंद्र सिंह, 75 किलोग्राम भारवर्ग में अंशुमन, 80 किलोग्राम भारवर्ग में प्रिंस शर्मा, टीम कोच ललित कुमार, टीम मैनेजर राम अवतार को बनाया गया है।

# राजस्थान राज्य सीनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता आज से

### कुल 74 टीमें लेगी भाग, पुरुष वर्ग में 104 एवं महिला वर्ग में 62 मैच खेले जायेंगे

जयपुर, 27 अक्टूबर। राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के तत्वावधान में कृपा बाबा हैंडबॉल अकादमी-श्री महावीर द्वारा 48वी राजस्थान राज्य सीनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता (पुरुष व महिला)-2025-26 का आयोजन 28 से 31 अक्टूबर तक श्रीमहावीर जी (करौली) में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में 74 टीमे भाग ले रही है, जिसमें पुरुष वर्ग में 42 एवं महिला वर्ग में 32 टीमे है। इसमें 30 ज़िले, 11 अकादमिया एवं 1 डिपार्टमेंट राजस्थान पुलिस की टीमें भाग ले रही है।

राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता लीग कम नॉक आउट कम सुपर लीग के आधार पर खेली जायेगी। प्रतियोगिता के लिये चार ग्राउंड तैयार किये गये है। जिसमें एक फ्लड लाइट ग्राउंड है। जिन पर पुरुष वर्ग में 104 एवं महिला वर्ग में 62 मैच खेले जायेंगे। प्रतियोगिता के दौरान ही आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के राज्य पुरुष एवं महिला टीमों के लिए 30-30 संभावितों का भी चयन राज्य हैंडबॉल संघ द्वारा गठित चयन समिति द्वारा किया जायेगा। राज्य हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष ललित कुमार कलाल ने बताया कि प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ पुरुष एवं महिला खिलाड़ी को स्व. हनुमान सिंह स्मृति में राज्य हैंडबॉल संघ द्वारा नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा।

**पुरुष एवं महिला वर्ग की टीमों को 8-8 पूल में बाँटा गया है**

**पुरुष वर्गः- पूल एः-** श्रीगंगानगर, सिरोही, आर पी भादू अकेडमी सूरतगढ़, उदयपुर एवं बाड़मेर। **पूल बीः-** राजस्थान पुलिस, ज्ञान ज्योति हैंडबॉल अकादमी, बीकानेर, बाँसवाड़ा एवं झुंझुनू। पूल सीः- अजमेर, जय भवानी हैंडबॉल अकादमी श्रीगंगानगर, महाराणा प्रताप हैंडबॉल अकादमी चितौड़गढ़, भोम सिंह हैंडबॉल अकादमी एवं सवाईमाधोपुर । **पूल डीः-** जयपुर, चुरू, टोंक, नागौर एवं दुलमाना हैंडबॉल अकादमी हनुमानगढ़ । **पूल ईः-** इंस्पिरेशन अकैडमी जोधपुर, अकादमी जैसलमेर, सीकर, करौली एवं जालोर। **पूल एफः-** बारां, डूंगरपुर, कृपा बाबा हैंडबॉल अकादमी करौली, माही हैंडबॉल अकादमी एवं कोटा। **पूल जीः-** बूँदी, चितौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, जोधपुर एवं जैसलमेर। **पूल एच** :- अलवर, हनुमानगढ़, जयपुर हैंडबॉल अकादमी, धौलपुर, दौसा एवं भरतपुर।

**महिला वर्गः-पूल एः-** जयपुर, जोधपुर, माही हैंडबॉल अकादमी एवं डूंगरपुर। **पूल बीः-** राजस्थान पुलिस, जैसलमेर, ज्ञान ज्योति हैंडबॉल अकादमी, बारां एवं भोम सिंह हैंडबॉल अकादमी। **पूल सीः-** श्रीगंगानगर, टोंक, बाँसवाड़ा एवं जालोर। **पूल डीः-** इंस्पिरेशन अकैडमी जोधपुर, चुरू, बीकानेर एवं सिरोही । **पूल ईः-** जय भवानी हैंडबॉल अकादमी श्रीगंगानगर, महाराणा प्रताप हैंडबॉल अकादमी चितौड़गढ़ करौली एवं भीलवाड़ा। **पूल एफः-** हनुमानगढ़, अलवर, उदयपुर एवं कोटा । **पूल जीः-** अकादमी जयपुर, सवाई माधोपुर, अजमेर एवं नागौर। **पूल एच** :- कृपा बाबा हैंडबॉल अकादमी करौली, झुंझुनू एवं बाड़मेर।

# भारत के अगले सीजेआई होंगे, जस्टिस सूर्यकांत

## सीजेआई गवई ने जस्टिस सूर्यकांत से मुलाकात कर अपना रिकमंडेशन लैटर सौंपा

- जस्टिस गवई जो 24 नवम्बर को रिटायर हो रहे हैं, से केन्द्र सरकार ने अपने उत्तराधिकारी के नाम की अनुशंसा करने को कहा था।
- मूलतः हरियाणा के जस्टिस सूर्यकांत कई महत्वपूर्ण फैसलों का हिस्सा रहे हैं, जैसे धारा 370 हटाना, इलैक्टोरल बॉन्ड योजना को असंवैधानिक ठहराना, स्पायवेयर पैगसस केस और राजद्रोह कानून को रद्द करना आदि।

-जाल खंबाता -
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर। भारत के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई, जो 24 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं, ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठतम न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत को भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश के पद पर अपने उत्तराधिकारी के रूप में सिफारिश की।

सरकार ने पिछले सप्ताह मुख्य न्यायाधीश गवई को एक पत्र लिखकर उनके उत्तराधिकारी के रूप में किसी नाम की सिफारिश करने को कहा था। हालांकि, मुख्य न्यायाधीश गवई इस समय भूटान दौरे पर थे। गवई ने अपने वापसी के तुरंत बाद सोमवार (27 अक्टूबर, 2025 को सिफारिश) को सिफारिश पत्र के साथ न्यायमूर्ति सूर्यकांत से मुलाकात की, यह दिन दिवाली की छुट्टियों के बाद सुप्रीम कोर्ट का पहला कार्य दिवस था।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत सुप्रीम कोर्ट के कई महत्वपूर्ण फैसलो का हिस्सा रहे है, जिनमें संविधान के अनुच्छेद 370 का निरस्त करना, जिसने जम्मू और कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा दिया था, शामिल है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत उस बैंच का भी हिस्सा थे, जिसने चुनावी बॉन्ड योजना को असंवैधानिक ठहराया था। वह पेगासस स्पाइवेयर मामले और देशद्रोह कानून के निलंबन वाली बैंच का भी हिस्सा थे।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत का जन्म 10 फरवरी 1962 को हरियाणा के हिसार में हुआ था। अपने गृह नगर से स्नातक की डिग्री प्राप्त करने के बाद, न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने 1984 में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक से कानून में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने अपनी कानूनी प्रैक्टिस की शुरुआत हिसार जिला अदालत से की और 1985 में पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में वकालत शुरु करने के लिए चंडीगढ़ चले गए।

वह 7 जुलाई, 2000 को हरियाणा के सबसे कम उम्र के महाधिवक्ता बने और मार्च 2001 में वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किए गए। 9 जनवरी, 2004 को उन्हें पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय का न्यायाधीश बनाया गया। अक्टूबर 2018 में उन्हें हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया।

उन्हें 24 मई, 2019 को सुप्रीम कोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। उनका कार्यकाल 9 फरवरी, 2027 तक रहेगा।

# सितम्बर मे 1.51 करोड़ उपभोक्ताओं ने किया मोबाइल नंबर बदलने का आवेदन

नयी दिल्ली, 27 अक्टूबर। मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी (एमएनपी) के लिए सितंबर महीने में 1.51 करोड़ उपभोक्ताओं ने आवेदन किया।

संचार मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि कुल 1.51 करोड़ उपभोक्ताओं में से जोन-1 (उत्तर एवं पश्चिम भारत) के 84.5 लाख और जोन-2 (दक्षिण एवं पूर्वी भारत) के 66.8 लाख उपभोक्ता शामिल हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश सर्किल से सबसे अधिक 20.8 लाख उपभोक्ताओं ने एमएनपी के लिए आवेदन किया। दूसरे स्थान पर 14.5 लाख के साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश सर्किल का स्थान रहा। सितंबर में ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या अगस्त की तुलना में 0.61 प्रतिशत बढ़ कर 99.56 लाख पर पहुंच गयी। इसमें 93.89 लाख मोबाइल ब्रॉडबैंड सबस्क्राइबर थे। सबसे अधिक 50.55 लाख ब्रॉडबैंड सबस्क्राइबर रिलायंस जियो के थे। भारती एयरटेल 31.04 लाख के साथ दूसरे और वोडाफोन आइडिया 12.78 लाख के साथ तीसरे स्थान पर रहा। मंत्रालय के अनुसार, सितंबर में रिलायंस जियो के मोबाइल सबस्क्राइबर 0.68 प्रतिशत, बीएसएनएल के 0.57 प्रतिशत और भारती एयरटेल के 0.11 प्रतिशत बढ़े। वोडाफोन आइडिया के सबस्क्राइबरों की संख्या 0.37 प्रतिशत घट गयी।

# दूसरे चरण की एसआईआर कवायद आज से शुरु

## 12 राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों की नई मतदाता सूचियां बनेंगी

- मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने आज प्रैस कॉन्फ्रैंस में एसआईआर प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी और कहा अगर किसी मतदाता को दो जगह नाम होने पर दो फॉर्म मिल जाते हैं तो बेहतर होगा वह एक ही फॉर्म जमा करवाएं, वरना उसके कृत्य का अपराध माना जाएगा।
- दूसरे चरण में राजस्थान में भी एसआईआर प्रक्रिया शुरु होगी। इसके अलावा मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, केरल, प.बंगाल, तमिलनाडु, गोवा के साथ 4 केन्द्र शासित प्रदेशों में भी एसआईआर प्रक्रिया शुरु होगी।

नयी दिल्ली, 27 अक्टूबर। चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी समेत 12 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विषेश गहन पनरीक्षण अर्थात स्पेशल इन्टेंसिव रिविज़न (एसआईआर) का काम मंगलवार से शुरू करने की घोषणा की है जो सात फरवरी तक संपन्न कर लिया जायेगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को यहां एक विशेष संवाददाता सम्मेलन में एसआईआर के दूसरे चरण के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए विश्वास जताया कि इस संवैधानिक कार्य में आयोग को सभी राज्यों का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। ज्ञानेश कुमार के साथ चुनाव आयुक्त डॉ सुखबीर सिंह संधू और डॉ विवेक जोशी उपस्थित थे।

उन्होंने कहा कि जिन राज्यों में दूसरे चरण में एसआईआर कराया जाना है, उनमें अंडमान-निकोबार, चंडीगढ़ , गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्यप्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। इन राज्यों की मतदाता सूचियों में आज आधी रात के बाद तब तक कोई बदलाव नहीं किया जायेगा जब तक कि एसआईआर का काम संपन्न नहीं हो जाता। इसके साथ ही इस कार्य से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों के तबादले आयोग की अनुमति से ही किये जा सकेंगे।

आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार एसआईआर के दूसरे चरण में तीन नवंबर तक फार्मों की छपाई और कर्मचारियों का प्रशिक्षण होगा, चार नवंबर से चार दिसंबर तक बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ), प्रशासन के वॉलंटियर और राजनीतिक दलों के एजेंटों के माध्यम से घर-घर जाकर छपे हुए निर्वाचक गणना फार्मों का वितरण और उन्हें वापस एकत्रकर मतदाता पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) के पास जमा करवाने की प्रक्रिया चलेगी।

कार्यक्रम के अनुसार गणना फार्मों की प्राप्ति के आधार पर संबंधित राज्यों और केन्द्र शासित क्षेत्रों की नयी मतदाता सूची का मसौदा नौ दिसंबर को प्रकाशित कर दिया जायेगा और उसी दिन से आठ जनवरी 2026 तक उन पर दावे और आपत्तियां प्राप्त की जायेंगी। नौ से 31 जनवरी तक नोटिस और सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की जायेगी और पक्की मतदाता सूची सात फरवरी को जारी कर दी जायेगी।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने एसआईआर के पहले चरण में पूरे उत्साह से भाग लेने के लिए बिहार के साढ़े सात करोड़ मतदाताओं की पूर्ण भागीदारी को लेकर उनके प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि बिहार की पक्की सूची पर दावे और आपत्तियां शून्य के बराबर हैं, जो दर्शाती हैं कि राज्य की मतदाता सूची अधिकतम रूप से शुद्ध है। उन्होंने इन राज्यों के मतदाताओं को कानून के अनुसार केवल एक ही मतदाता गणना फॉर्म जमा कराने की सलाह दी।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि बिहार की ही तरह एसआईआर के दूसरे चरण में भी 2002 से लेकर 2004 के बीच में करायी गयी पिछली एसआईआर के बाद तैयार सूचियों को मिलान का आधार बनाया जायेगा। इन राज्यों और क्षेत्रों की वर्तमान सूचियों के मिलान का कार्य इनके मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ) ने कर लिया है।

बिहार में एसआईआर के राजनीतिक विरोध के बारे में एक सवाल पर मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि वह ऐसा नहीं मानते कि वहां राजनीतिक दलों का विरोध था। राज्य में 12 राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय दलों के 1.06 लाख बूथ स्तरीय एजेंटों ने बूथ स्तरीय अधिकारियों के साथ बढ़ -चढ़ कर सहयोग किया। सभी जिला अध्यक्षों ने भी इस कार्य में पूरा सहयोग दिया और चुनाव से पहले आयोग के दौरे में इन दलों ने नेताओं ने एसआईआर की सराहना की।

## 'अगर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

चुनाव प्रचार के लिए उतारा है, इस उम्मीद में कि उन्हें बड़ी सफलता मिलेगी। लेकिन मोदी की सत्ता के चरम पर भाजपा अपने किसी खास को मुख्यमंत्री नहीं बना पाई है।

लेकिन पार्टी उम्मीद में जी रही है!!!

# रूस ने दुनिया की पहली न्यूक्लियर पावर्ड मिसाइल का सफल टैस्ट किया

- पुतिन ने कहा, इसकी अनलिमिटेड रेंज है, इसे कोई डिफेंस सिस्टम नहीं रोक सकता।

मॉस्को, 27 अक्टूबर। रूस ने दुनिया की पहली न्यूक्लियर पावर्ड, यानी परमाणु ऊर्जा से चलने वाली क्रूज मिसाइल बुरेवस्तनिक-9एम739 का सफल परीक्षण किया है। रूस ने दावा किया है कि यह मिसाइल अनलिमिटेड रेंज वाली है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि इसके सभी टेस्ट पूरे हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी मिसाइल दुनिया के किसी भी देश के पास नहीं है। पहले कई एक्सपर्ट यकीन नहीं करते थे कि ऐसा हथियार भी बन सकता है, लेकिन यह हकीकत बन चुका है।

रूसी सेना के प्रमुख वैलेरी गेरेसिमोव ने बताया कि मिसाइल का सफल टेस्ट 21 अक्टूबर को किया गया। इस टेस्ट में बुरेवस्तनिक ने करीब 15 घंटे तक उड़ान भरी। इस दौरान मिसाइल ने 14 हजार किलोमीटर की दूरी तय की। गेरेसिमोव ने यह भी बताया कि यह मिसाइल की अधिकतम रेंज नहीं है, यह इससे अधिक दूरी भी तय कर सकती है।

रूस ने ब्यूरेवस्तनिक को एक नाभिकीय-प्रेरित क्रूज़ मिसाइल के रूप में पेश किया है यानी इसमें एक छोटा परमाणु रिएक्टर भी रहेगा जो मिसाइल को अनवरत ऊर्जा देगा। जिससे उसकी रेंज सैद्धान्तिक तौर पर लगभग अनंत हो सकती है। अगर यह पूरी तरह से सच हुआ तो वाकई रूस दुनिया का पहला देश होगा, जिसके पास इतनी ताकतवर नाभिकीय-प्रेरित मिसाइल होगी।

# आसियान सम्मेलन में रूबियो के अलावा कई नेताओं से भी मिले जयशंकर

- इनमें न्यूज़ीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, मलेशिया, वियतनाम आदि देशों के राष्ट्र प्रमुख शामिल थे

नयी दिल्ली, 27 अक्टूबर। भारत-आसियान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए कुआलालंपुर गए विदेश मंत्री डा.एस जयशंकर ने सोमवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्क रूबियो और कई अन्य देशों के नेताओं के साथ मुलाकात की और द्विपक्षीय, क्षेत्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर चर्चा की। डा. जयशंकर ने इन नेताओं के साथ शिखर सम्मेलन से इतर मुलाकात की।

रूबियो से मिलने के बाद उन्होंने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उनके बीच द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर बात हुई। उन्होंने कहा ,"आज सुबह कुआलालंपुर में मार्क रूबियो से मिलकर खुशी हुई। हमारे द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर हुई चर्चा की।"

विदेश मंत्री ने कहा कि उन्होंने न्यूज़ीलैंड के प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने और एक स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को विकसित करने के बारे में बात की। उन्होंने मलेशिया के विदेश मंत्री मोहम्मद हाजी हसन से भी मुलाकात की। द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति पर चर्चा के साथ-साथ म्यांमार की स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

डा. जयशंकर आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ से भी मिले। उन्होंने जापान के विदेश मंत्री मोटेगी तोशिमित्सु से मिलकर

द्विपक्षीय संबंधों पर व्यापक चर्चा की। दोनों के बीच सहयोग के अगले दशक के लिए संयुक्त दृष्टिकोण को लागू करने के बारे में मिलकर काम करने पर सहमति हुई। उन्होंने वैश्विक स्थिति और हिंद-प्रशांत सहयोग पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

डा. जयशंकर ने वियतनाम के विदेश मंत्री ले होई ट्रुंग के साथ भी बैठक की। उन्होंने कहा कि इस दौरान रणनीतिक साझेदारी और द्विपक्षीय आर्थिक संबंध को और गहरा करने पर चर्चा हुई।

## स्वदेशी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

क्षमता के साथ डिज़ाइन किया गया है, जो मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) प्लेटफ़ॉर्म के रूप में और आपात स्थिति में अस्पताल जहाज के रूप में कार्य करने में सक्षम है।

इक्षक महिलाओं के लिए विशेष रूप से बनाये गये आवास की सुविधा वाला पहला एसवीएल जहाज भी है जो भविष्य के लिए तैयार बेड़े के प्रति भारतीय नौसेना के समावेशी और प्रगतिशील दृष्टिकोण को दर्शाता है।

## राम मंदिर...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उन्होंने मंदिर निर्माण की प्रगति की जानकारी देश-दुनिया के भक्तों से सोशल मीडिया के जरिये साझा की। उन्होंने बताया कि 161 फीट ऊंचे राम मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। मंदिर का दूसरा तल पूरी तरह से बनकर तैयार है।

अब केवल फिनिशिंग का काम चल रहा है। अगले एक पखवाड़े के भीतर यह काम भी पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया है कि सप्त मंडप के सात मंदिरों (महर्षि वाल्मीकि, वशिष्ठ, विश्वामित्र, अगस्त्य, निषाद राज, शबरी, ऋषि पत्नी अहिल्या) का निर्माण भी पूरा हो गया है। संत तुलसीदास का मंदिर भी पूरा हो गया है। गिद्ध राज जटायु और गिलहरी की मूर्ति भी परिसर में स्थापित हो गई है। ट्रस्ट महासचिव के अनुसार, दर्शनार्थियों की सुविधा और व्यवस्था से सीधे जुड़े सभी कार्य पूरे कर लिए गए हैं।

बताया कि, ध्वजारोहण समारोह के बाद परिसर के सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं को दर्शन मिलने लगेंगे।

# स्ट्रीट डॉग्स के केस में सुप्रीम कोर्ट ने कई राज्यों को फटकार लगाई

## सुप्रीम कोर्ट ने प.बंगाल व तेलंगाना को छोड़कर सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को तलब किया

- इन सभी राज्यों को स्ट्रीट डॉग्स पर 22 अगस्त तक अनुपालना रिपोर्ट देनी थी।

नई दिल्ली, 27 अक्टूबर। आवारा कुत्तों के मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने आज पश्चिम बंगाल और तेलंगाना को छोड़कर सभी राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को हलफनामा दाखिल न करने पर तलब किया।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सिर्फ पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और दिल्ली नगर निगम ने ही कंप्लायंस एफिडेविट फाइल किया है। अदालत ने पश्चिम बंगाल और तेलंगाना के अलावा, बाकी राज्यों और केन्द्र शासित राज्यों के चीफ सेक्रेटरी को 3 नवंबर को पेश होने का निर्देश दिया।(22 अगस्त को, कोर्ट ने राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों को कम्प्लायंस एफिडेविट फाइल करने का निर्देश दिया था। आज, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने नोट किया कि केवल पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और दिल्ली नगर निगम ने ही कम्प्लायंस एफिडेविट फाइल किया है।

मामले पर नाराजगी जाहिर करते हुए जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा कि कोर्ट ने सभी राज्यों और केन्द्र शासित राज्यों को नोटिस जारी किया था और आदेश की बड़े पैमानें पर रिपोर्टिंग भी हुई थी। जस्टिस नाथ ने कहा, "लगातार घटनाएं हो रही हैं और देश की इमेज दूसरे देशों की नजर में खराब हो रही है। हम न्यूज रिपोर्ट भी पढ़ रहे हैं।"(जस्टिस नाथ ने खास तौर पर एडिशनल सॉलिसिटर जनरल अर्चना पाठक दवे से यह भी पूछा कि दिल्ली सरकार ने एफिडेविट क्यों फाइल नहीं किया है।

जस्टिस नाथ ने कहा, " एनसीटी ने एफिडेविट फाइल क्यों नहीं किया? चीफ सेक्रेटरी को एक्सप्लेनेशन देना होगा...नहीं तो, कॉस्ट लगाई जा सकती है और सख्त कदम उठाए जाएंगे...सभी राज्यों/ यूटीएस को नोटिस जारी किए गए थे...आपके ऑफिसर अखबार या सोशल मीडिया नहीं पढ़ते? सभी ने इसकी रिपोर्ट की है...जब उन्हें पता चलेगा, तो उन्हें आगे आना चाहिए! सभी चीफ सेक्रेटरी 3 नवंबर को मौजूद रहें, नहीं तो हम कोर्ट ऑडिटोरियम में करेंगे।"

## अमेरिका के विदेश ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

मॉस्को के साथ अपने संबंधों को लेकर नई दिल्ली पर दबाव बनाने में कोई संकोच नहीं किया है। रूस पर लगाए गए पश्चिमी प्रतिबंधों में शामिल होने से भारत का इनकार वाशिंगटन को लगातार परेशान कर रहा है। इसलिए, रुबियो की यह नरम पहल यह स्वीकारोक्ति भी है कि दबाव की एक सीमा होती है, और अनुनय-विनय तब ज़्यादा कारगर होती, जब भारत को अमेरिकी रणनीतिक दायरे में बनाए रखना लक्ष्य हो।

नई दिल्ली के दृष्टिकोण से, इस बैठक ने दोहरा उद्देश्य भी पूरा किया। इसने वाशिंगटन को याद दिलाया कि भारत के साथ साझेदारी स्वतः नहीं होती, इसे भारत की आर्थिक प्राथमिकताओं और रणनीतिक स्वायत्तता के सम्मान के माध्यम से अर्जित किया जाना चाहिए। जयशंकर के संयमित स्वर, जिसमें उन्होंने "पारस्परिक हितों और पारस्परिक संवेदनशीलता" पर ज़ोर दिया, ने शांत दृढ़ता का संकेत दिया। भारत, अमेरिकी जुड़ाव का स्वागत करता है, लेकिन किसी के दबाव या निर्देश में नहीं चलेगा भारत। अंततः, रुबियो की यह पहल तात्कालिक परिणामों से ज्यादा प्रतीकात्मक विश्वास बहाली की कोशिश थी, यह दिखाने के लिए कि ट्रंप की अनिश्चित नीतियों के बावजूद, अमेरिकी व्यवस्था के कुछ हिस्से अभी भी भारत को अमेरिका के दीर्घकालिक हितों के केन्द्र में देखते हैं। यह संदेश भारतीय जनता का भरोसा दोबारा जीत पाएगा या नहीं, यह तो समय बताएगा, लेकिन फिलहाल इस कूटनीति ने दोनों देशों के रिश्तों में कुछ राहत और शायद थोड़ी और उम्मीद पैदा की है।

# पुणे में पकड़ा गया संदिग्ध आतंकी

- तलाशी के दौरान एटीएस को आपत्तिजनक साहित्य, इलैक्ट्रोनिक उपकरण एवं दस्तावेज मिले।

पुणे, 27 अक्टूबर। महाराष्ट्र के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने सोमवार को पुणे में कई जगहों पर छापेमारी की। इस कार्रवाई में एटीएस ने 28 वर्षीय जुबेर हंगरगीकर को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई कोंढ वा इलाके में की गई। यह कार्रवाई आतंकवादी गतिविधियों में मदद करने के संदिग्ध व्यक्तियों के खिलाफ की गई है। हंगरगीकर को 4 नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। एटीएस ने 9 अक्टूबर को पुणे में आतंकवाद से जुड़े एक मामले में कई ठिकानों पर छापेमारी की थी।

इस तलाशी अभियान में कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, दस्तावेज़ और साहित्य ज़ब्त किए गए थे। जांच के दौरान सामने आई आपत्तिजनक सामग्री के आधार पर, 2008 में संशोधित गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। एफआईआर दर्ज होने के बाद, एटीएस ने जुबेर हंगरगीकर को गिरफ्तार कर लिया। मामले की आगे की जाँच महाराष्ट्र एटीएस द्वारा की जा रही है।

इससे पहले, पुलिस ने दिल्ली में आईएसआईएस से प्रेरित एक मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए दो आतंकवादियों को गिरफ्तार किया था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने छापेमारी के दौरान दोनों संदिग्धों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आतंकवादियों में से एक दिल्ली का रहने वाला है, जबकि दूसरा मध्य प्रदेश का बताया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार, दोनों आतंकवादी आईईडी विस्फोट की योजना बना रहे थे और अपनी योजना के अंतिम चरण में थे। जाँच में यह भी पता चला है कि ये आतंकवादी आत्मघाती हमलों का प्रशिक्षण ले रहे थे। गिरफ्तार किए गए दोनों संदिग्ध आईएसआईएस मॉड्यूल का हिस्सा हैं और विस्फोट के लिए पूरी तरह तैयार थे।

## सीजेआई गवई पर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कि सीजेआई ने उदारता दिखाते हुए राकेश किशोर को माफ कर दिया है, इसलिए इस मामले को समाप्त माना जाएगा। हालांकि, अदालत ने ऐसे कृत्यों के महिमामंडन और भविष्य में रोक लगाने के लिए दिशानिर्देश जारी करने पर विचार जारी रखने का संकेत दिया।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें किशोर के खिलाफ आपराधिक अवमानना और सोशल मीडिया पर महिमामंडन रोकने के लिए आदेश की मांग की गथी। एससीबीए के अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि शुरुआत में मामला समाप्त हो गया था, जब सीजेआई ने किशोर को माफ कर दिया था, लेकिन राकेश किशोर ने मीडिया से कहा कि भगवान ने मुझसे ऐसा करवाया और इस पर सोशल मीडिया पर मीम्स बन रहे हैं, जिससे न्यायपालिका का मजाक बन रहा है।

विकास सिंह ने बताया कि राकेश किशोर ने मीडिया को इंटरव्यू देते हुए अपने कृत्य को दोहराने की कसम भी खाई। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने स्वीकार किया कि राकेश किशोर का व्यवहार गंभीर आपराधिक अवमानना जैसा है, लेकिन जब सीजेआई ने माफ कर दिया, तो यह मामला आगे नहीं बढ़ सकता। जस्टिस बागची ने स्पष्ट किया कि न्यायालय की अवमानना के मामलों में अवमानना कार्रवाई का निर्णय संबंधित जज पर निर्भर होता है।

## आखिर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

तक कि जेडीयू नेता और वर्तमान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जो कथित तौर पर बीमार हैं, भी दर्जनों सभाओं को संबोधित कर चुके हैं, जैसे कि आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने किया है। जेएसपी नेता प्रशांत किशोर भी लगातार प्रचार दौरे पर हैं। इस बीच, राहुल गांधी को पुरानी दिल्ली की गलियों में 'इनमार्टिस (हस्तशिल्प) तैयार करते हुए देखा गया है।

कांग्रेस ने 2024 लोकसभा चुनावों में बिहार की तीन सीटों पर जीत हासिल की थी, जिनमें से दो सीटें सीमांचल क्षेत्र में है, जो पश्चिम बंगाल सीमा के पास स्थित हैं, और जहां मतदान दूसरे चरण में 11 नवम्बर को होना है। 2020 विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने 70 सीटों पर चुनाव लड़ा था तथा 19 सीटों पर जीत दर्ज की थी। अगर कांग्रेस इन आंकड़ों में सुधार करना चाहती है, तो चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंकनी होगी। समय की कमी को देखते हुए, यह देखना होगा कि राहुल गांधी वह ऊर्जा और जादू दोबारा उत्पन्न कर पाते हैं कि नहीं, जो उन्होंने वोट अधिकार यात्रा के दौरान पैदा किया था।

# बांग्लादेश के प्रमुख यूनुस ने पूर्वोत्तर भारत को बांग्लादेश का हिस्सा बताया

## मोहम्मद यूनुस ने पाक जनरल को एक किताब दी है जिसमें बांग्लादेश के नक्शों में भारत का पूर्वोत्तर भाग भी है

- यूनुस ने पाक जनरल साहिर शमशाद मिर्ज़ा को "आर्टऑफ ट्रायम्फ" भेंट की, जिसके कवर पर प्रदर्शित नक्शें में असम से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक सातों राज्य बांग्लादेश के हिस्से के रुप में प्रदर्शित किए गए हैं।

ढाका, 27 अक्टूबर। बांग्लादेश के अंतरिम नेता मुहम्मद यूनुस द्वारा एक पाकिस्तानी जनरल को दिए उपहार ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। मोहम्मद यूनुस ने पाकिस्तानी जनरल साहिर शमशाद मिर्जा को एक विवादास्पद किताब "आर्ट ऑफ ट्रायम्फ" भेंट की, इस किताब के कवर पर छपे नक्शे में भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को बांग्लादेश का हिस्सा दिखाया गया है। यूनुस के इस कदम को भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के मुद्दे पर कूटनीतिक हलचल उत्पन्न करने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है।

बांग्लादेश यात्रा पर पहुंचे पाकिस्तान के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष जनरल साहिर शमशाद मिर्जा को आर्ट ऑफ ट्रायम्फ भेंट की थी। जिसकी कवर पर दिखाए गए नक्शे में भारत के सातों पूर्वोत्तर राज्य असम से लेकर अरुणाचल तक को बांग्लादेश का हिस्सा दर्शाया गया है। बांग्लादेश सरकार के अंतरिम प्रमुख की इस हरकत की जमकर आलोचना भी की जा रही है।

इस पूरे मामले पर भारत सरकार की तरफ से फिलहाल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। आर्ट ऑफ ट्रायम्फ जुलाई-अगस्त 2024 के छात्र आंदोलन के दौरान दीवारों पर बनाई गई ग्रैफिटी और अन्य चित्रों से भरी है।

जनरल साहिर शमशाद मिर्जा ने इस सप्ताहांत बांग्लादेश का दौरा ऐसे समय पर किया, जब दोनों देशों के बीच रिश्तों में करीबी बढ़ रही है। शमशाद मिर्जा पाकिस्तानी सेना में नंबर दो की हैसियत रखते हैं। जानकारी के मुताबिक, यूनुस पहले भी इस किताब को कुछ अन्य विदेशी हस्तियों को भेंट कर चुके हैं।

यह पहली बार नहीं है, जब यूनुस की ओर से इस तरह की हरकत की गई है। पिछले कुछ महीनों में वह विदेशों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान, पूर्वोत्तर राज्यों का कई बार जिक्र कर चुके हैं। अप्रैल में अपनी पहली चीन यात्रा के दौरान यूनुस ने यह दावा करके नई दिल्ली को नाराज कर दिया था कि बांग्लादेश इस क्षेत्र के लिए समुद्र का एकमात्र संरक्षक है, क्योंकि पूर्वोत्तर भारत भूमि से घिरा है। इसके जरिये उन्होंने चीन को इस क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाने और अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## भारत ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कई अन्य मुद्दों पर भी मतभेद बने रहे।

भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के सकारात्मक घटनाक्रमों की जानकारी मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंत नागेश्वरन ने कलकत्ता में भारत चेंबर ऑफ कॉमर्स ने आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए दी। उन्होंने कहा कि सभी अड़चनें दूर हो गई हैं लेकिन समझौते में रुकावट डालने वाले कुछ नए मुद्दे भी हैं।

इस बीच, अमेरिका और चीन ने भी कथित रूप से अपने व्यापार विवादों को सुलझा लिया है और वे परस्पर व्यापार के लिए एक रूपरेखा समझौते पर पहुँचने के करीब हैं।

ट्रंप ने चीनी निर्यात पर भी शुल्क लगाए थे, लेकिन वे इन्हें लागू करने में बार-बार पीछे हटते रहे और कभी नरम तो कभी सख्त रुख अपनाते रहे। दरअसल वे चीन की संभावित जवाबी कार्रवाई से डर रहे थे।

चीन के पास अमेरिका के खिलाफ लड़ाई में एक बड़ा हथियार था, "दुर्लभ खनिज" का वैश्विक बाज़ार, जिस पर उसका नियंत्रण है। ये खनिज रक्षा वस्तुओं से लेकर इलेक्ट्रॉनिक सामानों तक, हर क्षेत्र में अत्यंत आवश्यक हैं। चीन ने अमेरिका को इन खनिजों की सभी शिपमेंट रोकने की धमकी दी थी, जिसके बाद अमेरिका को पीछे हटना पड़ा।

# 'एसआईआर लागू करने में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए'

- जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्लाह ने कहा कि बिहार के नतीजे आने के बाद ही एसआईआर का दूसरा चरण शुरु होना चाहिए।

श्रीनगर, 27 अक्टूबर। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लागू करने में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए।।

अब्दुल्ला ने विधानसभा सत्र के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि बिहार में एसआईआर के कार्यान्वयन को लेकर पहले ही कुछ शिकायतें आ चुकी हैं। उन्होंने कहा, "हमें यह भी नहीं पता कि एसआईआर उन लोगों के लिए फायदेमंद होगा या नहीं जिन्हें यह मिलेगा। पहले बिहार में चुनाव पूरे हो जाने दीजिए, फिर देखेंगे कि एसआईआर वाकई फायदेमंद है या नहीं।"मुख्यमंत्री ने चुनाव आयोग से आग्रह किया कि वह इस प्रणाली को कहीं और लागू करने से पहले नतीजों का इंतज़ार करे। उन्होंने कहा, "बिहार के नतीजे अभी नहीं आए हैं। चुनाव आयोग को जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए क्योंकि तब ऐसा लगेगा कि आयोग अपनी स्वतंत्रता खो रहा है और किसी राजनीतिक दल के दबाव में काम कर रहा है।"

अब्दुल्ला ने अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद विधानसभा क्षेत्रों के पुनर्निर्धारण का हवाला देते हुए आरोप लगाया, "हमने पहले भी देखा है कि जम्मू-कश्मीर में परिसीमन यहाँ के लोगों के लाभ के लिए नहीं किया गया था। यह एक खास राजनीतिक दल को लाभ पहुँचाने के लिए किया गया था।" उन्होंने कहा कि जिस तरह से सीटों का बंटवारा किया गया।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908